2 | फरीदाबाद
मानसिक रूप से परेशान इंजीनियर ने नहर में लगाई छलांग

6 | अभिमत
अतिवादियों पर लगाम लगाए कनाडा

9 | देश-विदेश
शहरों पर दबाव घटाने को गांवों तक पहुंचें बुनियादी सुविधाएं


11 | फीचर
गंगा में माइक्रोप्लास्टिक के लिए 82 फीसदी कपड़े के रेशे जिम्मेदार

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 230
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 28 सितंबर, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप ट्रॉफी धर्मशाला पहुंची

पेज - 11

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 66,118 | 173.22 |
| निफ्टी | 19.716 | 51.75 |
| सोना | 58.280 | 260 /10 gm |
| चांदी | 70,539 | 1236 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 35.00°C
न्यूनतम 22.00°C

## क्विक न्यूज

### मणिपुर: एक अक्टूबर से अफस्पा कानून छह महीने को बढ़ा



**इम्फाल।** मणिपुर के पहाड़ी इलाकों को फिर से सख्त सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम के तहत रखा गया है, जबकि घाटी के 19 थानों को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया है। एक अधिसूचना में इसकी जानकारी दी गई है। बुधवार को जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, मणिपुर के राज्यपाल ने 19 थाना क्षेत्रों में आने वाले इलाकों को छोड़कर, पूरे मणिपुर राज्य को छह महीने की अवधि के लिए अशांत क्षेत्र घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में इस कानून को एक बार फिर छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है जो एक अक्टूबर 2023 से प्रभावी होगा। जिन थाना क्षेत्रों में यह कानून लागू नहीं किया गया है, उनमें इम्फाल, लांफेल, सिटी, सिंगजामेई, सेकमाई, लैमसांग, पास्टोल, वांगोई, पोरोम्पैट, हेंगांग, लामलाई, इरिबुंग, लीमाखोंग, थौबल, बिष्णुपुर, नंबोल, मोइरंग, काकचिन और जिरबाम शामिल हैं।

### अतिरिक्त न्यायाधीश के सुरक्षाकर्मी ने आत्महत्या की

**शिलांग।** मेघालय उच्च न्यायालय के एक अतिरिक्त न्यायाधीश के एक सशस्त्र सुरक्षाकर्मी ने बुधवार को कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह लगभग साढ़े छह बजे लाबान थाना क्षेत्र में न्यायमूर्ति विश्वदीप भट्टाचार्जी के आवास पर हुई, जहां 46 वर्षीय सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर तैनात थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए शिलांग सिविल अस्पताल ले गई। उन्होंने कहा कि घटना की जांच के आदेश दिए गए हैं। अस्पताल में मौजूद परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्हें संदेह है कि पीड़ित व्यक्ति अवसाद से ग्रस्त था।

# भारत नदी जोड़ो योजना जल संकट को और बढ़ा सकती है : अध्ययन

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बाढ़** और सुखाड़ की समस्या का स्थाई समाधान ढूंढने के लिए भारत की महत्वाकांक्षी नदी जोड़ो योजना से जल संकट और गहरा सकता है एवं मानसून की परिपाटी भी प्रभावित हो सकती है। यह दावा जर्नल नेचर में प्रकाशित एक अनुसंधान पत्र में किया गया है। अनुसंधान के दौरान क्षेत्रीय जलवायु मॉडल और आंकड़ों का पुनर्विश्लेषण सहित कई तकनीकों का उपयोग किया गया, ताकि इन विशाल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं द्वारा उत्पन्न होने वाले जल-मौसम संबंधी परिणामों के जटिल तंत्र पर प्रकाश डाला जा सके। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई, भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) पुणे सहित अनुसंधान में शामिल वैज्ञानिकों ने अध्ययन के दौरान जलवायु परिस्थितियों का आकलन किया, जो अल नीनो-दक्षिणी दोलन जैसी परिस्थितियों को प्रभावित करते हैं।

अनुसंधानकर्ताओं ने पाया कि प्रस्तावित नदी जोड़ो योजना पूर्ण होने के बाद अंतर बेसिन जल



स्थानांतरण स्थल-वायुमंडल अंतरसंबंध को बिगाड़ सकता है एवं इससे वायु और समीर में नमी का स्तर प्रभावित हो सकता है। इससे देश में बारिश की परिपाटी बदल सकती है। अनुसंधानकर्ताओं ने अपने अनुसंधान पत्र में लिखा, अनुसंधान के नतीजे बताते हैं कि भारत की विशाल नदी जोड़ो परियोजनाओं का उल्लेखनीय प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा, प्रस्तावित परियोजना में अति जल वाली नदी बेसिन से कम जल वाली नदी बेसिन में जलाश्य और नहरों द्वारा जल का स्थानांतरण बिना जलीय मौसमी असर के विस्तृत समझ से किया जाएगा। अनुसंधानकर्ताओं ने कहा कि एक सबसे चिंताजनक पहलू अनुसंधान में सामने आया है कि स्थानांतरित पानी से सिंचित क्षेत्र बढ़ने से पहले ही पानी की कमी का सामना कर रहे इलाकों में सितंबर में होने वाली बारिश में करीब 12 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि इससे पूरे देश में जल संकट और बढ़ सकता है। इस अध्ययन टीम में हैदराबाद विश्वविद्यालय और किंग अब्दुल्ला यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिक भी शामिल थे।



### सीबीआई करेगी केजरीवाल के बंगला रिनोवेशन केस की जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले के रेनोवेशन के मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। जांच एजेंसी ने बुधवार (27 सितंबर) को केस दर्ज किया है। 12 मई को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने उनके बंगले और इसके कैम्पस में बने ऑफिस के रेनोवेशन को लेकर उपराज्यपाल विनय सक्सेना को एक रिपोर्ट सौंपी थी। उन्होंने बताया था कि बंगले पर 52.71 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। इसके बाद 18 जून को विजिलेंस डिपार्टमेंट ने पीडब्ल्यूडी के सात अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था, जिसमें उन्हें 15 दिन के अंदर अपना जवाब देना था।

# भारत दुनिया की आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा : प्रधानमंत्री

### वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के 20 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में बोले प्रधानमंत्री

**एजेंसी।** अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनका लक्ष्य भारत को वैश्विक विकास का इंजन बनाना है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि देश जल्द ही दुनिया की आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा। वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के 20 साल पूरे होने के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि उन्होंने 20 साल पहले वाइब्रेंट गुजरात के छोटे-छोटे बीज बोए थे और आज यह एक बड़े पेड़ के रूप में विकसित हो गया है। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि वाइब्रेंट गुजरात ऐसे समय में सफल हुआ जब तत्कालीन केंद्र सरकार (पूर्ववर्ती संप्रग सरकार) राज्य की औद्योगिक प्रगति के प्रति उदासीन थी।

उन्होंने कहा, हमने राज्य को भारत का विकास इंजन बनाने के लिए वाइब्रेंट गुजरात का आयोजन किया। देश ने इस कल्पना को साकार होते देखा। वर्ष 2014 में जब मुझे देश की बागडोर सौंपी गई तो मेरा लक्ष्य भारत को वैश्विक वृद्धि का इंजन बनाना था। इस कार्यक्रम में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष सी आर



पाटिल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि देश ऐसे मोड़ पर खड़ा है कि वह जल्द ही वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक एजेंसियां और विशेषज्ञ भी इस बात के संकेत दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, यह मोदी की गारंटी है कि अब से कुछ वर्षों में, आपकी आंखों के सामने, भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा।

उन्होंने देश के उद्योग जगत से अपील की कि वे उन क्षेत्रों के बारे में सोचें जहां भारत नई संभावनाएं तलाश सकता है या खुद को मजबूत कर सकता है और कैसे वाइब्रेंट गुजरात इस मिशन को गति दे सकता है। मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे एक साधारण शुरुआत से, वाइब्रेंट गुजरात कार्यक्रम एक संस्थान में बदल गया है और बाद में कई राज्यों ने इसका अनुसरण करते हुए निवेश शिखर सम्मेलन आयोजित किए। मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात की सफलता के विभिन्न चरणों का उल्लेख करते हुए कहा, स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि हर काम तीन चरणों से गुजरता है- पहले उसका मजाक उड़ाया जाता है, बाद में उसे विरोध का सामना करना पड़ता है और अंत में उसे स्वीकार किया जाता है, खासकर तब जब विचार समय से पहले का होता है।

आज दुनिया वाइब्रेंट गुजरात की सफलता देख सकती है। उन्होंने कहा, लेकिन जब यह (पहली बार) आयोजित किया गया था, तो तत्कालीन केंद्र सरकार ने गुजरात के विकास के प्रति उदासीनता दिखाई। मैंने हमेशा गुजरात के विकास के माध्यम से भारत के विकास के बारे में बात की है, लेकिन केंद्र में सत्ता में रहने वालों ने गुजरात के विकास को राजनीति से भी जोड़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के तत्कालीन मंत्री शिखर सम्मेलन में शामिल होने से इनकार कर देते थे। मोदी ने कहा, उन्होंने मुझे व्यक्तिगत रूप से बताया कि वे शामिल होंगे, लेकिन बाद में इनकार कर दिया। शायद ऊपर से दबाव के बाद। समर्थन तो दूर, वे बाधाएं पैदा करने में व्यस्त थे। उन्होंने दावा किया कि यहां तक कि विदेशी निवेशकों को भी गुजरात नहीं जाने की धमकी दी गई। प्रधानमंत्री ने कहा, इस तरह की धमकियों के बावजूद विदेशी निवेशकों ने गुजरात का दौरा किया, जबकि यहां कोई विशेष प्रोत्साहन नहीं था। वे यहां इसलिए आए क्योंकि वे सुशासन, निष्पक्ष कार्यप्रणाली, नीति आधारित शासन, समान विकास प्रणाली और दैनिक जीवन में पारदर्शी सरकार का अनुभव कर सकते थे। वर्ष 2003 के पहले वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन को याद करते हुए मोदी ने कहा कि यह राज्य के लोगों की वजह से सफल हुआ जिन पर उन्हें काफी भरोसा था।

उन्होंने कहा कि वह पहली बार जब मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने 2001 के भूकंप, उससे पहले सूखे के वर्ष, सहकारी बैंकों के तबाह होने, 2002 की गोधरा त्रासदी और उसके बाद राज्यव्यापी हिंसा जैसे संकटों का सामना किया। उन्होंने कहा, फिर भी, जिनके पास एजेंडा था, उन्होंने अपने तरीके से घटनाओं का विश्लेषण किया। वे लोग कहते थे कि युवा, उद्योग और व्यवसाय गुजरात छोड़ देंगे और गुजरात को इस तरह से नष्ट कर दिया जाएगा कि यह देश के लिए बोझ बन जाएगा।



# विफलताएं अंतरिक्ष क्षेत्र का स्वाभाविक हिस्सा हैं: सोमनाथ

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बुधवार को कहा कि विफलताएं अंतरिक्ष क्षेत्र का एक बहुत ही स्वाभाविक हिस्सा हैं, लेकिन इसके लिए अंतरिक्ष एजेंसी में किसी भी व्यक्ति को दंडित नहीं किया जाता है, जिससे वैज्ञानिक निर्णय लेने में नए दृष्टिकोण अपनाने के वास्ते प्रोत्साहित होते हैं। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) की 50वीं वर्षगांठ के मौके पर सोमनाथ ने कहा कि यहां तक कि उन्हें भी कई बार असफलताओं का सामना करना पड़ा, लेकिन कभी भी उनके वरिष्ठों ने इसके लिए उनकी आलोचना नहीं की।

उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि विफलताओं के लिए किसी एक व्यक्ति को दंडित न किया जाए क्योंकि कोई भी निर्णय किसी एक व्यक्ति द्वारा नहीं लिया जाता है। ये सभी निर्णय सामूहिक रूप से लिए जाते हैं। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में यह स्पष्ट समझ होती है कि एक व्यक्ति हर चीज को नहीं समझ सकता है और इसलिए सामूहिक निर्णय लिए जाते हैं। उन्होंने कहा, तो, सामूहिक निर्णय का मतलब है कि विफलताओं की जिम्मेदारी भी आपकी है। प्रबंधन की जिम्मेदारी है, और इसके लिए कोई एक व्यक्ति जिम्मेदार नहीं है।

अंतरिक्ष एजेंसी के प्रमुख ने कहा, इसलिए, लोग एक नया दृष्टिकोण अपनाने या निर्णय लेने के लिए साहसी होते हैं। अन्यथा हर कोई जोखिम लेने से बचना चाहेगा। उन्होंने कहा कि इसरो में बहुत स्पष्ट है कि जब काम किया जा रहा हो तो विफलताएं प्रक्रिया का एक स्वाभाविक हिस्सा हैं और दृष्टिकोण हमेशा असफलता के कारणों की पहचान करने और आवश्यक सुधार करने का रहा है।

# पूर्व मंत्री जगदीश कांग्रेस में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी



**प्रदेश** के पूर्व मंत्री जगदीश यादव ने बुधवार को नई दिल्ली में कांग्रेस का दामन थाम लिया। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। इस दौरान सांसद दीपेन्द्र हुड्डा और खासकर दक्षिणी हरियाणा कांग्रेस की सीनियर लीडरशिप मौजूद रही। पार्टी ज्वाइन करने के बाद पूर्व मंत्री जगदीश यादव ने कहा कि आज से अहीरवाल में भारतीय जनता पार्टी की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। देखते जाओ, अहीरवाल में भाजपा की क्या हालत होगी। जगदीश यादव के शामिल होने के वक्त गुरुग्राम से लेकर महेन्द्रगढ़ जिले तक के तमाम सीनियर नेता मौजूद रहे। इनमें पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव, महेन्द्रगढ़ से विधायक राव दान सिंह, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेन्द्र, पूर्व खेलमंत्री सुखबीर कटारिया, अनिता यादव भी मौजूद रही।

इससे पहले बुधवार सुबह जगदीश यादव के समर्थक गुरुग्राम में एकत्रित हुए और यहां से बड़े काफिले के रूप में दिल्ली स्थित सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की कोठी पर पहुंचे। पूर्व सीएम भूपेन्द्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदभान ने कहा कि जगदीश यादव के कांग्रेस में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। जगदीश यादव ने कहा था कि भाजपा में शामिल होना गलत फैसला था।

# डेंगू, मलेरिया से लड़ने में मददगार साबित हो सकती है रिमोट सेंसिग तकनीक: विशेषज्ञ

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**भौगोलिक** सूचना प्रणाली (जीआईएस) और रिमोट सेंसिंग तकनीक का उपयोग करके जलभराव प्रभावित क्षेत्रों और बरसाती जल निकासी नेटवर्क का मानचित्रण करने से हर साल मानसून के दौरान होने वाली डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों को रोकने में मदद मिल सकती है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है। जलभराव से मच्छरों, विशेष रूप से डेंगू फैलाने वाले एडीज मच्छर के प्रजनन के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा हो सकती हैं। एक ओर, अधिकारियों ने मानसून के दौरान फैलने वाली बीमारियों को नियंत्रित करने पर काम तेज कर दिया है तो दूसरी ओर, विशेषज्ञों का मानना है कि प्रभावित क्षेत्रों की पहचान करने वाला एक मजबूत मॉडल होना चाहिए, जो समय रहते समस्या का समाधान करके जलभराव की समस्या से प्रभावित क्षेत्रों में डेंगू के प्रसार को रोक सके।

भू-स्थानिक विशेषज्ञ और हैदराबाद के जवाहरलाल नेहरू प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अनुसंधान एवं विकास विभाग के पूर्व निदेशक मुरली कृष्ण अय्यंकी ने कहा, रिमोट सेंसिंग और जीआईएस का उपयोग करके जलभराव प्रभावित क्षेत्रों और बरसाती नालों का समय-समय पर अवलोकन करने से मानसून के दौरान मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित इलाकों का पता लगाने और तत्काल कदम उठाने में मदद मिल सकती है। जीआईएस पृथ्वी की सतह पर स्थिति से संबंधित जानकारी जुटाने के लिए एक कंप्यूटर प्रणाली है, जबकि रिमोट सेंसिंग किसी क्षेत्र की भौतिक विशेषताओं का पता लगाने और निगरानी करने की प्रक्रिया है।




### बंगाल में डेंगू की स्थिति खासी चिंताजनक, किंतु गंभीर नहीं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में डेंगू की स्थिति को खासी चिंताजनक करार देते हुए राज्य के प्रमुख चिकित्सकों ने कहा कि इस साल मच्छर जनित बीमारी पिछले वर्षों की तुलना में ज्यादा गंभीर नहीं है। विशेषज्ञों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि स्थिति में जल्द सुधार होगा।

# उत्तराखंड का सरमोली बना देश का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव

**एजेंसी।** पिथौरागढ

**उत्तराखंड** के पिथौरागढ़ जिले के खूबसूरत सरमोली गांव को बुधवार को देश का सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव का पुरस्कार दिया गया।

नई दिल्ली में भारत मंडपम प्रेक्षागृह में आयोजित एक कार्यक्रम में पर्यटन मंत्रालय की ओर से यह पुरस्कार मल्लिका विर्दी को दिया गया। पुरस्कार में एक स्वर्ण पदक और एक प्रशस्ति पत्र शामिल है। विर्दी ने ही मुनस्यारी सब डिवीजन में स्थित सरमोली में एक गैर सरकारी संगठन हिमालयन आर्क के माध्यम से 2016 में ग्राम पर्यटन प्रोत्साहन की प्रक्रिया को शुरू किया था।

विर्दी ने कहा, देश के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में पुरस्कार मिलना सरमोली के सभी निवासियों खास तौर से समुदाय आधारित पर्यटन में विश्वास रखने वाले सभी लोगों के लिए सम्मान की बात है।

पुरस्कार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उनके गांव को यह पुरस्कार इसलिए मिला, क्योंकि उनका पर्यटन का मॉडल क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सुंदरता और ग्रामीण रहनसहन पर आधारित है।

# युवाओं को कनाडा बुलाने के लिए वीजा प्रायोजित प्रलोभन दिया जा रहा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

### निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा में विवाद जोरों पर

**कनाडा** में रह रहे खालिस्तान समर्थक तत्व भोले-भाले सिख युवाओं को वहां बुलाने के लिए वीजा प्रायोजित करने का प्रलोभन दे रहे हैं। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इसका एकमात्र उद्देश्य कनाडाई धरती पर उनके (खालिस्तान के) एजेंडे को आगे बढ़ाना है। सूत्रों ने कहा कि हरदीप सिंह निज्जर और मोनिंदर सिंह बुआल, परमिंदर पंगली, भगत सिंह बरार जैसे खालिस्तानी अलगाववादी कनाडा की धरती से अपने खालिस्तानी एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे सिख युवाओं का इस्तेमाल करते रहे हैं। निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच विवाद उत्पन्न हो गया है।

प्रवासी भारतीयों के समर्थन नहीं देने के कारण अलगाववादियों को हालांकि जमीनी स्तर पर समर्थक नहीं मिल रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि मांग और आपूर्ति के इस तानेबाने का इस्तेमाल कनाडा में खालिस्तान समर्थक चरमपंथियों ने पंजाब के सिख युवाओं को प्रलोभन देने के लिए किया। इस साजिश को आगे बढ़ाने के लिए सिख युवाओं को नलसाज (प्लंबर), ट्रक चालक जैसी नौकरियों और अलगाववादियों द्वारा नियंत्रित गुरुद्वारों में सेवादार, रागी और पाठियों जैसे धार्मिक कार्यों के लिए प्रायोजित करने का एक नया विचार दिया गया।

सूत्रों ने बताया कि खालिस्तान समर्थक चरमपंथी ऐसे पंजाबी युवकों का वीजा प्रायोजित करते हैं



और उन्हें कनाडा बुलाकर भारत विरोधी प्रदर्शनों और कार्यक्रमों, कट्टरपंथी-धार्मिक सभाओं में शामिल करवाकर उनका शोषण करते हैं। सूत्रों के अनुसार, इतना ही नहीं अलगाववादी कनाडा में ऐसे भारतीय युवाओं और छात्रों की पहचान करते हैं, जिन्हें अपना खर्चा उठाने में मुश्किल आती है और उन्हें विविध नौकरियों और आश्रय के संबंध में मदद की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कनाडा में अवैध प्रवासियों और ऐसे छात्रों के चरमपंथियों के जाल में फंसने की सबसे अधिक आशंका होती है, जिन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी कर ली है लेकिन उपयुक्त नौकरी नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि खालिस्तान समर्थक चरमपंथी उन्हें गुरुद्वारे के संसाधनों का उपयोग करके आश्रय और आजीविका के लिए निम्न स्तर की नौकरियों की पेशकश करते हैं। सूत्रों ने बताया कि इसके बाद ये ऋणी युवा स्वेच्छा से या अनिच्छा से कनाडा में खालिस्तान ब्रिगेड में शामिल हो जाते हैं।

सूत्र कहा कि जब आईएसआई समर्थित खालिस्तानी समूह सिख फॉर जस्टिस को अपने भारत विरोधी अभियान पंजाब इंडिपेंडेंस रेफरेंडम के लिए समर्थन हासिल करने में मुश्किल हो रही थी, तो निज्जर और उसके दोस्तों ने ऐसे युवाओं का इस्तेमाल यह दिखाने के लिए किया कि उनका अभियान सफल है। सूत्रों ने बताया कि खालिस्तान समर्थक इन चरमपंथियों के लिए अब ऐसे अधिक से अधिक लोगों को अपने जाल में फंसाना आसान हो गया है क्योंकि वे सरे, ब्रैम्पटन, एडमॉन्टन आदि में 30 से अधिक गुरुद्वारों पर नियंत्रण रखते हैं। सूत्रों ने कहा कि निज्जर, बुआल और बरार ने पंजाब में दविंदर बंबीहा गिरोह, अर्श दल्ला गिरोह, लखबीर लांडा गिरोह जैसे गैंगस्टर के साथ एक नापाक गठजोड़ भी बनाया और पंजाब में आतंकवादी हमलों के लिए उनके गुर्गों का उपयोग करने के बदले में इन वांछित गैंगस्टर को कनाडा ले गए। उन्होंने कहा कि भारत में कुछ खालिस्तान समर्थक राजनीतिक दल युवाओं को पत्र देने के लिए एक से दो लाख रुपये लेती हैं, जो इसका इस्तेमाल यह झूठा दावा करते हुए कनाडा में राजनीतिक शरण लेने के लिए करते हैं कि वे पार्टी कैडर हैं और धार्मिक आधार पर भारत में उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि ऐसे युवा कनाडा पहुंचते ही खालिस्तान समर्थक तत्वों में शामिल हो जाते हैं। सूत्रों ने बताया कि कनाडा जाने वाला कोई भी व्यक्ति जानता है कि कनाडाई वीजा प्राप्त करना बेहद कठिन है और इसमें काफी समय लगता है।

# भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग परेशान : भूपेंद्र हुड्डा

## भाजपा के कार्यकारी सदस्य सूरजमान ने समर्थकों सहित थामा कांग्रेस का दामन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



भाजपा के कार्यकारी सदस्य एवं पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सूरजमान ने अपने सैकड़ों समर्थकों सहित कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला के संयोजन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान व सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने उन्हें कांग्रेस का पटका पहनाकर विधिवत रूप से पार्टी ज्वाइन करवाई। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पूरे देश में बदलाव की लहर चल रही है। हर वर्ग भाजपा की नीतियों से त्राहि-त्राहि कर रहा है और बदलाव का मन बना चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा को जिस विश्वास से जनता ने वोट देकर सत्ता सौंपी, वही जनता आज अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह जनविरोधी भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का जन-जन में प्रचार प्रसार करें। इस मौके पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार ने इस प्रदेश का बेड़ागर्क कर दिया है, आज गरीब और गरीब और अमीर और अमीर हो रहा है, बढ़ती महंगाई और भ्रष्टाचार से हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि पिछले नौ सालों में जनता का विकास नहीं हुआ, लेकिन भाजपाइयों ने अपना विकास जरूर कर लिया है। विकास के नाम पर एक ईंट भी नहीं लगी। उन्होंने कहा कि जनता फिर से कांग्रेस शासनकाल को याद करने लगी है और आगामी चुनावों में देश सहित हरियाणा में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है।

इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लखन कुमार सिंगला ने कहा कि आज पूरे हरियाणा में कांग्रेस की आंधी चल रही है, हर व्यक्ति कांग्रेस की नीतियों में आस्था जता रहा है और फरीदाबाद में कांग्रेस संगठन निरंतर मजबूती की ओर अग्रसर है। सिंगला ने श्री हुड्डा व उदयभान को विश्वास दिलाया कि जल्द ही सत्तापक्ष व अन्य दलों के नेता कांग्रेस परिवार में शामिल होकर पार्टी को मजबूत करने का काम करेंगे। इस अवसर पर ओमप्रकाश भूरा, प्रेमानंद शर्मा, आनंद, सतीश कुमार, गोविंद मल्होत्रा, बबलू बुखारपुर, भूपेश मलिक, दीपक दलाल, चांद सिंह, राजू भाटी, जगदीश गहलोत, हेमंत वर्मा, मोनू यादव, विजय, बिल्लू पहलवान, सुरेंद्र अग्रवाल, ओपी भाटी, विजय कुमार, बल्लू, संतलाल, सूरज ढेडा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संस्कृत अध्यापकों के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नं.-5 में जिले के संस्कृत अध्यापकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, पाली से डॉ. सीमा शर्मा वरिष्ठ प्रवक्ता, अनील यादव समन्वयक, राहुल और विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सीमा भृगु द्वारा शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में शिक्षकों को नई शिक्षा नीति-2020 के विषय में अवगत कराया गया। किस प्रकार से नई शिक्षा नीति के द्वारा छात्रों को संस्कृत विषय पढ़ाया जाना है, संस्कृत भाषा का इतिहास, भारतीय संस्कृति, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, भोजन, पेयजल व प्रशिक्षण स्थल आदि विषयों को लेकर अध्यापकों को तीन दिनों तक प्रशिक्षित किया जाएगा।

# मानसिक रूप से परेशान इंजीनियर ने नहर में लगाई छलांग

## पुलिस ने रेस्क्यू कर निकाला शव, परिवार का इकलौता चिराग बुझा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर-17 बाइपास रोड से गुजर रही गुरुग्राम नगर में बुधवार को एक युवक ने पुल के ऊपर अपनी होंडा शाइन बाइक को खड़ा किया और नहर में छलांग लगा दी। मृतक की पहचान 31 वर्षीय विनीत पुत्र नरेश बघेरिया निवासी सेक्टर-16 के रूप में हुई है। जिसके शव को पुलिस ने नहर से रेस्क्यू करके पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

मृतक के पिता नरेश बघेरिया के मुताबिक उनका अपना शेयर मार्केट का काम है। बेटा विनीत बघेरिया कंप्यूटर इंजीनियर था, जिसने मानव रचना यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर इंजीनियर की पढ़ाई की थी, लेकिन पिछले कुछ सालों से वह मानसिक तौर पर परेशान चल रहा था। जिसका इलाज वह दिल्ली के एक नामी डॉक्टर से करा रहे थे, लेकिन उसका मानसिक परेशानी पूरी तरह से कम नहीं हुई थी।

इसी परेशानी के चलते विनीत दो बार पहले भी जान देने की कोशिश कर चुका था। हाल ही में विनीत ने भारी मात्रा में दवाइयों का सेवन कर लिया था, जिसके चलते उसे फरीदाबाद के मेट्रो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। कुछ दिन चले इलाज के बाद विनीत ठीक होकर घर आया था। विनीत के पिता नरेश बघेरिया ने बताया कि वह अपने बेटे की परेशानी को लेकर काफी चिंतित थे।

उसके कहीं आने जाने पर निगाह रखते थे, लेकिन बुधवार को उनका बेटा विनीत घर से बाइक लेकर बिना किसी को कुछ बताए निकल गया। जब वह लगभग एक घंटे तक वापस नहीं आया तो उन्हें इसकी जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने अपने जानकारों की मदद से विनीत की तलाशने का काम शुरू किया। कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि सेक्टर-17 से गुजर रही गुरुग्राम नगहर के पुल पर विनीत की बाइक खड़ी है। उसे नहर में छलांग लगाते हुए भी देखा गया है। जिसके बाद वह सेक्टर-17 गुरुग्राम नहर के पुल पर पहुंचे तो पता चला कि विनीत के शव को नहर से बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए फरीदाबाद बादशाह खान अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। वहीं, मृतक विनीत के पिता नरेश बघेरिया ने बताया कि उनके दो बेटी और एक बेटा था, जिनमें से अब उनके पास दो बेटियां बची हैं। जिनमें एक गोरखपुर में डॉक्टर की पढ़ाई कर रही है। दूसरी इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रही है। उन्होंने अपने बेटे को इंजीनियर बनाया था, ताकि वह बुढ़ापे की लाठी बन सके, लेकिन अब उनके बुढ़ापे की लाठी छिन गई।

# ऋण उपलब्ध करवा आत्म निर्भर भारत मिशन पूरा करें : एडीसी

फरीदाबाद। एडीसी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में बैंकिंग और अन्य व्यवस्थाओं बारे विस्तार पूर्वक मंत्रणा की। उन्होंने कहा कि जिला के सभी बैंक विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को समय पर ऋण उपलब्ध करवाएं। एडीसी आनंद शर्मा मंगलवार को दोपहर बाद लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। एडीसी आनंद शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि जो इस साल अंत तक ज्यादा से ज्यादा प्रार्थियों को सरकार की योजनाओं के अंतर्गत ऋण उपलब्ध करवा कर योजनाओं को लागू करे। ताकि आत्म निर्भर भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। जो बैंक अपने सभी लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए हैं, वे सभी लक्ष्य पूरा कर लें।

# आखिर किसने की टैक्सी ड्राइवर की हत्या?

## टैक्सी ड्राइवर की हत्या में नामजद तीनों आरोपी बरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**वकीलों की लंबी बहस के बाद आया अदालत का फैसला**

छह साल पहले एक टैक्सी ड्राइवर की हत्या में गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को जिला अदालत ने बरी कर दिया है। वर्ष 2017 में न्यू जनता कॉलोनी में टैक्सी ड्राइवर की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया था। इस हत्याकांड में पुलिस ने एक महिला के दो जुड़वां बेटों और एक अन्य व्यक्ति को आरोपी बनाया था। पुलिस की गिरफ्तारी के बाद से आरोपित युवक रोहित शर्मा, राहुल शर्मा एवं अरविंद कुमार जेल में बंद थे। इन तीनों पर आरोप था कि उन्होंने सैनिक कॉलोनी निवासी टैक्सी ड्राइवर राजकुमार की हत्या की है।

बता दें कि वर्ष 2017 में टैक्सी ड्राइवर राजकुमार की लाश उसकी टैक्सी में ही भोजपुरी अवधी समाज के पास मिली थी। थाना सारन पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा नंबर 754 दिनांक 17-8-2017 को धारा 302, 201, 34 आईपीसी एवं आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत केस दर्ज किया था।

गिरफ्तारी के बाद से तीनों आरोपित नीमका जेल में बंद थे। जिनके केस की सुनवाई अतिरिक्त सेशन कोर्ट में चल रही थी। आरोपियों की ओर से अदालत में वरिष्ठ वकील विजय शर्मा, तरूण भाटिया एवं श्रीकर भाटिया पैरवी कर रहे थे। इस केस में काफी लंबी बहस के बाद अतिरिक्त सेशन कोर्ट ने सभी आरोपियों को इस मामले में बरी करने के आदेश जारी किए हैं। अदालत के आदेश के बाद सभी आरोपियों को नीमका जेल से रिहा कर दिया गया है।

बता दें कि न्यू जनता कॉलोनी में रहने वाली एक महिला के साथ मृतक टैक्सी ड्राइवर के संबंध बताए गए थे। आरोप है कि इससे नाराज महिला के बेटों ने टैक्सी ड्राइवर राजकुमार की हत्या कर दी थी तथा उसके शव को उसकी टैक्सी में डालकर ठिकाने लगा दिया गया था। पुलिस की जांच में महिला के दोनों बेटों व उनके एक दोस्त को आरोपी बनाया गया था तथा तुरंत उनकी गिरफ्तारी कर ली गई थी। परंतु अदालत में चली लंबी बहस के बाद तीनों आरोपियों को निर्दोष मानते हुए बरी कर दिया गया है।

# निशुल्क कैंप में 154 बच्चों ने कराई अपने हृदय की जांच



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**मानव सेवा समिति सहयोगी के रूप में कर रही है लोगो की भरपूर मदद**

चाइल्ड हार्ट एवं एबीबी फाउंडेशन के सहयोग से मानव सेवा समिति महिला मंडल ने बुधवार को डीएलएफ जी ब्लॉक सेक्टर-10 के नजदीक की झुग्गी बस्ती में बच्चों के लिए हृदय की जांच के लिए अवेयरनेस कैंप आयोजित किया। जिसमें चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तरन्नुम, लोकेश मेहता, प्रथमेश पाटिल ने 154 बच्चों के हार्ट की निशुल्क जांच की। जांच के बाद सात बच्चों में हृदय की बीमारी के लक्षण मिले। जिनकी आगे दिल्ली में ईको कार्डियोग्राफी व अन्य जांच निशुल्क की जाएगी और उनका इलाज व उपचार भी निशुल्क किया जाएगा। कैंप में सीएचएफ की सीओओ सुनीता हरकर ने कहा कि 0 से 18 साल के जिन बच्चों को सांस लेने में तकलीफ होती है, थकान रहती है, चक्कर आते हैं, टखनों में सूजन, होठ व त्वचा का नीला रंग है, दिल की धड़कन तेज होती है, वे हृदय रोग से पीड़ित होते हैं।

इसकी आगे जांच व इलाज महंगा होने के कारण गरीब लोग जांच व इलाज नहीं करा पाते हैं। ऐसे हृदय रोगी बच्चों की निशुल्क जांच व उपचार करने के कार्य चाइल्ड हार्ट फाउंडेशन कर रहा है। इसमें सीएसआर के रूप में एबीबी कंपनी व मानव सेवा समिति सहयोगी के रूप में मदद कर रही है। अवेयरनेस कैंप में राज राठी के नेतृत्व में महिला मंडल की सदस्य कमला वर्मा, कुसुम वशिष्ठ ने पूरा सहयोग प्रदान किया।

# भाजपा सरकार में नारकीय जीवन जीने को मजबूर लोग : बलजीत कौशिक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।



फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के बाशिंदे इन दिनों ओवरफ्लो सीवरेज के गंदे पानी की निकासी न होने से खासे परेशान है। हालात यह है कि सड़कों के साथ-साथ लोगों के घरों में भी कई-कई फुट सीवरेज का गंदा पानी जमा होने से उनका जीवन नारकीय हो गया है। इसके बावजूद सत्ता में बैठे मंत्री, विधायक व पार्षद सहित अधिकारी पूरी तरह से मौन हैं। लोगों की समस्याओं को देखते हुए फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक ने अपने साथियों के साथ ओल्ड फरीदाबाद के पुरानी चुंगी सैय्यदवाड़ा, गढ़ी मोहल्ला सेक्टर-18 भीम बस्ती का दौरा किया, जहां के हालात बद से बदतर नजर आए। श्री कौशिक ने यहां लोगों के घरों में जाकर उनका दुखड़ा सुना तो लोगों ने उन्हें बताया कि वह काफी समय से इस समस्या से ग्रस्त है और आज तक किसी ने भी उनको राहत प्रदान नहीं की। हालात इतने बदतर है कि स्कूल जाने के लिए भी बच्चों को इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है जिससे उन्हें त्वचा संबंधी रोग होने का भी डर बना रहता है। श्री कौशिक ने कहा कि भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों के हाथों की कठपुतली बनी हुई है, उसे गरीब व आम जनता की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है, इस बदबूदार माहौल में लोगों को भयंकर बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है, लेकिन प्रशासन पूरी तरह से मौन है। श्री कौशिक ने कहा कि एक तरफ भाजपाई दो अक्टूबर को स्वच्छता अभियान चलाते है, लेकिन यह अभियान केवल दिखावा होता है, क्योंकि एक दिन के बाद यह अभियान कूड़े के ढेर के नीचे दब जाता है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मामला तो उदहरण मात्र है, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के दौलताबाद, सीही, बुढैना, स्लम बस्तियों के साथ-साथ सेक्टरों में भी सीवरेज का पानी सड़कों पर बहता है, लेकिन सिवाए आश्वासन के नेता अधिकारी कुछ नहीं करवा पा रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में शहर में झाडू तक नहीं लग रही तो गंदगी कैसे साफ होगी। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर दस दिन के अंदर उक्त सीवरेज के गंदे पानी की निकासी नहीं करवाई गई तो भारी संख्या में लोग निगम मुख्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# वीसी में कोपटा और ड्रग्स कंट्रोल के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा

फरीदाबाद। राष्ट्रीय बाल सरक्षण कमीशन ने वीसी के जरिये फरीदाबाद जिला में कोपटा और ड्रग्स कन्ट्रोल के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने वीसी में फरीदाबाद में प्रशासन द्वारा किये गये प्रबन्धो की भूरी भूरी प्रशंसा की समीक्षा वीसी के बाद सीइओ जिला परिषद आशिमा सांगवान ने बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए।सीईओ ने प्रशासनिक, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोटपा के नियमों की बेहतर पालना के क्रियान्वयन के लिए मंत्रणा भी की।

बता दें कि डीसी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में कोपटा की कानूनी हिदायतों के अनुसार 5000 रुपये का जुर्माना तथा पांच साल तक जेल का प्रावधान किया गया है।

# मतदान जागरूकता को लेकर छात्राओं ने निकाली रैली


फरीदाबाद। राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर-16ए फरीदाबाद में इलेक्टोरल क्लब की ओर से मताधिकार जागरूकता रैली निकालकर 18 वर्ष से अधिक आयु की छात्राओं को अपने वोट बनवाने एवं आने वाले चुनाव में उसका सदुपयोग करने के प्रति जागरुक किया गया प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि हमारे संविधान ने हमें मताधिकार प्रदान किया है, जो हमारे लोकतंत्र की ताकत है। भारत युवाओं का देश है, इसलिए लोकतंत्र में सहभागिता युवाओं का परम कर्तव्य भी है। उन्होंने सभी छात्राओं को अपने वोट बनवाने तथा चुनाव के समय बिना किसी लालच व स्वार्थ के सही उम्मीदवार का चयन करने की बात कही।

# नगर निगम की अनदेखी से शहर बना कूड़ाघर, दावे फेल

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



नगर निगम फरीदाबाद द्वारा पिछले नौ महीने से सफाई कर्मचारियों व ठेकेदार की पेमेंट नहीं करने से शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई। जिसकी वजह से शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे है। जिससे शहरवासियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इससे शहर में मक्खी, मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। जिससे कभी भी शहर महामारी की चपेट में आ सकता है। एमसीएफ ने हजारों सफाई कर्मचारी ठेकेदार द्वारा लगाकर शहर की नालियों की सफाई व गलियों से कूड़ा उठाने का कार्य करवाया जाता है। परंतु इन सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से अब उन्होंने सफाई व कूड़ा उठाने का कार्य बंद किया हुआ है। इन कर्मचारियों ने ठेकेदार से कई बार उनकी पेमेंट करने की मांग की, परंतु आज तक वेतन उनको नहीं दिया गया है। सफाई कर्मचारियों की हर महीने की पगार लगभग डेढ करोड़ बनती है। नौ महीने के लगभग साढे 13 करोड़ रुपये सफाई कर्मचारियों के एमसीएफ पर बकाया हैं, परंतु एमसीएफ उनकी पगार देने में आनाकानी कर रही है। जिससे उन्होंने कूड़ा उठाने का कार्य बंद कर दिया। वहीं ठेकेदार व एमसीएफ के बीच प्रति टन कूड़ा उठाने के लिए एक हजार निर्धारित हुआ था। अब एमसीअफ अधिकारी प्रति टन 333 रुपये की पेमेंट करना चाहता है, जो ठेकेदार की लागत से भी कम है। शहर से कूड़ा उठाने पर प्रति टन 550 रुपये खर्च आता है। 333 रुपये ठेकेदार को पेमेंट करने पर 217 रुपये का घाटा उठाना पड़ रहा है। इसलिए सफाई कर्मचारियों व ठेकेदार ने पिछले कुछ दिनों से कूड़ा उठाने का कार्य बंद कर दिया है। वहीं इसकी वजह से पूरे शहर का कूड़ा सेक्टर नौ बाईपास रोड पर डाल दिया है। शहर का पूरा कूड़ा यहां डाल दिए जाने पर हजारों टन कूड़ा इकट्ठा हो गया। जिससे यहां से गुजरने वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं कूड़े से आने वाली बदबू की वजह से सेक्टर नौ, सेक्टर-14, सेक्टर-12 व बीपीटीपी के कुछ सेक्टरों के लोगों का जीना दूभर हो गया है। कूड़ा इकट्ठा होने से शहर में मक्खी, मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है। जिससे हैजा, डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया आदि बीमारियों का प्रकोप शहर में बढ़ रहा है।



सफाई कर्मचारियों को नौ महीने से वेतन नहीं मिलने से रोजी रोटी के लाले पड़ गए है। जिससे उन्हें दूसरों से उधार लेकर काम चलाना पड़ रहा है। इसकी वजह से सफाई कर्मचारियों की पत्नी व बच्चे चले गए हैं।

-साजिद, कर्मचारी



पिछले नौ महीने से ठेकेदार व सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने से कूड़ा उठाने का कार्य बाधित है। एमसीएफ अधिकारी पुरी एग्रीमेंट से कम पेमेंट देना चाहते है, जो हमें मंजूर नहीं।

-आजाद सिंह, ठेकेदार

पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



दिनेश रघुवंशी, कवि

वतन के वास्ते उसके इरादे देख फौलादी
कहा बेबे ने मेरे लाल अब तो कर ले तू शादी
सुनी बेबे की ख्वाइश वीर हंसकर कह उठा पल में
दुल्हन तो लाऊंगा पर नाम उसका होगा आजादी


गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा नीलम जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा कद 5 फुट 1 इंच बा उम्र 26 साल है, जिसने लाल रंग का सूट व सलवार और पैरों में चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 378 दिनांक 27.07.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

प्रबन्धक थाना आदर्श नगर, बल्लबगढ़, फरीदाबाद : 0129-2211033, 9582200169, 8585941171


गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा कुमकुम पुत्री महेंद्र सिंह निवासी नजदीक तोमर जनरल स्टोर, हरी विहार, बल्लबगढ़ दिनांक 23.09.2023 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग सांवला, गोल चेहरा, दरम्याना जिस्म, ठोड़ी पर फोड़े का निशान कद करीब 4 फुट 9 इंच बा उम्र 16 साल है, जिसने लाल रंग का सूट व सलवार और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 501 दिनांक 25.09.2023 धारा 363 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

थाना आदर्श नगर, बल्लबगढ़ : 9582200169, 9818370166


गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा शालू दिनांक 01.09.2023 को बिना बताये अपने घर से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, गोल चेहरा, सीधे हाथ पर कोहनी से नीचे काले रंग का लहसन कद 5 फुट 2 इंच बा उम्र 20 साल है, जिसने लाल रंग का कुर्ता व काले रंग की लैगी और पैरों में जूती पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 450 दिनांक 02.09.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

प्रबन्धक थाना आदर्श नगर, बल्लबगढ़ : 0129-2211033, 9582200169, 9717102961


गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा लक्ष्मी पुत्री हरिदास उर्फ रामसिंह निवासी गांव पठालदा, थाना ईसानगर, तहसील व जिला छतरपुर, राज्य मध्य प्रदेश हाल किरायदार मानवता अस्पताल के सामने, बल्लबगढ़, फरीदाबाद दिनांक 19.06.2023 को बिना किसी को बताये अपनी मर्जी से कहीं चली गई है, जो अभी तक वापिस नहीं आई है, जिसका हुलिया रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, पतला-फुर्तीला शरीर, बाये हाथ की ऊँगली आगे से चिपकी हुई है कद 5 फुट बा उम्र 15 साल है, जिसने लाल रंग का सूट व सलवार और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 326 दिनांक 25.06.2023 धारा 363 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़की के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

थाना आदर्श नगर, बल्लबगढ़ : 9582200169, 9818370166


गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा अमन पुत्र ललन निवासी गांव सलोनाचल बलवापुर, थाना लक्खीसराय, बिहार हाल किरायदार संदीप का मकान, विजय नगर, भीम बाग, बल्लबगढ़, फरीदाबाद जिसका हुलिया रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हृष्ट पुष्ट शरीर कद 5 फुट 5 इंच बा उम्र 15 साल है, जिसने स्लेटी रंग की टी-शर्ट व काला लोअर और पैरों में हवाई चप्पल पहनी हुई है, मुकदमा नम्बर 350 दिनांक 08.07.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा लड़के के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

थाना आदर्श नगर, बल्लबगढ़, फरीदाबाद : 9582200169

गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि गुमशुदा दीपक दिनांक 07.09.2023 को बिना बताये अपने घर से कहीं चला गया है, जो अभी तक वापिस नहीं आया है, जिसका हुलिया रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, चेहरे पर छाई कद 5 फुट 4 इंच बा उम्र 38 साल है, जिसने सफ़ेद शर्ट व काला लोअर और पैरों में जूते पहने हुए है, मुकदमा नम्बर 462 दिनांक 09.09.2023 धारा 346 आई.पी.सी. अगर किसी व्यक्ति को गुमशुदा आदमी के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

प्रबन्धक थाना आदर्श नगर, बल्लबगढ़ : 0129-2211033, 9582200169, 9717102961

मृतक की पहचान



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश नियर रेलवे स्टेशन पर लावारिश हालत में मिली है, जिसका हुलिया रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, दुबला-पतला शरीर कद 5 फुट 3 इंच बा उम्र करीब 30 साल है, जिसने हरे रंग की टी-शर्ट व नीले रंग की जीन्स और नंगे पैर है, मुकदमा नम्बर 25 दिनांक 26.09.2023 धारा 174 द.प्र.स. अगर किसी व्यक्ति को नामपता नामालूम व्यक्ति की नाश के बारे में सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सम्पर्क करें।

पुलिस नियंत्रण कक्ष : 100, 9999150000
प्रबन्धक अफसर थाना शहर बल्लबगढ़ : 9582200132
प्रभारी चौकी बस अड्डा बल्लबगढ़ : 9582200168

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में हार्वर्ड के मानकों पर होगी एमबीए एग्जीक्यूटिव

## श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग एजुकेशन के बीच हुआ लाइसेंस एग्रीमेंट

**तीन साल के अनुभव वाले वर्किंग प्रोफेशनल कर पाएंगे डिग्री, इंटरनेशनल फैकल्टी और इंडस्ट्री एक्सपर्ट पढ़ाएंगे**

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग एजुकेशन के बीच एक महत्वपूर्ण लाइसेंस एग्रीमेंट हुआ है। इसके तहत तीन साल का अनुभव रखने वाले प्रोफेशनल्स को एमबीए एग्जीक्यूटिव की डिग्री करवाई जाएगी। एग्रीमेंट के तहत श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में हार्वर्ड के कोर्स पढ़ाए जाएंगे और उनकी टीचिंग एड का भी इस्तेमाल होगा।



श्री विश्वकर्मा कौशल विद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू की उपस्थिति में कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा और हॉवर्ड बिजनेस पब्लिशिंग एजुकेशन के प्रोग्राम मैनेजर (हायर एजुकेशन) मानिक कथूरिया ने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस मौके पर कहा कि यह एग्रीमेंट वैश्विक स्तर के एमबीए एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। कॉरपोरेट और इंडस्ट्री में काम कर रहे तीन साल के अनुभवी प्रोफेशनल्स श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय से एमबीए एग्जीक्यूटिव की पढ़ाई कर पाएंगे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस प्रोग्राम में हार्वर्ड के कोर्स होंगे और उनकी टीचिंग एड का भी हम इस्तेमाल कर पाएंगे। एमबीए एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम की गुणवत्ता के संदर्भ में यह अत्यंत महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने बताया कि एमबीए एग्जीक्यूटिव करने वालों को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय डिग्री देगा और हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग एजुकेशन की तरफ से उन्हें सर्टिफिकेट दिया जाएगा। एमबीए करने के इच्छुक इंडस्ट्री प्रोफेशनल्स के लिए यह एक सुनहरा अवसर होगा। वह हार्वर्ड के उच्च मानकों पर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय से एमबीए एग्जीक्यूटिव की डिग्री हासिल कर पाएंगे। कुलसचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने बताया कि इस प्रोग्राम में इंटरनेशनल फैकल्टी और इंडस्ट्री के अनुभवी प्रोफेशनल्स भी पढ़ाएंगे। हार्वर्ड बिजनेस पब्लिशिंग एजुकेशन के प्रोग्राम मैनेजर मानिक कथूरिया ने कहा कि उन्हें श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के साथ यह एग्रीमेंट करके बहुत प्रसन्नता हो रही है। भारत के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय के साथ मिलकर वर्किंग प्रोफेशनल्स को वैश्विक स्तर की गुणवत्ता की एमबीए एग्जीक्यूटिव डिग्री करने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. आरएस राठौड़, डीन प्रो. प्रिया सोमैया, डॉ. सुरभि गोयल, यांगपू के सीईओ डॉ. समीर कारखानिस, निदेशक हायर एजुकेशन किरण सुरती और नेशनल मैनेजर अंकुश जौहरी भी उपस्थित थे।



# ग्यारहवीं की विज्ञान संकाय के विद्यार्थी करेंगे शैक्षणिक भ्रमण

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

माध्यमिक शिक्षा विभाग हरियाणा, पंचकूला के माध्यम से पूरे राज्य में कक्षा ग्यारहवीं की विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया जा रहा है। इस भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थी गोल्डन टेंपल अमृतसर, जलियांवाला बाग, बाघा बॉर्डर, साइंस सिटी कपूरथला, धर्म नगरी कुरुक्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण करेंगे।

पलवल जिले से कक्षा ग्यारहवीं की विज्ञान संकाय के 50 छात्र एवं 50 छात्राओं को जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल ने हरी झंडी दिखाकर शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना किया। पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के दौरान ये विद्यार्थी भिन्न-भिन्न दर्शनीय स्थलों का अवलोकन करेंगे। अमृतसर में स्थित गोल्डन टेंपल, बाघा बॉर्डर, जलियांवाला बाग, साइंस सिटी कपूरथला और धर्म नगरी कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर, कृष्ण संग्रहालय, ब्रह्मसरोवर, धरोहर आदि अनेक शैक्षणिक स्थलों का अवलोकन करेंगे। इस मौके पर बीआरसी दयानंद रावत, प्रधानाचार्य राकेश बघेल, जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. राजेश कुमार, जिला गणित विशेषज्ञ सुखराम, पारुल, राजरानी, हिमांशु, अंजू देशवाल, भूप सिंह, समयपाल, राकेश कुमार अग्रवाल, इंदरपाल, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# युवक की रंजिशन हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेंका शव

## दो दिन पहले भी की थी मारपीट, 15 आरोपियों पर केस

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

रंजिश के चलते युवक को घर से ले जाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने शव रेलवे लाइन पर फेंक दिया। जीआरपी ने मृतक के भाई की शिकायत पर 10 नामजद सहित 15 के खिलाफ हत्या व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।



जीआरपी थाना प्रभारी राजपाल के अनुसार, कच्चा तालाब होडल निवासी प्रदीप कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि 24 सितंबर को उसके भाई दुर्गा प्रसाद के मोबाइल पर कॉल आई और घर से बाहर बुलाया। कॉल आने के बाद वे दोनों भाई घर से बाहर गए तो वहां पर कच्चा तालाब निवासी अमित, आकाश, मनीष, चंद्रपाल, विष्णु जाट, मनोज, नीले, बिरमन और गढ़िया मोहल्ला निवासी अनिल, सुनील व 4-5 लड़के खड़े हुए थे।

जिन्होंने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे दोनों भाइयों को काफी चोटें आईं। उसके बाद पीड़ित दोनों भाई वहां से भाग आए। आरोपियों ने धमकी दी कि आज तो बच गए, अब जब भी मौका मिलेगा जान से खत्म कर देंगे। उसके बाद 25 सितंबर को रात के करीब 10 बजे उसके भाई दुर्गा प्रसाद के पास अज्ञात नंबर से फोन आया। जिसके बाद दुर्गा प्रसाद अकेला घर से बाहर चला गया। लेकिन, जब काफी देर तक दुर्गा प्रसाद वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन फोन स्विच ऑफ आ रहा था। उन्होंने इधर-उधर काफी तलाश किया, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। अगले दिन 26 सितंबर को फिर दुर्गा प्रसाद को फोन किया तो पुलिसकर्मी ने उठाया। उन्हें हसनपुर रेलवे पुल के नीचे बुलाया। पुलिसकर्मी ने कहा कि यहां एक युवक का शव पड़ा हुआ है। जब वे वहां पहुंचे तो शव दुर्गा प्रसाद का था। देखा तो उसके भाई की एक आंख फूटी मिली, हाथ, पैर व छाती पर चोटों के निशान थे। पीड़ित का कहना है कि उसके भाई की मौत ट्रेन से नहीं, बल्कि सभी आरोपियों ने मिलकर उसकी हत्या की है। जीआरपी ने मृतक के भाई की शिकायत पर 10 नामजद सहित 15 के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर कर जांच शुरू कर दी है।

# खनन माफिया ने पुलिस मुखबिर बता पीटा, सात हजार लूटे

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पुलिस मुखबिरी के शक में खनन माफिया ने एक व्यक्ति से मारपीट कर गन प्वाइंट पर सात हजार रुपये, बाइक की आरसी और आधार कार्ड लूट लिया। शिकायत के बाद पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चांदहट थाना प्रभारी कैलाशचंद भड़ाना के अनुसार, जिला अलीगढ़ यूपी के झुप्पा निवासी विरेंद्र ने दी शिकायत में कहा है कि वह बाइक पर सुल्तानपुर गांव में अपने दोस्त दिनेश से मिलने के लिए आया था। उसे दिनेश सुल्तानपुर मोड़ पर मिल गया, तो दोनों वहां खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। उसी दौरान तीन बाइकों पर सवार होकर 5-6 लोग आए और आते ही उन्होंने पीड़ित विरेंद्र पर हमला कर दिया।

आरोप है कि उनके हाथों में देसी हथियार व लाठी-डंडे थे। जिनसे उसे पीटना शुरू कर दिया। आरोपी पीटते हुए कह रहे थे कि यह पुलिस की मुखबिरी करके हमारे रेती के ट्रैक्टरों को पकड़वाता है। जिसके बाद दो लोगों ने उसे पकड़ लिया और दो ने हाथों में लिए देसी कट्टा एक ने कनपटी पर व दूसरे ने छाती पर लगाकर उसकी जेब से साढ़े सात हजार रुपये, बाइक की आरसी व आधार कार्ड लूट लिए।

उसके साथी दिनेश ने जैसे-तैसे उसे उन आरोपियों से बचाया। आरोपी जाते हुए कह रहे थे कि आज तो छोड़ दिया आइंदा उनकी मुखबिरी की तो जान से खत्म कर देंगे। पीड़ित ने जब आरोपियों के बारे में पता किया तो पता चला है कि लूटपाट व मारपीट करने वाले आरोपियों में सुल्तानपुर गांव निवासी जयराम, जयदेव, धनराज, केशराज व तेजी उर्फ राहुल थे। जिनमें से जयराज व धनराज के हाथों में देसी कट्टा थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# होडल के सरकारी स्कूल में आज लगेगा जागरूकता मेला

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग और अंत्योदय विभाग व कल्याण विभाग द्वारा 28 सितंबर को सभी वर्गों के लोगों के लिए जागरूकता मेला आयोजित किया जाएगा।

एडीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि इन मेलों में जिला कल्याण विभाग की योजनाओं के साथ-साथ आधार कार्ड, परिवार पहचान-पत्र, वोटर कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, आयुष्मान कार्ड जैसी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है। मेले में समाज कल्याण, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राजस्व विभाग, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, क्रिड विभाग आदि संबंधित विभाग के कर्मी स्टॉल लगाकर सरकार द्वारा दी जा रही सेवा-सुविधाओं अथवा योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित वर्ग के लोगों से अपने वर्ग से संदर्भित लगाए जाने वाले मेले में निर्धारित तिथि व समय पर पहुंचकर लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# अंबेडकर कॉलेज में एबीवीपी की इकाई घोषित



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलवल की ओर से डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय पलवल में जिला संयोजक सागर डागर की अध्यक्षता में इकाई की घोषणा की गई। जिसमें इकाई अध्यक्ष यश राणा, उपाध्यक्ष रवि राणा और पिंकी राणा, सचिव सौरभ तंवर, सह सचिव अजय और कुलवीर, खेलो भारत जीतू को बनाया गया।

इसके अतिरिक्त स्टूडेंट फॉर सेवा हिमांशु, एनएसएस संयोजक ओमप्रकाश, स्टूडेंट फार डेवलपमेंट शशिकांत, सोशल मीडिया संयोजक हर्ष, कार्यकारिणी सदस्य अभय और भावना, राष्ट्रीय कला मंच संयोजक तन्नु, एनसीसी संयोजक दिव्या आदि को दायित्व दिए गए। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के गठन, कार्यशैली, उद्देश्य और इतिहास पर प्रकाश डाला और कहा कि एबीवीपी भारत का ही नहीं बल्कि दुनिया का सबसे बड़ा छात्र संगठन है।

देश के हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को पटके व माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख जितेंद्र कुमार, विभाग संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर, आयाम संयोजक मोहित गर्ग, पूर्व एबीवीपी कार्यकर्ता अभिषेक राणा, पूर्व अध्यक्ष दीपक राणा, पूर्व अध्यक्ष दीपक, गोलू पंडित, जीत राणा, अरुण, सन्नी, बिजेंद्र, कालू राणा, मोहित राणा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निशुल्क हृदय जांच शिविर एक अक्टूबर को

फरीदाबाद। चिकित्सा क्षेत्र में अग्रणीय एसएसबी अस्पताल द्वारा विश्व हृदय दिवस पर रविवार एक अक्टूबर को सुबह दस से दोपहर दो बजे तक एक निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में जांच करवाने आने वाले लोगों को निशुल्क बीपी, शुगर जांच के साथ-साथ ईसीजी व ईको भी करवाई जाएगी। शिविर में लोगों को उचित परामर्श भी दिया जाएगा। इस शिविर में डॉ. एसएस बंसल, डॉ. एसएस सिद्धू, डॉ. सिद्धांत बंसल, डॉ. बिनय कुमार पांडेय, डॉ. चेतन स्वरूप, डॉ. रिद्धिका मुंजाल आदि अनुभवी डॉक्टरों की टीम लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेगी। इस कैंप का लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

# प्रशिक्षण के बाद 35 महिलाओं को दिये प्रमाणपत्र

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गांव रतीपुर ने गांव खेडली बागपुर में 13 दिवसीय जूट बैग उद्यमी बैच का समापन किया। प्रशिक्षण उपरांत सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का मूल्यांकन हुआ। जिसमें पुण्यपाल ईडीपी असेसर एवं कोमल शर्मा डोमेन असेसर ने मूल्यांकन किया। इस अवसर पर रवि शर्मा निदेशक पीएनबीआरसेटी ने सभी महिलाओं को भविष्य में रोजगार चालू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि वह बैंकों द्वारा लोन लेकर अपना रोजगार को बढ़ा सकते हैं, संस्थान द्वारा हर संभव सहायता की जाएगी। वीरेंद्र सिंह कोर्स कोऑर्डिनेटर ने



बताया कि संस्थान पलवल जिले में वर्ष 2011 से कार्य कार्यरत है, जिसमें पलवल जिले के बेरोजगार युवक युवतियां भाग लेकर अपना खुद का रोजगार स्थापित कर सकती हैं। संस्थान द्वारा फ्रिज, एसी रिपेयरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग, सीसीटीवी कैमरा, मोटरसाइकिल सर्विसिंग, ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट, वूमेन टेलर, जूट प्रोडक्ट उद्यमी, टेडी बियर मोमबत्ती, अगरबत्ती, धूपबत्ती, अचार पापड़ इत्यादि कोर्स निशुल्क कराए जाते हैं। इस अवसर पर कुमारी अंकिता कार्यालय सहायक एवं गीता, चंचल, भारती, पूनम, प्रीती, सपना, सविता, अनीता, ममता, चंचल, सुशीला, कोमल, संजू, ज्योति, पूजा, सरिता, सोनिया, दीपिका इत्यादि मौजूद थे।

# आत्मा एक भौतिक शरीर में अवतरित होती :अश्विनी गुरुजी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आत्मा एक भौतिक शरीर में अवतरित होती है, जो पांच तत्वों के विभिन्न मेल और संयोग से बना है। व्यक्ति के जीवन काल में किए गए कर्मों के आधार पर उसका जन्म जन्मान्तर पुनर्जन्म होता है। कुछ आत्माएं ऐसी होती हैं, जिनका पुनर्जन्म नहीं होता, क्योंकि वह भू लोक (पृथ्वी लोक) के अपने कर्म चक्र को समाप्त कर चुकी होती हैं या



फिर वह अस्तित्व के किसी अन्य लोक में फंसी हुई होती हैं, क्योंकि उनके कर्मों का खाता उन्हें मनुष्य जन्म का हक देने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसलिए वह मनुष्य शरीर धारण करने में असमर्थ हैं। यह अतृप्त आत्माएं बिना किसी स्वरूप, बस एक ऊर्जा रूप में रहती हैं और भूत-प्रेत कहलाती हैं या वह अस्तित्व के एक अन्य लोक में चली जाती हैं, जिसे पितृ लोक या पूर्वजों का लोक भी कहा जाता है। वह आत्माएं अस्तित्व के किसी भी स्तर पर हों, जब तक वह जन्म - मरण के चक्र से मुक्त नहीं हो जाती, अपने कर्मों के खाते को पूरा करने के लिए उन्हें अपनी संतानों से शक्ति की आवश्यकता होती है, ताकि वह पुन: जन्म ले सकें। श्राद्ध हिंदू /वैदिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जो हमारे पूर्वजों की इन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

# पुलिस से मारपीट करने वाले दो आरोपी पकड़े

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

पुलिस कर्मचारियों के साथ मारपीट कर सरकारी कार्य में बाधा डालने और लूटपाट करने के मामले में उटावड़ थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेकर उनसे रुपयों की बरामदगी व अन्य साथियों के बारे में पूछताछ की जाएगी।

उटावड़ थाना प्रभारी टेकचंद के अनुसार, उन्हें कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि रनियाला खुर्द गांव निवासी सौकीन के साथ कुछ लोग लड़ाई झगड़ा कर रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ स्वयं मौके पर पहुंच गए। मौके पर जब सौकीन से बातचीत कर रहे थे, उसी दौरान अजीज भी मौके पर आ गया और सौकीन के साथ गाली-गलौच करने लगा।

सौकीन के परिवार वाले हामिद उर्फ काला, अनीश उर्फ हन्नी, आस मोहम्मद, इस्लामी, रुकसार, साजिदा, पम्मा, जावेद, मुस्तुफा व सदाफत भी मौके पर अपने हाथों में लाठी, डंडा लेकर पहुंच गए। वे लोग कहने लगे कि हम आपस में बाद में निपट लेंगे, पहले इन पुलिस वालों को देख लेते हैं। इतनी ही देर में आरोपियों ने हाथों में लिए लाठी-डंडों से पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस कर्मियों की वर्दी फाड़ दी और जेब से पांच हजार रुपए लूट लिए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों में से सौकीन व हामिद उर्फ काला को गिरफ्तार कर लिया। जबकि, फरार चल रहे अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीम दबिश दे रही है।

# रेलवे स्टेशन पलवल पर यात्रियों के लिए शुरू की लिफ्ट की सुविधा

## केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने रिबन काटकर किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने बुधवार को पलवल के रेलवे स्टेशन पर लगभग 52 लाख रुपये की लागत से बनाई गई विभिन्न तीन लिफ्टों का रिबन काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ विधायक दीपक मंगला, बीजेपी जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, रेलवे डीआरएम सुखविंदर सिंह, डीसीएम बसंत कुमार सहित रेलवे प्रशासन मौजूद रहा।

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि अमृत भारत योजना के तहत देश में भारतीय रेलवे पर आधुनिकीकरण के लिए 1309 स्टेशनों की पहचान की गई है। पलवल का स्टेशन भी इनमें से एक है। इस योजना के अंतर्गत पलवल रेलवे स्टेशन के विकास के लिए कुल 34 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। जिनमें से बिल्डिंग निर्माण के लिए 15 करोड़



25 लाख रुपये, फुट ओवर ब्रिज के लिए 13 करोड़ रुपये, प्लेटफार्म शेल्टर, कवरिंग और सरफेसिंग के लिए करोड़ रुपये, यात्रियों की सुविधा को बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिक और एसएंडटी वर्क के लिए तीन करोड़ रुपये की लागत शामिल है।

श्री गुर्जर ने कहा कि पलवल के रेलवे स्टेशन का विकास अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। यह योजना दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ-साथ निरंतर आधार पर स्टेशनों के विकास की परिकल्पना पर आधारित है। इस योजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और आवश्यक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए चरणबद्ध तरीके से मास्टर प्लान बनाकर क्रियान्वयन करना है। इस योजना के तहत उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म का निर्माण किया जाएगा, जिसके अंतर्गत सभी यात्रियों की स्टेशन तक सुलभ पहुंच सुनिश्चित करना, सर्कुलेटिंग क्षेत्र को स्टेशन की आवश्यकतानुसार बेहतर बनाना, वेटिंग हॉल का निर्माण, शौचालयों का निर्माण, आधुनिक लिफ्ट/एस्केलेटर निर्माण, साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था सहित सभी यात्रियों को मुफ्त वाई-फाई की सुविधा प्रदान की जाएगी।

सभी नागरिकों को ट्रेनों की सही जानकारी प्राप्त हो सके, इसके लिए रेलवे बोर्ड द्वारा महत्वपूर्ण स्थानों पर होर्डिंग का निर्माण किया जाएगा। इसके माध्यम से रेलवे का टाइम और अन्य जानकारी प्राप्त करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति से पूछना नहीं पड़ेगा। इस योजना के अनुसार रेलवे स्टेशन के मौजूदा भवनों में सुधार किया जाएगा। शहर के दोनों ओर के मार्गों को रेलवे स्टेशन से जोड़ा जाएगा। अवांछित संरचनाओं को हटाकर सड़कों को चौड़ा करके, उचित रूप से डिजाइन किए गए साइनेज, सुगम पैदल पथ, आरक्षित पार्किंग क्षेत्र, लाइटिंग व्यवस्था आदि कर सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए स्टेशन के प्रवेश द्वारों में सुधार किया जाएगा। दिव्यांगजनों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए कम ऊंचाई वाले काउंटर, दिव्यांगजन के लिए शौचालय और निकास के पास सहायता बूथ का भी निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा देश में वंदे भारत नामक 50 रेलगाड़ियां चलाई गई हैं, जिसके माध्यम से छह घंटे का सफर महज तीन घंटे में पूरा किया जाएगा। सरकार की योजना के अनुरूप आगामी तीन वर्षों में देश भर में 400 वंदे भारत रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। इसके अलावा सरकार ने आगामी वर्ष 2047 तक देश में चार हजार 500 वंदे भारत ट्रेन चलाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। सरकार की ओर से रेलवे का नवीनीकरण एवं सौंदर्यीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। विधायक दीपक मंगला ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित अन्य गणमान्य लोगों का स्वागत व्यक्त करते हुए कहा कि पलवल के रेलवे स्टेशन पर लोगों की सुविधा हेतु लिफ्ट लगवाने तथा स्टेशन के जिर्णोद्धार के कार्य को करवाने में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का विशेष सहयोग रहा है। इस मौके पर रेलवे डीआरएम दिल्ली सुखविंदर सिंह ने केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर सहित सभी गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। इस मौके पर नगर परिषद पलवल के चेयरमैन यशपाल, वाइस चेयरमैन मनोज बंधु, महामंत्री वीरपाल दीक्षित, हरेंद्रपाल राणा, महिला मोर्चा अध्यक्ष रश्मि सहरावत, रेलवे यात्री संघ अध्यक्ष प्रकाश मंगला, जिला उपाध्यक्ष महावीर, राजेंद्र बैंसला, प्रवीण ग्रोवर, महेंद्र भडाना, योगेंद्र सहरावत सहित रेलवे के अधिकारी मौजूद रहे।

# अच्छा पर्यावरण स्वस्थ पर्यटन का मुख्य स्रोत




पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र मनचंदा की अध्यक्षता में विश्व पर्यटन दिवस पर अच्छे पर्यावरण स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मनचंदा ने कहा कि पर्यटन मात्र हमारे जीवन में खुशियों के पल को वापस लाने में ही सहायता नहीं करता है, बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज के समय में जहां हर देश की पहली आवश्यकता अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है, वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द गिर्द घूमती है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीको देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश हैं, जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि पर्यटन का महत्व और पर्यटन की लोकप्रियता को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1980 से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितंबर का दिन चुना गया, क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व पर्यटन संगठन का संविधान स्वीकार किया गया था। पर्यटन दिवस की विशेषता यह है कि हर वर्ष जागरूक करने के लिए थीम रखी जाती है।

# बोधराज सीकरी ने सेवा प्रकल्प के तहत की जनसेवा

## पीएम मोदी के जन्मदिन को सेवा प्रकल्प के रूप में किया गया सेलिब्रेट

### जन-जन के बीच जाकर कराए धार्मिक आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के 73वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयुष्मान दिवस व सेवा पखवाड़ा के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बोधराज सीकरी व उनकी सहयोगी टीम के सहयोग से समाज सेवा के प्रकल्प प्रतिदिन किए जा रहे हैं। जिसमें आयुष्मान कार्ड वितरण,


गुरुग्राम में हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेते श्रद्धालु।

स्वास्थ्य शिविर, अंगदान (नेत्र दान), स्वच्छता अभियान, तीन-तीन स्कूलों में महिला प्रकोष्ठ के प्रयास से पेंटिंग प्रतियोगिता, नेपकिन वितरण आदि के अलावा भी कई सराहनीय कार्य किए हैं। बोधराज सीकरी ने इन नेक कार्यों के लिए करनाल से सांसद संजय भाटिया और हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को प्रेरणा स्रोत बताया। इन कार्यों में समन्वय धर्मेंद्र बजाज, गजेन्द्र गोसाई, अनिल कुमार, किशोरी डुडेजा और टीम ने किया। पीएम मोदी के 73वें जन्मदिन के अवसर पर 73 मंदिरों, आर्य समाज मंदिरों और अलग-अलग निवास स्थान पर यज्ञ/हवन का आयोजन हुआ। इसके अलावा मंगलवार को बोध राज सीकरी ने 73 झुग्गी-झोपड़ियों में, बस्तियों में, अलग-अलग स्थानों पर अपनी हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत 11-11 बार पाठ करवाने का काम किया। इन 73 स्थानों पर ब्राह्मणों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया, जिसमें लगभग 4193 भक्तों ने भाग लिया और 38359 बार पाठ किया गया। हनुमान चालीसा पाठ की जो मुहिम पिछले सात महीने से चल रही है, उसके तहत ज्योति पार्क गुरुग्राम में राजकुमार कथूरिया और यश के प्रयास से लगभग 320 श्रद्धालुओं की उपस्थिति में 11 बार पाठ किया गया। अब तक कुल पाठ 357823 हो चुके हैं। 73 स्थानों पर हुए हनुमान चालीसा पाठ में ओमप्रकाश कथूरिया, चेयरमैन ओम स्वीट्स का विशेष तन-मन-धन का सहयोग रहा। उनके अतिरिक्त देवेंद्र सम्राट बेकरी ने भी सहयोग किया। इस दौरान प्रमोद सलूजा, द्वारका नाथ कक्कड़, सुरेंद्र खुल्लर, दलीप लूथरा, रमेश मुंजाल, दलीप मुंजाल, भीम कामरा, कपिल अरोड़ा, सुख देव, पंडित चुन्नी लाल, पंडित हरीश शर्मा, हेमंत मोगिया, नरिंदर गिरधर, किशोरी डुडेजा, युधिष्ठिर अलमादी, सीबी मनचंदा, योगेश गंभीर, अर्जुन, डॉ. अलका शर्मा उपस्थित रहे। महिला प्रकोष्ठ मेंन्योत्सना बजाज, शशि बजाज, रचना बजाज, सिमरन बजाज, वीणा अरोड़ा और गीता, पुष्पा नासा अग्रणी रही।

# गांधी जयंती के बाद रोहतक में तय होगा बीजेपी का 2024 चुनाव रोड मैप


गुरुग्राम में बीजेपी की छोटी टोली की बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व अन्य नेता।

### रोहतक की बैठक में सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों व विभागों के प्रमुखों को बुलाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**वैसे** तो भारतीय जनता पार्टी सदा चुनावी मोड में रहती है। सरकार से इतर संगठन के पदाधिकारी पार्टी की मजबूती के लिए कार्यरत रहते हैं। इसी कड़ी में गांधी जयंती के बाद आगामी 2 अक्टूबर को रोहतक में 2024 के चुनाव को लेकर अहम बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में सभी मोर्चे, प्रकोष्ठ व विभाग प्रमुखों को बुलाया गया है। यह निर्णय गुरुग्राम में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की छोटी टोली की बैठक में लिया गया।

गुरुग्राम में हुई छोटी टोली की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ और प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव ने अब तक हुए संगठनात्मक तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के निमित्त किए गए कार्यों की समीक्षा की। रोहतक में होने वाली बैठक मिशन 2024 को लेकर काफी अहम रहने वाली है, जिसमें आगामी एक साल का रोडमैप तैयार किया जाएगा। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा और प्रदेश महामंत्री वेदपाल एडवोकेट, पवन सैनी, मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित रहे। तीन घंटों तक चली बैठक में तीनों महामंत्रियों ने सेवा पखवाड़ा के आगामी कार्यक्रमों को कैसे आयोजित किया जाए, विषय पर प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी ने भी सेवा पखवाड़ा के दौरान अब तक हुए सेवा कार्यों पर संतुष्टि जताई और विश्वास जताया कि आगामी कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक संपूर्ण किए जाएंगे।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि इस बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं और कई मुद्दों पर चर्चा हुई है। सेवा पखवाड़ा के कुछ कार्यक्रम हो गए हैं और अभी बस्ती संपर्क अभियान का कार्यक्रम बचा हुआ है। सभी कार्यकर्ता दो अक्टूबर तक अनुसूचित जाति वर्ग की बस्तियों में जाएंगे और एक-एक घंटा का समय देंगे। दो अक्टूबर को गांधी जयंती पर पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलेगा। इंडी अलाइंस गठबंधन के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि यह गठबंधन बिखराव पर है।

# नागरिक अस्पताल में कायाकल्प टीम ने दौराकर देखी व्यवस्थाएं

## दौरे से पूर्व अस्पताल को चमकाने में जुटे रहे अधिकारी, कर्मचारी

### लोग बोले, ऐसी व्यवस्था रोज बनी रहनी चाहिए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**सेक्टर**-10 नागरिक अस्पताल में बुधवार को कायाकल्प की तीन सदस्यीय टीम रोहतक से पहुंची। पिछले कई दिनों से इस दौरे की तैयारियां की जा रही थी। अस्पताल के अधिकारी, कर्मचारी सब व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटे थे। अस्पताल में कायाकल्प की टीम के निरीक्षण की तैयारियां पिछले कई दिनों से की जा रही थी। अस्पताल में कोई कमी नजर ना आए, इसका खास ख्याल रखा जा रहा था। टीम के समक्ष उन्हीं स्टाफ मेंबर्स को लाने का प्रयास किया गया, जिन्हें अपने काम की पूरी नॉलेज थी। अस्पताल प्रशासन कायाकल्प टीम के दौरे के दौरान कोई कमी नहीं रहने देना चाहता था, इसलिए सभी स्टाफ मेंबर्स को बकायदा ट्रेनिंग देकर तैयारी कराई गई। टीम ने सफाई व्यवस्था को


गुरुग्राम का सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल।

बारीकी से देखा। रोजाना यहां बनने वाला गंदगी का पहाड़ अस्पताल प्रशासन ने आनन-फानन में उठवा दिया। अस्पताल में कायाकल्प के निरीक्षण के दौरान टीम ने हर विषय को काफी बारीकियों से देखा। स्वच्छता से लेकर मरीजों को दी जा रही सुविधाएं समेत अन्य कई स्थानों का निरीक्षण किया। कुछ जगहों पर टीम ने निरीक्षण के नाम पर खाना-पूर्ति ही की। इससे अस्पताल के कर्मचारियों में भी यह चर्चा रही कि उनके द्वारा की गई मेहनत को टीम द्वारा देखा जाना चाहिए था। टीम की रिपोर्ट में अगर सब व्यवस्थाओं को दुरुस्त बताया जाता है तो अस्पताल को अंकों के आधार पर प्रदेश में नंबर-1 घोषित किया जाएगा। इस पर 50 लाख रुपये की राशि भी अस्पताल को मिलेगी। यह टीम पर निर्भर है कि उन्होंने अस्पताल का कितना मूल्यांकन किया है और वे क्या रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। अस्पताल को नंबर-1 रहने पर 50 लाख रुपये की जो राशि मिलेगी, उससे अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं समेत

### दौरा सिर पर आता है तो करते हैं तैयारी

अस्पताल में साफ-सफाई के काम में तो कुछ दिन पहले से सक्रियता नजर आती है, लेकिन आंतरिक कार्यों में दौरे के अंतिम क्षण आने पर ही भागदौड़ होती है। ऐसी ही हुआ है यहां कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने में। दौरे की सूचना के बाद से कुछ नहीं किया गया। टीम के आने का दिन नजदीक आने पर ही यहां स्टाफ को प्रशिक्षित करने के लिए मैराथन शुरू हुई। सवाल उठता है कि अस्पताल में वही अधिकारी, वही कर्मचारी हैं तो फिर सामान्य दिनों में ऐसी तस्वीर क्यों नहीं नजर आती। अस्पताल की चमकती सूरत देखकर लोगों ने भी कहा कि ऐसी टीमें आती रहें तो अस्पताल में सुधार भी होता रहे। साथ ही कहा कि टीमों को बिना बताए भी दौरा करना चाहिए, ताकि हकीकत भी उन्हें नजर आए।

अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने पर ही खर्च किया जा सकेगा। यह उपलब्धि हासिल करने के लिए नागरिक अस्पताल प्रशासन कायाकल्प की तैयारियों में जुटा रहा है।


गुरुग्राम में बुधवार की सुबह तीन गाड़ियों में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी।

# गुरुग्राम में बुधवार सुबह 5 बजे तीन गाड़ियां जलकर राख

### घटना की तह तक जाने को सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है पुलिस

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बुधवार** की सुबह 5 बजे यहां तीन गाड़ियों में संदिग्ध परिस्थिति में आग लगने की घटना हो गई। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, तीनों गाड़ियां जलकर राख हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार सेक्टर-46 क्षेत्र में रोजाना की तरह शाम को लोगों ने अपनी गाड़ियां खड़ी की थी। सुबह 5 बजे गाड़ियों में आग लग गई। आग की सूचना पर लोग वहां एकत्रित हुए व आग बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच फायर ब्रिगेड को भी घटना की सूचना दी गई। जब आग बुझाने को टीम पहुंची तो आग पूरी गाड़ियों में फैल चुकी थी। आग में आसपास के क्षेत्र चपेट में ना आ जाए, इसके लिए फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत से आग बुझाई। अंदेशा जताया जा रहा है कि किसी व्यक्ति ने इन गाड़ियों में आग लगाई है। घटना की पुख्ता जानकारी के लिए पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज एकत्रित किए जा रहे हैं। तभी यह पता चल सकेगा कि आग के असली कारण क्या हैं।

## बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट चैंपियनशिप में जीते मेडल


**गुरुग्राम।** सेक्टर-22 गांव मोलाहेड़ा में ओपन ऑल इंडिया बेंच प्रेस एवं डेड लिफ्ट चैंपियनशिप आयोजित की गई। इसमें सेक्टर-10ए स्थित बैलेंस फिटनेस लॉन्ज जिम से कोच अभिषेक कश्यप, कोच रिषभ और अक्षय राघव ने भाग लिया। अभिषेक कश्यप ने कुल 1080 किलो भार उठाकर बेंच प्रेस में गोल्ड मेडल जीता। वे अपनी श्रेणी में ओवरऑल चैंपियन बने। उन्होंने डेड लिफ्ट में सिल्वर मेडल जीता। कोच रिषभ ने कुल 930 किलो वजन उठाकर अपने श्रेणी में 2 सिल्वर मेडल जीते। अक्षय राघव ने कुल 845 किलो वजन उठाकर अपनी श्रेणी में दो गोल्ड मेडल जीते।

# बंधन रिटायरमेंट फंड का लक्ष्य रिटायरमेंट के बाद के लक्ष्यों के लिए निवेश किए गए पैसे पर बेहतर रिटर्न प्रदान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**बंधन** म्यूचुअल फंड ने बंधन रिटायरमेंट फंड के लॉन्च की घोषणा की, जिसका उद्देश्य निवेशकों को उनके सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को पूरा करने में मदद करने के लिए इक्विटी, डेट और अन्य निवेश माध्यमों के मिक्स में निवेश करके लंबी अवधि में निवेश किए गए पैसे पर अच्छा खासा रिटर्न प्रदान करना है।

फंड की प्रभावशाली एसेट आवंटन रणनीति निवेशकों को बाजार में गिरावट के दौरान संभावित गिरावट को कम करते हुए इक्विटी बाजार में तेजी से भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। नया फंड ऑफर गुरुवार, 28 सितंबर, 2023 को निवेश के लिए खुलेगा और गुरुवार, 12 अक्टूबर, 2023 को बंद होगा। बंधन रिटायरमेंट फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड



वितरकों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सीधे https://bandhanmutual.com/nfo/bandhan-retirement-fund/ पर किया जा सकता है।

रिटायरमेंट को लेकर योजना बनाना एक महत्वपूर्ण लक्ष्य क्यों है, के बारे में उपयोगी जानकारी देते हुए, श्री विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी लिमिटेड (बंधन एएमसी) ने कहा कि ''आम लोगों की औसत आयु में लगातार बढ़ोतरी, जीवन यापन की बढ़ती लागत और बढ़ती हेल्थकेयर मुद्रास्फीति निवेशकों की बचत को कम कर सकती है, जिससे रिटायरमेंट की योजना बनाना प्रासंगिक हो जाता है।''

उनका कहना है कि ''आम तौर पर, रिटायरमेंट योजना बनाने के लिए रूढ़िवादी दृष्टिकोण वाले निवेशक मुद्रास्फीति को मात देने के लिए संघर्ष करते हैं, और अपने खर्चों को पूरा करने के लिए धन की कमी का सामना करते हैं।

हालांकि रिटायरमेंट के बाद समान जीवन स्तर बनाए रखना जरूरी है, लेकिन तैयारियों की कमी एक बड़ी रिटायरमेंट फंड के यात्रा को पटरी से उतार सकती है। म्यूचुअल फंड रिटायरमेंट योजना के लिए एक प्रभावी माध्यम है, जो सिस्टेमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से निवेश करने की लचीलापन प्रदान करता है।

# इस वर्ल्ड हार्ट डे पर मेडीबडी के साथ रखें अपने दिल का ध्यान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वर्ल्ड** हार्ट डे के मौके पर भारत के सबसे बड़े डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी ने लोगों को अपने दिल की सेहत का ध्यान रखने के लिए प्रेरित करते हुए हार्टयोरओनहार्ट कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन का लक्ष्य लोगों को दिल की सेहत को प्राथमिकता देने और ऐसी लाइफस्टाइल अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, जो उनके दिल को स्वस्थ रखे।

इस पहल के साथ मेडीबडी दिल को छू लेने वाला एक अभियान शुरू कर रहा है, जो लोगों को अच्छी लाइफस्टाइल अपनाने की प्रेरणा देगा। यह इस बात की याद दिलाता है कि दिल का ध्यान रखकर हम अपनी और अपनों की अच्छी जिंदगी सुनिश्चित कर सकते हैं। मेडीबडी की यह प्रतिबद्धता गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को सबकी पहुंच में लाने के



उसके मिशन के ही अनुकूल है इस कैंपेन के बारे में मेडीबडी के हेड ऑफ मार्केटिंग, पार्टनरशिप्स एंड पीआर श्री साइबल बिस्वास ने कहा, 'आपका दिल आपका सबसे महत्वपूर्ण अंग है और इसको पूरे देखभाल की जरूरत होती है। कैंपेन का उद्देश्य है कि लोग ऐसा भोजन करें जो दिल के लिए अच्छा है, एक्टिव रहें, धूम्रपान न करें, तनाव न लें और नियमित जांच कराते रहें। वर्ल्ड हार्ट डे एक मौका है स्वस्थ दिल की ओर कदम बढ़ाने का। मेडीबडी में हमारा मानना है कि दिल की सेहत के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाकर हम लोगों को स्वस्थ एवं सुखी जीवन जीने में मदद कर सकते हैं।'


# फोनपे ने इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म के लॉन्च की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

फोनपे ने आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म लॉन्च करने की घोषणा की। इस लॉन्च के साथ, इंडस ऐपस्टोर सभी एंड्रॉइड ऐप डेवलपर्स को स्व-सेवा डेवलपर प्लेटफॉर्म www.indusappstore.com का उपयोग करके अपने ऐप को पंजीकृत करने और अपलोड करने के लिए आमंत्रित करता है।

इन ऐप्स को जल्द ही लॉन्च होने वाले ''मेड-इन-इंडिया'' इंडस ऐपस्टोर पर सूचीबद्ध किया जाएगा, जो 12 भाषाओं में स्थानीय अनुभव प्रदान करेगा, जो पूरी तरह से भारतीय ग्राहकों के लिए अनुकूलित है।

पहले साल में, इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफॉर्म पर ऐप लिस्टिंग मुफ्त होगी। इसके बाद नाममात्र वार्षिक शुल्क लागू होगा। इंडस




ऐपस्टोर इन-ऐप पेमेंट के लिए डेवलपर से कोई प्लेटफ़ॉर्म शुल्क या कमीशन नहीं लेगा। डेवलपर्स किसी भी पेमेंट गेटवे को अपने ऐप में एकीकृत कर सकते हैं।

''आकाश डोंगरे, CPO और सह-संस्थापक, इंडस ऐपस्टोर ने लॉन्च पर बात करते हुए कहा, ''भारत 2026 तक 1 बिलियन से अधिक स्मार्टफोन उपयोगकर्ताओं के लिए तैयार है, जो हमारे लिए एक आधुनिक, स्थानीयकृत एंड्रॉइड ऐप स्टोर बनाने का एक बड़ा अवसर प्रदान करेगा। इतना बड़ा उपभोक्ता बाज़ार होने के बावजूद, ऐप डेवलपर्स को अपने ऐप वितरित करने के लिए हमेशा केवल एक ऐप स्टोर - Google Play Store - के साथ काम करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इंडस ऐपस्टोर को उम्मीद है कि वह ऐप डेवलपर्स को Google Playstore का एक विश्वसनीय विकल्प प्रदान करेगा - जो अधिक स्थानीयकृत है और बेहतर ऐप खोज और उपभोक्ता जुड़ाव प्रदान करता है। हम आज इंडस ऐपस्टोर डेवलपर प्लेटफ़ॉर्म लॉन्च करने के लिए उत्साहित हैं, और सभी डेवलपर्स को मेड इन इंडिया ऐपस्टोर पर अपने ऐप सूचीबद्ध करने के लिए आमंत्रित करते हैं।' इंडस ऐपस्टोर डेवलपर्स को भारतीय एंड्रॉइड बाजार में प्रवेश करने के लिए एक वैकल्पिक वितरण चैनल प्रदान करेगा।

# बीबेट्टा एप के साथ स्पोर्ट्स एंगेजमेंट को मिली नई परिभाषा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्पोर्ट्स एंगेजमेंट प्लेटफ़ॉर्म बीबेट्टा अपने नए फ्री-टू-प्ले एप के साथ फैंटेसी स्पोर्ट्स को नई पहचान देने के लिए पूरी तरह तैयार है। पारंपरिक स्पोर्ट्स बेटिंग एप से इतर बीबेट्टा ऐसी स्पोर्ट्स कम्युनिटी बनाने के प्रयास में है, जिसमें एकता और सहयोग की भावना हो और जिसे गेमिंग से प्यार हो। स्पोर्ट्स के लाखों दीवानों को साथ जोड़ते हुए बीबेट्टा ने एक गेमचेंजर के रूप में पहचान बनाई है। इसने प्रतिस्पर्धा के रोमांच और टीम भावना पर जोर देते हुए स्पोर्ट्स एक्सपीरियंस को नई परिभाषा दी है।

आगामी क्रिकेट विश्व कप के साथ-साथ बीबेट्टा प्रशंसकों को क्रिकेट, फुटबॉल और कबड्डी जैसे पसंदीदा खेलों से जुड़ने का रास्ता देगा। बीबेट्टा एक स्पोर्ट्स प्रेडिक्शन एप है, जहां यूजर असली पैसा लगाए बिना ही रिवार्ड पा सकेंगे। एप में यूजर्स को स्कोर और मैच अपडेट

### स्पोर्ट्स बेटिंग एप से इतर बीबेट्टा ऐसी स्पोर्ट्स कम्युनिटी बनाने के प्रयास में

जैसे रियल टाइम स्पोर्ट्स फीड, स्पोर्ट्स समाचार और स्पोर्ट्स सेलिब्रिटीज के एक्सक्लूसिव पॉडकास्ट भी मिलेंगे।

पर्सनलाइजेशन, व्यक्तिगत प्राथमिकता के हिसाब से कंटेंट देना इसका खास फीचर है, जो यूजर्स को उनके पसंदीदा खेल और टीम के बारे में अपडेट रखेगा। यूजर्स आगामी मैचों के लिए प्रेडिक्शन कर सकते हैं। इसकी अपनी इन-एप करेंसी इसे और रोमांचक बना देती है।

बीबेट्टा के संस्थापक एवं सीईओ श्री मीत शाह ने कहा, 'बीबेट्टा मात्र एक स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि एक डायनेमिक प्लेग्राउंड है, जहां पार्टनरशिप करके इनाम जीता जा सकता है। हमारा मिशन स्पोर्ट्स के दीवानों को एक करना, उन्हें जुड़ने, चैट करने और अपनी पसंदीदा टीम और खिलाड़ी के लिए चियर करने का मौका देना है। बीबेट्टा सिर्फ जीतने पर केंद्रित नहीं है, बल्कि यह लोगों को खेलों की दुनिया में डूबने, उस ऊर्जा को अनुभव करने और टॉप ब्रांड्स से रिवार्ड जीतने का भी मौका देता है। हम मानते हैं कि खेलों का असली आनंद दोस्तों के साथ ही आता है।'बीबेट्टा के सह-संस्थापक केजल शाह ने कहा, ''मैं इस सफर का हिस्सा बनने और यह देखने के लिए उत्साहित हूं कि बीबेट्टा कैसे खेलों को लेकर भारतीयों का अनुभव बदल रहा है। यह मात्र एक प्लेटफॉर्म नहीं है, बल्कि एक आंदोलन है, जो खेलों का उत्सव मनाता है।'

बीबेट्टा स्पोर्ट्स एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में एक क्रांति है। यह यूजर्स को मात्र एक दर्शक बने रहने से ज्यादा का अवसर देता है। यह उन्हें खुद की शर्तों पर स्टार बनने का मौका देता है। यह एप गूगल प्ले स्टोर और एप स्टोर पर उपलब्ध है।

# टोक्यो रिसर्च एडवेंचर पर पहुंचे शूलिनी यूनिवर्सिटी के शुभांग झा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**शूलिनी** यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे द्वितीय वर्ष के छात्र शुभांग झा युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़ी मिसाल बन गए हैं। मूल रूप से नेपाल के रहने वाले पर भारत की आलीशान विरासत और जीवंत रीति-रिवाजों से सजी एक राजधानी में पले बढ़े शुभांग झा, जिनका पालन-पोषण उनके प्रोफेसर माता-पिता ने किया था, उनमें हमेशा से सीखने का एक जुनून था। हालाँकि शुरू में उन्होंने एक इंजीनियर बनने का सपना देखा था, लेकिन धीरे- धीरे जब वे केमिकल बायोलॉजी में रुचि लेने लगे तो अनुसंधान उनकी सबसे बड़ी पसंद बन गई।

कोविड-19 महामारी के कारण पैदा हुई परिस्थितियों के बीच शुभांग एक आदर्श शैक्षणिक संस्थान की तलाश कर रहे थे। तभी उन्हें शूलिनी यूनिवर्सिटी के समिट रिसर्च प्रोग्राम (एसआरपी) के बारे में पता चला, जो मास्टर डिग्री के लिए टोक्यो यूनिवर्सिटी तक पहुंचने में उनके लिए मददगार साबित हो सकता था।

शुभांग को शूलिनी की ओर आकर्षित करने की सबसे बड़ी वजह अद्वितीय स्नातक अनुसंधान कार्यक्रम, एसआरपी, ही थी। अपने सफलता के ट्रैक रिकॉर्ड के कारण ही एसआरपी पूरे भारत के हर राज्य से होनहार छात्रों को आकर्षित करता है। पेटेंट और पब्लिकेशंस के साथ - साथ अपने उम्दा अनुसंधान आउटपुट के लिए प्रख्यात यह कार्यक्रम अनुसंधान और नई खोज का पता लगाने के इच्छुक महत्वाकांक्षी लोगों के बीच बहुत प्रतिष्ठित है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रासंगिक लाइव रिसर्च प्रोजेक्ट्स पर अनुभवी प्रोफेसरों के साथ काम करने का सुनहरा मौका शुभांग खोना नहीं चाहते थे। सभी को साथ ले कर चलने वाले प्रयोगशाला के वातावरण और अपनी इच्छा से मार्गदर्शन देने वाले प्रोफेसरों ने यूनिवर्सिटी में उन पर एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने कहा कि शूलिनी का हिस्सा बनने का फ़ैसला उनका अब तक का सबसे बुद्धिमानी भरा फ़ैसला था।

शुभांग के इस सफ़र में महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब उन्होंने जापान की सबसे जानीमानी टोक्यो यूनिवर्सिटी में रसायन विज्ञान में मास्टर डिग्री करने का अवसर ढूंढा, जिसमें पढ़ना कई महत्वाकांक्षी वैज्ञानिकों का सपना रहा है। आवेदन प्रक्रिया के दौरान, शूलिनी



यूनिवर्सिटी में अंतर्राष्ट्रीय मामलों के कार्यालय (ओआईए) की टीम ने उन्हें बहुमूल्य अंतर्दृष्टि और सही मार्गदर्शन दिया। जिससे यह सुनिश्चित हो गया की टोक्यो यूनिवर्सिटी में स्थान सुरक्षित करने पर उन्हें हर सुविधा मिले। शुभांग की बेहतरीन शैक्षणिक काबिलियत के साथ उनकी पूर्ण निष्ठा के कारण, टोक्यो यूनिवर्सिटी में रसायन विज्ञान में ग्लोबल साइंस कोर्स अंडरग्रेजुएट ट्रांसफर प्रोग्राम के लिए उनका चयन हुआ। उनकी इच्छा अपने पसंदीदा अध्ययन के क्षेत्र में पीएचडी करने के बाद किसी प्रतिष्ठित अनुसंधान में पोस्टडॉक्टरल अध्ययन करने की है।

शुभांग अपने इस सफ़र को तय करने में अपने मातृ संस्थान को सादर धन्यवाद देते हैं। वह यह मानते हैं कि शूलिनी में उन्हें जो शिक्षा और मार्गदर्शन मिला, वह उनके शैक्षणिक जीवन को संवारने में बहुत अहम भूमिका निभाता है।

शुभांग की शानदार रिसर्च के सफर के बारे में बताते हुए, शूलिनी यूनिवर्सिटी के प्रो चांसलर विशाल आनंद ने कहा कि, ''शूलिनी से टोक्यो यूनिवर्सिटी तक शुभांग झा का सुनहरा सफर उनके प्रतिभा के धनी होने के साथ - साथ उनके वैज्ञानिक अनुसंधान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शूलिनी में, हम शुभांग जैसे दूरदर्शी लोगों से अक्सर प्रेरणा लेते हैं, जो नव परिवर्तन, नई खोज के भविष्य की डोर संभाले हुए हैं। उनकी उपलब्धियाँ हमें यह बताती हैं कि समर्पण और सही मौके के साथ, हमारी अगली पीढ़ी के लीडर्स लगातार प्रगति की सीढ़ियां चढ़ते रहेंगे। और सभी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को आकार देंगे।''

शूलिनी यूनिवर्सिटी भारत की पहली जैव प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी है जो अपने बेहतरीन फैकल्टी, अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, लाइव रिसर्च प्रोजेक्ट्स और सफल प्लेसमेंट के लिए जानी जाती है। इस यूनिवर्सिटी का गौरव वहा के हाईली क्वालिफाइड फैकल्टी है, जिनमें से लगभग सभी के पास पीएचडी योग्यता है और 50% के पास वैश्विक अनुसंधान पोर्टफोलियो है। यहां छात्रों को उनके प्रथम वर्ष से ही लाइव रिसर्च प्रोजेक्ट्स दिए जाते हैं। भारत सरकार से प्रतिस्पर्धी अनुदान के माध्यम से प्राप्त अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं तक शूलिनी की पहुंच को सुगम बनाया गया। एक हाल ही में ढांचागत अनुदान भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ श्रेणी की बायोटेक अनुसंधान तकनीक बनाने के लिए PURSE (यूनिवर्सिटी अनुसंधान और वैज्ञानिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देना) को रुपए 9 करोड़ का अनुदान दिया गया है।

शूलिनी यूनिवर्सिटी देश में सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ बहु-विषयक पाठ्यक्रम प्रदान करती है। यह यूनिवर्सिटी 1,300 से अधिक पेटेंट दर्ज कर चुकी है, और वहाँ के दो शोधकर्ता दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 1% वैज्ञानिकों में हैं। शूलिनी यूनिवर्सिटी की उद्योग में मजबूत साझेदारियाँ हैं, जिनकी मदद से विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है। शूलिनी यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश में भारत की अग्रणी अनुसंधान-आधारित युवा प्राइवेट यूनिवर्सिटी है, जो भारतीय युवाओं को कौशल और इनोवेशन की क्षमता प्रदान कर रही है।

# सरकार दलितों के साथ अपनेपन का ढोंग रचती है : नरेश शास्त्री

## तीसरे दिन सफाई व्यवस्था के कामकाज को ठप्प कर नपा सफाई कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**चिराग गोयल।** फिरोजपुर झिरका



चार दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मचारी।



फिरोजपुर झिरका सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते राज्य प्रधान नरेश शास्त्री

**नगर** पालिका कर्मचारी संघ जिला नूह के उपप्रधान मुकेश कुमार की अगुवाई में चल रहे चार दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल के दौरान कर्मचारी यूनियन के राज्य प्रधान नरेश शास्त्री अपनी कर्मचारी यूनियन की टीम के साथ फिरोजपुर झिरका के कर्मचारियों द्वारा की जा रही हड़ताल की हौसला अफजाई करने के लिए नपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे जहां कर्मचारियों ने अपने नेता के आगमन पर फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। वहीं प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।

फिरोजपुर झिरका नगर पालिका कार्यालय के बाहर चार दिवसीय क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों का हौसला उसे समय और दोगुना हो गया जब उनके कर्मचारी नेता उनके बीच है राज्य कर्मचारी यूनियन के प्रधान नरेश शास्त्री ने कहा कि सरकार के नेता और मंत्री दलितों के घर खाना खाकर केवल अपनेपन का ढंग रखते हैं जबकि उनकी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए केवल वादे करते हैं उन्हें पूरा करने के लिए सरकार के समक्ष अपनी आवाज नहीं उठाते हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार किसान विरोधी कर्मचारी विरोधी सरकार है।

राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने कहा कि सरकार की कटनी और करनी में भारी अंतर है सरकार कर्मचारी यूनियन के नेताओं से कहती कुछ है और करती कुछ है। सरकार द्वारा लंबे समय से किया जा रहे हैं अपने वादों को पूरा नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते पूरे प्रदेश में हर सरकारी विभाग के कर्मचारी अपनी-अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं । अगर प्रदेश सरकार 14 अक्टूबर तक होने वाली रात तक की आक्रोश रैली से पहले मांगों को मानती है तो ठीक है वरना 15 अक्टूबर को ही हरियाणा के रोहतक जिले से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की जाएगी । हाल ही में आशा वर्कर द्वारा पूरे प्रदेश में लगभग 50 दिन से हड़ताल कर धरना प्रदर्शन किया जा रहे हैं लेकिन प्रदेश की गूंगी बहरी सरकार कर्मचारी वर्कों की मांगों पर विचार करने को तैयार नहीं है उन्होंने कहा कि हाल ही में आशा वर्कों द्वारा जेल भरो आंदोलन भी किया गया जिसमें लगभग प्रदेश भर में 40 हजार से अधिक आशा वर्करों ने अपनी गिरफ्तारियां दी लेकिन सरकार के कानों पर कोई जू नहीं रही हैं। कर्मचारी संघ जिला नूह के वरिष्ठ उप प्रधान मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश भर के सभी कर्मचारियों द्वारा 15 अक्टूबर को एक आक्रोश रैली रोहतक में निकाली जायेगी।

अगर प्रदेश सरकार द्वारा उसे रैली में भी कर्मचारियों के साथ हुए समझौते को लागू नहीं करती है तो वहीं से ही बड़े आंदोलन का ऐलान होगा।

# दूसरे दिन भी फिरोजपुर झिरका बार के वकीलों ने रखा वर्क सस्पेंड



दूसरे दिन भी वर्क सस्पेंड कर बैठे अधिवक्ता।

**चिराग गोयल**, फिरोजपुर झिरका।

**झिरका** बार एसोसिएशन के प्रधान मुसर्रत अली ख़ान एडवोकेट ने बार काउंसिल ऑफ़ पंजाब एंड हरियाणा के आह्वान पर एक मीटिंग बार रूम में रखी। जिसकी अध्यक्षता झिरका बार के प्रधान मुसर्रत अली ख़ान एडवोकेट ने की। जिसमें बार के सभी अधिवक्ताओं ने बुधवार दूसरे दिन भी वर्क सस्पेंड रखने का फ़ैसला लिया।बुधवार को झिरका बार के सभी वकील अदालत के कामकाज से नदारद रहे। पेशी पर आए हुए मुवक्किलों की आगामी तारीख प्रॉक्सी काउंसिल एडवोकेट मुमताज बदरपुर और एडवोकेट मोहित बेंसला और अख़्तर हुसैन एडवोकेट ने लगवाई।

इस मामले को लेकर पंजाब,हरियाणा और चंडीगढ़ के वकीलों का एक दल पंजाब के मुख्यमंत्री से मिलेगा और सभी वकीलों ने तय किया कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाएंगी तब तक पंजाब,हरियाणा और चंडीगढ़ के सभी वकील हड़ताल पर रहेंगे। झिरका बार के प्रधान मुसर्रत अली ख़ान ने कहा कि आरोपी पुलिस वालों के ख़िलाफ़ मुक़दमा दर्ज किया जाए और पीड़ित वकील के ख़िलाफ़ दर्ज मुक़दमे को रद्द किया जाए और इस पूरे मामले की जाँच पंजाब के बाहर की पुलिस के किसी उच्च अधिकारी से कराई जाए। बार के प्रधान एडवोकेट मुसर्रत अली ख़ान बार के उपप्रधान माँन सिंह सैनी,बार के सचिव ख़ुशी मोहम्मद अगोन,बार के सहसचिव रिज़वान नगीना ने सरकार से एडवोकेट प्रोटेक्शन बिल को जल्द से बनाने की माँग की। इस मोके पर बार के पूर्व प्रधान मोहन गोयल,पूर्व प्रधान राजकुमार गुप्ता,पूर्व प्रधान हारून नगीना,पूर्व प्रधान अय्यूब ख़ान,पूर्व प्रधान प्रमोद माहेश्वरी,बार के सचिव ख़ुशी मोहम्मद,नय्यर आलम,मुकेश गोयल आदि मौजूद रहे।

# अनियमित कॉलोनी से 5 एकड़ भूमि पर अवैध निर्माण को पीले पंजे की सहायता से गिराया

## किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा जाएगा: डीटीपी

**पायनियर समाचार सेवा।** फिरोजपुर झिरका



**फिरोजपुर** झिरका अर्बन कंट्रोल एरिया में किसी भी अनियमित कॉलोनी को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। अनियमित कॉलोनी को बढ़ावा देने वाले लोगों के खिलाफ जल्द ही मुकदमे दर्ज कराएंगे और किसी भी अवैध निर्माण को बख्शा जाएगा। उक्त बातें फिरोजपुर झिरका बीवा रोड स्थित दो एकड़, सलेला-राजौली मोड, मदापुर पर तीन एकड़ में बन रही अनियमित कॉलोनी के अवैध निर्माण को बुलडोजर की सहायता से ढहाने के बाद जिला नगर योजना कर विभाग के अधिकारी बिनेश कुमार ने कही।

डीटीपी ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के चारों ओर कुछ प्रॉपर्टी डीलर किस्म के लोग लोगों की आंखों में धूल झोकर उनके खून पसीने की कमाई को लूटने के साथ-साथ अनियमित कॉलोनी को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं ,जो अनियमित कॉलोनी में प्लाटिंग कर गरीबों के खून पसीना की कमाई को लूट रहे हैं। ऐसे लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए जाएंगे।

### डीटीपी ने की अपील

कोई भी व्यक्ति अनियमित कॉलोनी में प्लॉट को ना खरीदे , शहर में किसी भी अनियमित कॉलोनी को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा । गरीब लोगों की खून पसीना की कमाई जो प्रॉपर्टी डीलर लूटने का काम कर रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

साथ ही अर्बन कंट्रोल एरिया के अंदर किसी भी अनियमित कॉलोनी को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। अनियमित कॉलोनी को बढ़ावा देने वाले सभी अवैध निर्माण को समय-समय पर गिराने का कार्य डीटीपी विभाग द्वारा किया जाएगा।

डीटीपी बिनेश कुमार ने बताया कि किसी भी अनियमित कॉलोनी को विकसित नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लगातार अनियमित कॉलोनी पर कार्रवाई जारी है। इस कॉलोनी पर भी दूसरा नोटिस चस्पा कर दिया है ,जल्द ही अनियमित कॉलोनी को बढ़ावा देने वाले रास्तों को भी काटा जाएगा । उन्होंने बताया कि सात दिन के बाद अगर फ्लोटिंग करने वाले प्रॉपर्टी डीलर डीटीपी विभाग से अनुमति नहीं लेते हैं। तो से दिन बाद पुनः सात दिन बाद बुलडोजर की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और बनाए गए सभी अवैध रास्ते को काटा जाएगा।

# सरकारी खरीद के तीसरे दिन हेफेड ने 721 क्विंटल बाजरा खरीदा

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना।

**स्थानीय** अनाज मंडी में हेफेड ने बुधवार को 721 क्विंटल बाजरे की सरकारी खरीद की। जबकि 300 क्विंटल के लगभग किसनों ने अपना बाजारा निजी एजेंसियों को बेचा। बारदाना न होने से खरीदा गया बाजारे को आढ़तियों की मदद ली गई।

एक दिन के बाद हेफेड ने बुधवार को दोपहर एक बजे के बाद से किसानों द्वारा सरकारी खरीद में बाजरा बेचा। किसान सुबह 9 बजे से ही सरकार के खाते में बेचने के लिए अपना बाजरा लेकर आना शुरु हो गए थे। लेकिन हेफेड के कमज़्चारी देर से आने तक किसानों की धडकने धड़कती रही। उन्हे डर था कि कही बुधवार को भी हेफेड मंगलवार की तरफ से उनका बाजरा न खरीदे। जानकारी के अनुसार हेफेड की टीम को एक अन्य अनाज मंडी में भी बाजरे की खरीद करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंगलवार को उन्होने दूसरी मंडी में बाजरे की खरीद की थी। बुधवार को 27 किसानों ने अपना 721 क्विंटल बाजरा सरकार के खाते में बेचा। बाजरे की सभी ढेरियों को पास किया गया। जबकि जिन किसानों के बाजरे में मौसम के कारण नमी थी या बरसात में भीग गया था।



### खाली बारदाना की कमी

**स्थानीय** मंडी में बाजरे की खरीद शुरु हुए तीन दिन हो गए। लेकिन हेफेड सरकार के खाते में खरीदा गया बाजरे को सुरक्षित भरने के लिए खाली बारदाने का प्रबंध नहीं कर सका है। जिससे किसानों से खरीदा गया बाजरे को आढ़तियों की मदद से लिए गए खाली बारदाने में भरा जा रहा है। अभी तक तीन दिन में बाजरे की सरकारी खरीद सही हुई है। किसानों को फेन करके बाजरे की सरकारी खरीद होने की जानकारी दी जा रही है। जानकारी प्राप्त के साथ ही किसान अपना बाजार बिक्री के लिए मंडी में लेकर आना शुरु हो गए है।( विरेन्द्र सिंह-मंडी सुपरवाइजर)

उन्होने निजी एजेंसियों को अपना बाजरा बेच दिया। हेफेड ने बीते तीन दिन में 733 क्विंटल बाजरा सरकार के खाते में खरीदा है। बाजरे की सरकारी खरीद सोमवार से प्रदेश के अंदर शुरु की गई थी।

# खेत में काम कर रहे लोगों से की मारपीट, तीन घायल

**तावडू।** उपमंडल के गांव छारोडा में खेत पर मजदूरों के साथ काम करने गए व्यक्ति के साथ एक पक्ष द्वारा लाठी डंडा आदि हथियारों से मारपीट करने का मामला सामने आया है।मारपीट में तीन के घायल होने की खबर है।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 11 नामजद सहित अन्य के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पीड़ित मुबीन ने पुलिस को शिकायत में बताया कि 21 सितंबर सुबह 7ः00 बजे के करीब वह मजदूरों के साथ खेत में काम कर रहा था।आरोप है कि इस दौरान गांव के ही एक परिवार से 10 -15 लोग षड्यंत्र के तहत अपने हाथों में लाठी डंडे आदि हथियार लेकर आए,जिन्होंने आते ही सभी को घेर हमला कर दिया।हमले में उनके साथ काम कर रहे मजदूर घायल हो गए। वह हमलावरों से अपनी जान बचाकर भागा रहा तो उन्हें घेर लिया गया,जिनमे से एक ने मोबाइल भी छीन लिया। पुलिस ने मोबाइल छीनने की बात से इनकार करते हुए आरोपी हारीश,जाकर, इमरान,हयात,जमशेद, सुभान खान, अब्बास, साहब खान, इखलास, निशाक और मेमुना सहित अन्य के खिलाफ कार्रवाई की ।

# पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान पहुंचे इनेलो कार्यालय, कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत





**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात कैथल

**रैली** में इनेलो की रैली में शामिल हुए पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान बुधवार को अनाज मंडी नूंह स्थित इनेलो कार्यालय पहुंचे तो इनेलो नेताओं - कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया।

आपको बता दें कि इससे पहले इंडियन नेशनल लोकदल में जिले में कोई बड़ा चेहरा शामिल नहीं था। पूर्व सांसद चौधरी मरहूम रहीम खान के साहबजादे पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान के इनेलो में शामिल होने के बाद अब पार्टी को एक बड़ा चेहरा इलाके में मिल गया है और नूंह विधानसभा का मुकाबला अब त्रिकोणीय होता दिख रहा है। मौजूदा विधायक एवं सीएलपी उपनेता आफताब अहमद, पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन एवं पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान के बीच अब आने वाले विधानसभा चुनाव में कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है।

पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर वर्ष 2005 में नूंह विधानसभा से जीत दर्ज की हुई है।

पूर्व विधायक ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मेवात की जरूरत को सामने रखते हुए जिस तरह से धर्मनिरपेक्ष हमारे नेता अभय सिंह चौटाला हैं, उनको देखते हुए हमने तय किया है कि उनकी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि अब वह विधानसभा व पार्टी नहीं बदलेंगे। अब यह आखिरी अवसर है, उनके अलावा अन्य दल के नेताओं ने भी दल व विधानसभा क्षेत्र बदले हैं। पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान ने कहा कि जो संसद में भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी की घटना हुई है। यह बेहद गलत है। जिसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। संसद के अंदर उन्होंने गंदे बोल बोल बोले हैं। देश की इज्जत को धब्बा लगाने का काम किया है। पूर्व विधायक ने कहा कि मैं इसकी मजम्मत करता हूं। इससे बड़ा कुछ हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद भी भाजपा - आरएसएस ने कुश्ती संघ का दिल्ली का अध्यक्ष बनाया है। देश के संविधान को यह खत्म करना चाहते हैं। देश की धर्मनिरपेक्षता व संविधान को पूरी तरह से खत्म करना चाहते हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि जनता आज जागरुक है। अब देश की जनता ने इन्हें सत्ता से उखाड़ कर फेंक देने का मन बना लिया है। पूर्व विधायक ने कहा कि पहले में पुनहाना विधानसभा से तैयारी कर रहा था। नूंह हिंसा के दौरान इसलिए नूंह में कम आना जाना था।

उन्होंने पहले भी नूंह हिंसा को लेकर अपना बयान दिया था, लेकिन नूंह हिंसा सरकार और प्रशासन का पूरी तरह से फेलियर है। डीसी - एसपी का हिंसा के दौरान छुट्टी पर रहना। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं करना। यह प्रशासन का पूरी तरह से फैलियर रहा है। दोबारा जलाभिषेक यात्रा में पत्ता भी नहीं हिला। अगर इसी तरह पहले यात्रा में इंतजाम किए होते तो किसी प्रकार का कोई तनाव देखने को नहीं मिलता।

यह शांतिप्रिय इलाका है। इससे पहले भी यात्राएं हुई हैं और आगे भी होती रहेगी। यहां किसी प्रकार की कोई बात नहीं है। हबीबुर्रहमान ने कहा कि जहां तक आने वाले विधानसभा में चुनाव की बात है अभी मैं यहां नया आया हूं। पहली बार मीटिंग में शिरकत की है।

# उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने की विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा



उपायुक्त नूंह समीक्षा बैठक करते हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

**उपायुक्त** धीरेंद्र खडगटा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की आगामी बैठक की तैयारियों के मद्देनजर संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर की जा रही कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दिशा की बैठक में अपने विभाग के संबंधित सभी बिंदुओं पर स्पष्ट कार्यवाही रिपोर्ट लेकर आएं तथा सक्षम अधिकारी स्वयं बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने बताया कि केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यान्वयन व योजना राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में आगामी 3 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक होगी। इस बैठक में केंद्रीय मंत्री द्वारा केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी, इसलिए संबंधित विभाग अपने कार्यों व योजनाओं की प्रगति का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत करेंगे।

उपायुक्त ने आज मीटिंग में पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन, अम्रुत, शिक्षा, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, महिला एवं बाल विकास, पंचायती राज, कृषि व बिजली विभाग सहित विभिन्न विभागों के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों, विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त रेनू सोगन, एसीयूटी राहुल, सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भूख हड़ताल पर बैठे सफाई कर्मियों ने सरकार के खिलाफ निकाली रैली




**सोहना।** अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे नगर परिषद के सफाई कर्मियों ने बुधवार को बाजार में प्रदेश सरकार के खिलाफ रैली निकाली। रैली में प्रदेश सरकार के विरोध में नारे लगाएं गए। प्रदेश सरकार पर कर्मचारियों की मांगों को पूरा न करने को आरोप लगाया गया। सोमवार से अपनी मांगों को लेकर नगर परिषद के सफाई कर्मी भूख हड़ताल पर परिषद कार्यालय के गेट पर बैठे है। भूख हड़ताल के तीसरे दिन बुधवार को सफाई कर्मियों ने दोपहर हाजिर के दौरान एकजुट होकर शहर में प्रदेश की भाजपा सरकार के विरोध में रैली निकाली। रैली में महिला एवं पुरुष सफाई कर्मियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सफाई कर्मियों ने प्रदेश सरकार पर नारेबाजी करते हुए कर्मचारियों की विरोध करार दिया। मांगें न मानने वाली सरकार को चुनाव में सबक सिखाने की बातें कही। आने वाले लोक सभा व विधान सभा के चुनावों में सरकार का तख्ता पलट करने के लिए राज्य के सभी कर्मचारियों की एकता की ताकत दिखाने की चेतावनी दी। आज की रैली की अगुवाई कर रहे यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने कहा कि जैसे-जैसे यूनियन के आदेश उनके पास आते रहेंगे। विरोध प्रदर्शन को वैसा-वैसा किया जाएगा। अभी भूख हड़ताल है। जरुरत पड़ने पर सड़कों पर उतर कर रास्ता जाम करने के लिए भी तैयारी के आदेश कभी भी हो सकते है।

### गुरुग्राम विवि में लगे शिविर में 114 यूनिट किया रक्तदान




गुरुग्राम विवि में रक्त दान शिविर में रक्त दाताओं को सम्मानित करते अतिथि।

**गुरुग्राम।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गुरुग्राम विश्वविद्यालय में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विश्वविद्यालय के छात्र, यूथ रेड क्रॉस एवं एनएसएस स्वयंसेवकों और शिक्षकों, कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के यूथ रेड क्रॉस द्वारा आयजित शिविर का उद्घाटन गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार, विशिष्ठ अतिथि सचिव जिला रेड क्रॉस सोसायटी विकास कुमार ने रिबन काट कर किया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि रक्त दान शिविर में 114 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है। जिससे जरूरतमंद लोगों की मदद की जाएगी। विश्वविद्यालय नियमित रूप से मानव सेवा के लिए अपने छात्रों, कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के चिकित्सा लाभ के लिए निःशुल्क मेडिकल शिविर आयोजित करता आ रहा है। कुलपति ने कहा कि एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान तीन व्यक्तियों की जिंदगी बचाता है। डॉक्टरों ने बताया कि स्वस्थ लोगों द्वारा रक्त दान करने से दिल की बीमारियों में सुधार और स्ट्रोक के खतरे को कम माना जाता है। जिला रेड क्रॉस सोसायटी सचिव विकास कुमार ने कहा कि हमें नियमित अंतराल पर रक्तदान करते रहना चाहिए। इससे शरीर स्वस्थ्य रहता है और चित्त भी शांत रहता है। इस मौके पर यूथ रेड क्रॉस समन्वयक डॉ. नीलम वशिष्ठ, डॉ. अंशिता, रेडक्रास सोसायटी से अतुल कुमार पराशर, आकांक्षा, कविता सरकार, श्यामा राजपूत तथा सिविल अस्पताल ब्लड बैंक से डॉ. राजोरा व टीम के सदस्यों आदि का विशेष सहयोग रहा।

### श्याम प्रेमियों ने धूमधाम के साथ निकली श्याम डाक ध्वजा यात्रा



**फिरोजपुर झिरका।** श्री श्याम सखा मंडल के तत्वाधान में श्री श्याम परिवार महासंघ के संरक्षक ललित मोहनाचार्य बृज मेवात राठ के सानिध्य में बुधवार सुबह सात बजे बाबा खाटू श्याम की डाक ध्वजा यात्रा बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई। समस्त श्याम प्रेमी एवं शहर के धर्मप्रेमी गढ़ अंदर प्राचीन दुर्गा देवी मंदिर में एकत्रित हुए और पुजारी ओम प्रकाश शास्त्री द्वारा एक श्याम नाम के रंग बिरंगे दो चांदी के छतर लगे बड़े गोटेदार ध्वज की पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत सभी श्याम प्रेमी एवं ध्वजा यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालु ढोल नगाड़े एवं डीजे के साथ शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए पूरे हर्षोल्लास के साथ डाक ध्वजा यात्रा के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर सभी ध्वजा यात्री श्री श्याम नाम के कर्णप्रिय भजनों पर नाचते गाते नजर आए। वहीं शहर के मौजीज लोगों ने यात्रा में शामिल सभी श्याम प्रेमियों के ऊपर पुष्प वर्षा करके उनका स्वागत किया और उनकी यात्रा सफल होने की परमपिता परमेश्वर से कामना की इस मौके पर श्री श्याम परिवार महासंघ के अध्यक्ष मनोज तायल, मूलचंद चावला, श्याम सखा मंडल फिरोजपुर झिरका के अध्यक्ष दीपक गोयल एवंश्री श्याम परिवार महासंघ (ब्रज मेवात राठ) साहित काफी संख्या में धर्म प्रेमी महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से दो युवक घायल,केस दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के अंतर्गत अमेजॉन वेयरहाउस के नजदीक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर लगने से दो युवकों के घायल होने का मामला सामने आया है।पुलिस ने केस दर्ज कर अज्ञात मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आकेड़ा थाना सदर जिला नूंह निवासी परवेज ने बताया कि 15 सितंबर सुबह 6ः00 बजे के करीब वह दोस्त मयूर खान के साथ अमेजॉन वेयरहाउस से काम कर कच्चे रास्ते पर पैदल चलकर तावडू बस स्टैंड की ओर आ रहे थे। वेयरहाउस से कुछ ही मीटर की दूरी पर पहुंचे तो पीछे से एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल आई जिसने उन्हें टक्कर मार दी।

पायनियर क्लासीफाइड

NAME CHANGE

I, Pradeep Kumar Gupta alias Pradeep Kumar S/o Om Parkash R/o 535, Om Niwas, Near D.C. Model School, Sector-9, Faridabad, have changed my name to Pradeep Kumar.

I, Ajay Kumar S/o Narayan Singh R/o Kaliyapara Mohalla Near Main Market, Mohna Distt., Faridabad, have changed my name to Ajay Kumar Tamer.

I, Pardeep Kumar S/o Om Parkash R/o 535, Om Niwas, Near D.C. Model School, Sector-9, Faridabad, have changed my name to Pradeep Kumar.

बेदखली सूचना

मैं, दयानिधि दास (आधार नम्बर 6020 0315 6427) पुत्र श्री गोराहरी दास व लक्ष्मी प्रिया दास पत्नी श्री दयानिधि दास निवासी मकान नम्बर जे-2894, ब्लॉक-जे, पुराना पार्क के पास सैनिक कॉलोनी, सेक्टर-49, फरीदाबाद ब्यान करता हूं, कि दिलिप कुमार दास (आधार नम्बर 5009 5179 3627) मेरा बडा सगा पुत्र है, वह हमारी आज्ञा में नहीं है, इसलिए मैं दिलिप कुमार दास को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, अगर भविष्य में कोई भी व्यक्ति इससे लेन-देन करता है तो वह उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा तथा इसके द्वारा किए गये किसी भी कार्य, लड़ाई-झगड़ा, कोर्ट केस, पुलिस केस, आदि से मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी व्यक्ति का कोई सम्बन्ध नहीं होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# उत्तर प्रदेश की प्रगति

## योगी आदित्यनाथ का योगदान

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** द्वारा निवेशकों का स्वागत करने से उत्तर प्रदेश देशी-विदेशी निवेश का मनपसंद स्थल बन गया है जिससे प्रदेश की तेजी से प्रगति हो रही है। उत्तर प्रदेश में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ ने मजाक में सिर के बल खड़ा कहे जाने वाले 'उल्टा प्रदेश' को एकदम सीधा कर 'उत्तम प्रदेश' में बदल दिया है। ढांचागत निर्माण, निवेश, सुरक्षा, संरक्षा, कानून व्यवस्था, गंभीर प्रशासनिक निर्णय तथा कुल मिला कर समाज के सभी वर्गों के लिए परिवर्तन के चक्र सही दिशा में तेज गति से घूमने लगे हैं। योगी के नेतृत्व में राज्य संभावित सर्वोत्कृष्ट निवेश स्थल की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रगति व समृद्धि की ओर बढ़ते उत्तर प्रदेश में निवेशक परिवर्तन में योगदान कर देश के हृदय प्रदेश की सफलता गाथा में शामिल होना चाहते हैं। भारत के सर्वाधिक जनसंख्या वाले प्रदेश में योगी के गतिशील नेतृत्व में उल्लेखनीय परिवर्तन दिखाई देता है। उन्होंने अभूतपूर्व विकास व आर्थिक प्रगति की ओर प्रदेश को दिशा दी है। उनके दूरगामी दृष्टिकोण वाले नेतृत्व ने न केवल कानून-व्यवस्था की स्थिति में सुधार किया है, बल्कि बिजनेस व औद्योगिक प्रगति के लिए उपयुक्त माहौल भी बनाया है। विश्वास के साथ भविष्य की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश में निवेश के प्रचुर अवसर हैं जिनमें देशी-विदेशी निवेशक योगदान कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश केन्द्र बनाने के दृष्टिकोण के बारे में योगी आदित्यनाथ मुखर हैं। विकास के प्रति उनका सक्रिय



दृष्टिकोण 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र से प्रेरित है जिसके चलते सबके समर्थन और विश्वास से सबका विकास हो रहा है। योगी आदित्यनाथ की सरकार ने पूरे राज्य में संपर्क में सुधार के लिए व्यापक ढांचागत परियोजनायें, जैसे 'गंगा एक्सप्रेसवे' तथा 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' शुरू की हैं। इन परियोजनाओं से न केवल परिवहन सुविधा मिली है, बल्कि रियल इस्टेट व लाजिस्टिक्स के लिए नए अवसर भी खुले हैं। उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत नोयडा-ग्रेटर नोयडा जैसे स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों तथा बुंदेलखंड में विकसित हो रहे डिफेंस कारीडोर के माध्यम से प्रगति कर रहा है। राज्य में उद्योगों को आकर्षित करने के लिए अनेक पहलें की गई हैं जिनमें अनेक कर रियायतें व सब्सिडी शामिल हैं। उर्वर भूमि तथा विशाल कृषि क्षेत्र के कारण कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में निवेश की असाधारण संभावनायें हैं।

'एक जिला, एक उत्पाद'-ओडीओपी जैसी पहलें विशिष्ट क्षेत्रीय उत्पादों को बढ़ावा देती हैं तथा कृषि-आधारित बिजनेसों की प्रगति में योगदान करती हैं। अतिथि सत्कार, यात्रा व ढांचागत संरचना समेत पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश से राज्य की प्रगति हो रही है। प्रदेश में धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने अनेक संभावित देशी-विदेशी निवेशकों से कारगर संबंध स्थापित कर उनको उत्तर प्रदेश में निवेश हेतु आमंत्रित किया है। राज्य ने निवेश तथा बिजनेस व उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिए सिंगल-विंडो अनुमति, उद्योग-विशिष्ट पहलों के साथ ही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में सुधार किए हैं। प्रदेश के वर्तमान तथा निर्माणाधीन हवाईअड्डे, राजमार्ग तथा आगंतुकों के लिए अद्यतन सुविधायें उत्तर प्रदेश का आकर्षण बढ़ा रही हैं। यह तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में कानून-व्यवस्था में सुधार से उत्तर प्रदेश में बिजनेसों के लिए सुरक्षित परिवेश बना है।

# अतिवादियों पर लगाम लगाए कनाडा

**ओटावा को नई दिल्ली की भावनाओं पर अवश्य ध्यान देकर अपने देश में खालिस्तान-समर्थक तत्वों पर लगाम लगानी चाहिए। इससे द्विपक्षीय संबंध खराब होने की आशंका है जिसका नुकसान दोनों देशों को होगा।**



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)




कनाडा तथा भारत के बीच जारी वर्तमान राजनयिक गतिरोध के चलते सारी दुनिया का ध्यान कनाडा-भारत संबंधों पर केंद्रित हो गया है। दोनों देशों के बीच हालिया दशकों में संबंध कभी इतने खराब नहीं थे जितने वर्तमान समय में हो गए हैं। द्विपक्षीय संबंधों में गिरावट व तनाव का मुख्य कारण कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा दिया गया बयान है। जस्टिन ट्रूडो ने अलगाववादी सिख एक्टिविस्ट तथा 'खालिस्तान' के मुखर समर्थक निज्जर की हत्या का दोष कथित रूप से भारत पर लगा दिया। उन्होंने कहा था कि निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंसियों की कथित 'संलिप्तता' है। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस बयान से स्वाभाविक रूप से नाराज नई दिल्ली ने उनके दावे का जोरदार तरीके से खंडन करते हुए इसे 'मूर्खतापूर्ण व दुर्भावना से प्रेरित' बताया। इस साल 18 जून को खालिस्तान-समर्थक नेता निज्जर को ब्रिटिश कोलम्बिया के सुरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मार दी गई थी जिसमें उनकी मौत हो गई थी। भारत ने पहले ही निज्जर को 'वांछित आतंकी' घोषित कर रखा था। यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि इस घटना के पहले भारत और कनाडा के बीच द्विपक्षीय संबंध सहज गति से आगे बढ़ रहे थे। हालांकि, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों का कारण मुख्यत: भू-राजनीतिक विकास, अर्थिक संबंध तथा जनसंख्या संरचना संबंधी प्रवृत्तियां थीं। लेकिन खालिस्तान-समर्थक निज्जर की हत्या के बाद ये संबंध बहुत खराब हो गए। इसके बाद दोनों देशों ने एक दूसरे के प्रति 'जैसे को तैसा' वाली नीति अपनाई। उल्लेखनीय है कि जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जी20 सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आए थे तब भी दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव स्पष्ट रूप से दिख रहा था।

नई दिल्ली काफी समय से कनाडा में मौजूद 'खालिस्तान-समर्थक' तत्वों के प्रति अपना विरोध दर्ज करा रही थी। कनाडा में मौजूद खालिस्तान-समर्थक तत्वों ने 'खालिस्तान' के मुद्दे पर वैश्विक जनमत संग्रह का आह्वान किया था। नई दिल्ली इस जनमत संग्रह को भारत-विरोधी अभियान मानते हुए इसका घोर विरोध कर रही थी। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि जस्टिन ट्रूडो अनेक कारणों से अपने देश में खालिस्तान-समर्थक तत्वों के प्रति न केवल आंखें बंद किए थे, बल्कि उनका प्रत्यक्ष व परोक्ष समर्थन भी प्राप्त कर रहे थे। 2018 में जब जस्टिन ट्रूडो द्विपक्षीय यात्रा पर भारत आए थे तब उनके प्रतिनिधिमंडल में एक 'खालिस्तानी एक्टिविस्ट' शामिल था। इसका भारत में भारी विरोध हुआ था और कनाडाई प्रधानमंत्री की स्थिति इसे लेकर असहज हो गई थी।

भारत ने कई बार कनाडा में रह रहे अनेक खालिस्तान-समर्थक आतंकी तत्वों के प्रत्यर्पण की मांग भी की है, लेकिन कनाडा सरकार ने इसका कोई जवाब नहीं दिया है। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि ओटावा में खालिस्तान-समर्थक तत्वों ने भारतीय राजनयिकों को जान से मारने की धमकी भी सार्वजनिक रूप से दी है। ऐसे में सवाल उठता है कि भारत के लिए कनाडा का क्या महत्व है? उल्लेखनीय है कि इस पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश में अपने गृह राज्य पंजाब से बाहर सिखों की जनसंख्या सबसे अधिक है। कनाडा में रहने वाले कुल 40 मिलियन प्रवासियों में भारतीय प्रवासी लगभग 1.4 मिलियन हैं। इनमें से 770,000 लोग सिख धर्म का पालन करने वाले हैं। विडंबना है कि इनमें से कुछ लोग चरमपंथी व खालिस्तान-समर्थक हैं तथा भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में लिप्त हैं। नई दिल्ली ने अक्सर ऐसे तत्वों के खिलाफ कनाडा सरकार से शिकायत की है। हालिया विवाद के बाद इस सप्ताह के प्रारंभ में कनाडा और भारत ने तेजी से कार्रवाई करते हुए एक-दूसरे के राजनयिकों को देश छोड़ने के लिए कहा। गुरुवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडाई नागरिकों की वीसा सेवाओं को स्थगित करने की घोषणा कर दी। ओटावा का दावा है कि कनाडाई सुरक्षा एजेंसियों ने हत्या से भारत सरकार के संबंध जोड़ने वाले प्रमाण खोजे हैं।

जहां तक भारत की आंतरिक राजनीति का सवाल है, कांग्रेस तथा अन्य पार्टियों ने भारत सरकार का इस प्रकरण में समर्थन करते हुए ट्रूडो के बयान की आलोचना की है। उनको इस आरोप पर आश्चर्य हुआ है कि भारत सरकार ने भारतीय-मूल वाले कनाडाई नागरिक की कनाडा में हत्या कराई है। भारत की सभी विपक्षी पार्टियों ने भारतीय विदेश मंत्रालय का समर्थन किया है। हालांकि, अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने सुझाव दिया है कि राजनीतिक दलों को एकसाथ काम करते हुए मीडिया में जारी सिख-विरोधी प्रचार रोकने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। जहां तक अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य का सवाल है, पश्चिमी सहयोगियों द्वारा भारत के प्रति प्रतिक्रिया में सावधानी बरती गई है। अमेरिका के वरिष्ठ राजनयिक डेविड कोहेन ने दावा किया था कि जस्टिन के आरोपों के पीछे 'फाइव आईज़' की खुफिया सूचना है। फाइव आईज़ नेटवर्क एक खुफिया गठबंधन है जिसमें अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और न्यूजीलैंड शामिल हैं। द न्यूयार्क टाइम्स ने रविवार को लिखा, 'जून में सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने अपने कनाडाई समकक्षों को जो संदर्भ दिया उससे कनाडा को यह नतीजा निकालने में सहायता मिली कि इसमें भारत की संलिप्तता है।' ट्रूडो ने भारत से कनाडाई अधिकारियों से सहयोग करने का आह्वान किया है ताकि हत्या के बारे में 'सत्य उजागर' किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा है कि वे दोनों देशों के बीच तनाव नहीं बढ़ाना चाहते हैं।

इस गतिरोध के कारण भारत और कनाडा, दोनों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। भारत कनाडा का दसवां सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझीदार है। कनाडा की 2022 की हिंद-प्रशांत रणनीति में भी भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। कनाडा का दसवां सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझीदार होने के साथ ही भारत और कनाडा के बीच पिछले एक दशक से व्यापार समझौते पर चर्चा हो रही है। 2022 में दोनों देशों के बीच व्यापार केवल 13.7 बिलियन कनाडाई डालर था जो कनाडा के कुल 1.52 ट्रिलियन कनाडाई डालर व्यापार का बहुत छोटा हिस्सा है। पहले 'अर्ली प्रोसेस ट्रेड एग्रीमेंट'-ईपीटीए के बारे में उच्च स्तरीय वार्ता चल रही थी। लेकिन अब अक्टूबर में होने वाली ईपीटीए वार्ता को अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया है।

कनाडा से व्यापार 2012 में 3.87 बिलियन डालर से बढ़ कर 2022 10.18 बिलियन डालर हो गया। वर्तमान प्रकरण से दोनों पक्षों का व्यापार प्रभावित होगा। इसके साथ ही भारत से कनाडा जाने वाले प्रवासियों की संख्या घट सकती है। पिछले सालों में भारत से अनेक प्रवासी कनाडा गए थे। 2013 से इनकी संख्या तीन गुनी बढ़ गई थी जिससे फिलीपीन्स व चीन से कनाडा जाने वाले प्रवासियों का स्थान नीचे खिसक गया था। दोनों देशों के बीच तनाव के कारण छात्रों की संख्या पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है जो भारत से अध्ययन करने कनाडा जाते हैं। भारत से विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या का 30 प्रतिशत से अधिक कनाडा जाते हैं। इसके साथ ही आने वाले पर्यटकों की संख्या भी प्रभावित हो सकती है। 21 सितंबर को भारत ने घोषणा की कि वह अस्थाई रूप से कनाडाई नागरिकों को वीसा जारी करने पर रोक लगा रहा है क्योंकि कनाडा में उसके मिशनों में सुरक्षा का संकट है।

नई दिल्ली खालिस्तान-समर्थकों को दी गई समुद्रपारीय नागरिकता समाप्त करने पर भी विचार कर रही है। राजनीतिक व आर्थिक शक्ति के मामले में भारत 1980 व 1990 के दशक से बहुत आगे निकल आया है। चीन का प्रभाव संतुलित करने के लिए अमेरिका भारत के साथ साझेदारी करना चाहता है। वह चाहता है कि उसके सहयोगियों और भारत के बीच कोई तनाव न हो। पेंटागन के एक पूर्व अधिकारी ने कहा है कि यदि अमेरिका को दोनों देशों में से एक को चुनना हो तो वाशिंगटन भारत का पक्ष लेगा क्योंकि वह क्षेत्र में चीन को संतुलित करने के लिए भारत को खुश कर रहा है। लेकिन भारत-कनाडा संबंधों पर पड़ने वाला कोई नकारात्मक प्रभाव कनाडा को हिंद-प्रशांत नेटवर्क में शामिल होने से रोकेगा। ओटावा भारत की क्षेत्रीय शक्ति व प्रभाव को पहचानता है। ऐसे में ओटावा को नई दिल्ली की भावनायें समझते हुए खालिस्तान-समर्थक तत्वों को खुश करने के प्रयास बंद करने चाहिए।

# नेतृत्व शक्ति बनने को अग्रसर नारी शक्ति

> **"लोकतंत्र का मंदिर ही देवीस्वरूपा 'नारी शक्ति' के उचित प्रतिनिधित्व से अछूता था। जिसे दूर करने के लिए 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक लाया गया।"**



**अश्विनी कुमार चौबे**
(लेखक, केंद्रीय मंत्री हैं)

नारी शक्ति, किसी भी राष्ट्र के विकास की अधिष्ठात्री है। विकास की धुरी पर कोई देश सरपट दौड़ तभी लगा सकता है। जब लैंगिक भेदभाव की जगह समता, समानता की परिपाटी परिलक्षित हो। भारत भूमि लोकतंत्र की जन्मदात्री है। जहां से लोकतंत्र का बीज पुष्पित-पल्लवित होकर दुनिया के विभिन्न देशों में पहुँचा। भारतीय संविधान की प्रस्तावना भी हम 'भारत के लोग' से शुरू होती है। ऐसे में कालांतर से चली आ रही कुछ विसंगतियों को दूर करना आज़ादी के अमृतकाल में नितांत आवश्यक हो गया था। इसी को दृष्टिगत रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संकल्प के साथ नए संसद भवन के स्वप्न को हकीकत में तब्दील किया, उससे भी अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि नए संसद भवन का पहला सत्र मातृशक्ति को नेतृत्व शक्ति के रूप में आगे बढ़ाकर एक नए भविष्य की ऐतिहासिक दृष्टि प्रदान की।

देश की कई राज्य विधानसभाएं हैं, जहां लैंगिक विविधता की कमी दीप्तिमान होती रही है। लोकतंत्र का मंदिर ही देवीस्वरूपा 'नारी शक्ति' के उचित प्रतिनिधित्व से अछूता था। जिसे दूर करने के लिए 'नारी शक्ति वंदन' विधेयक लाया गया। राज्यसभा और लोकसभा में पारित होने के साथ ही इस विधेयक ने सामाजिक समरसता, समानता और नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा क़दम बढ़ा दिया है। महिला आरक्षण के लागू होने के साथ अब महिलाओं के मुद्दे को लोकतांत्रिक व्यवस्था में उचित प्रतिनिधित्व मिल पाएगा। जिसकी बाट वो आज़ादी के बाद से जोह रही थी, लेकिन वह दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही मयस्सर हुआ।

नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति बनाने की प्रबल इच्छा ही है कि विगत नौ वर्षों से लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा ऐसे कई प्रयास किए जा रहें हैं। जो मातृ शक्ति को समृद्ध, सशक्त और राष्ट्र के नवनिर्माण की सारथी बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

बैंकिंग व्यवस्था से महिलाओं को जोड़ने का जो बीड़ा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उठाया। वह कदम वित्तीय समावेशन की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। प्रधानमंत्री जन-धन योजना के माध्यम से लाखों-करोड़ों महिलाएं बैंक के द्वार तक पहुंची। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ ही सामाजिक स्तर पर सबल बनाने का प्रयास भी चल रहा है। मोदी सरकार में मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से न सिर्फ आजादी मिली, बल्कि उन्हें उनके सम्मान और सशक्तिकरण की नई राह मिली। नि:संदेह नारी शक्ति वंदन अधिनियम के उदय से महिलाओं के जीवन में एक नया सवेरा आएगा और यह आज़ादी के 75 वर्षों बाद पहली मर्तबा है, जब तुष्टिकरण की बजाय सशक्तिकरण को अहमियत दी जा रही है।

इतना ही नहीं 'लैंगिक न्याय' और सामाजिक समरसता का जो विज़न प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के सामने अपने पहले प्रधानमंत्रित्व काल में रखा। वह अब असल रूप से साकार रूप ले रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक संवेदनशील, सजग और कर्तव्यनिष्ठ व्यक्तित्व के धनी होने के साथ समावेशी सरकार के नेतृत्वकर्ता है। इसलिए समाज के हर तबक़े का हित सुनिश्चित करना उनके लिए सर्वोपरि है। उन्हें भलीभांति तरीके से ज्ञात है कि देश और समाज की प्रगति में आधी आबादी की क्या भूमिका है? यही वज़ह है कि वर्तमान समय में तेजी के साथ देश की आधी आबादी नित-नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। आज़कल खेल के मैदान से लेकर, आसमान तक और अंतरिक्ष से लेकर विज्ञान तक हर क्षेत्र में महिलाएं अपने कर्म-कौशल का परिचय दे रही हैं, तो यह एक नए और बदलते भारत की मजबूत तस्वीर बयां करता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुधारवादी और परिवर्तनकारी प्रयासों के लिए जाने जाते हैं और आज देश का कोई भी ऐसा वर्ग नहीं है। जो विकास से वंचित हो। ऐसी अनगिनत योजनाएं हैं। जो हर वर्ग और समाज के अंतिम जन के लिए लाभकारी साबित हो रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण और समृद्धि के लिए बुनियादी विकास पर जोर दिया है। इस बुनियादी विकास की नींव '3-ई' पर टिकी हुई है। एजुकेशन, इम्पलायमेंट एवं एम्पावरमेंट को आधार बनाकर विकास की मुख्यधारा में महिलाओं को सबल और सक्षम बनाया जा रहा है। महिला उद्यमियों को 27 करोड़ से अधिक मुद्रा ऋण का वितरण और मिशन पोषण सहित मोदी सरकार द्वारा लागू की गई पहलों से महिलाओं को काफी लाभ हुआ है।

पूर्ववर्ती सरकारों में तुष्टिकरण की राजनीति को विशेष महत्व दिया जाता रहा। जिसकी परिणीति यह हुई कि महिलाओं के सामाजिक-आर्थिक, मौलिक और संवैधानिक अधिकार सिर्फ़ कागज़ों में सिमटकर रह गए थे। जिसकी वज़ह से लोकतंत्र के मंदिर में भी नारी शक्ति के प्रतिनिधित्व का अनुपात काफ़ी बिगड़ गया। लेकिन अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण के लागू होने के पश्चात महिला सांसदों की संख्या 82 से बढ़कर 181 पहुँच जाएगी। महिला आरक्षण की मांग दशकों पुरानी है, लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों की सत्तालोलुपता और तुष्टिकरण की राजनीति के फेर में यह मुद्दा अधर में ही लटका रहा। ऐसे में महिला आरक्षण विधेयक अगर अब अमलीजामा पहन रहा है, तो यह कहीं न कहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दृढ़ इच्छाशक्ति और उनकी नारी शक्ति के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने यह महसूस किया है कि कैसे वैश्विक स्तर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में बढ़ी है और उसके सकारात्मक प्रभाव देश की आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य पर पड़ा है। यही वजह है कि मोदी जी की सरकार एक संवेदनशील और समावेशी सरकार की भांति कार्य करते हुए देश को विकसित राष्ट्र की दिशा में ले जा रही है। विकसित राष्ट्र की बुनियाद समान प्रतिनिधित्व, लैंगिक समानता और सामाजिक समावेशन पर टिकी हुई है।

इसलिए मोदी जी ने अमृतकाल के उषाकाल में समावेशी लोकतंत्र बनाने की मजबूत नींव रखी है। जहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व तो बढ़ेगा ही, उनसे जुड़े मुद्दों को भी अधिक तरजीह मिलेगी और 2047 आते-आते देश विकसित राष्ट्र के रूप में हमारे सामने होगा। जिसमें महिला शक्ति की अमिट छाप दिखाई देगी।

## आप की बात

### पटकथा लेखकों की विजय

**हॉलीवुड** में शायद पुराने दिनों वाली रौनक वापस लौटने वाली है। सोमवार को यहां के पटकथा लेखकों व स्टूडियो मालिकों में उस समझौते की घोषणा हुई जिसके तहत लेखक अपनी 146 दिन पुरानी हड़ताल खत्म करने के लिए तैयार हो गए। उन्हें उनकी मांग के अनुरूप मेहनताने में बढ़ोत्तरी का भरोसा दिलाया गया है। इस समझौते का सबसे अहम् पहलू यह है कि निर्माता कृत्रिम बुद्धिमत्ता-एआई को फिल्म निर्माण में हावी नहीं होने देंगे। आज अनेक क्षेत्रों में भविष्य की आजीविका पर सबसे बड़ा खतरा एआई तकनीक से दिखाई दे रहा है। फिल्म निर्माण भी ऐसे क्षेत्र में आता है। अगर हॉलीवुड सचमुच अपने आपको एआई के चंगुल से दूर रख पाता है तो फिल्म निर्माण में लगे हर इंसान के लिए ये बहुत बड़ी खुशखबरी है। एआई को पटकथा जैसे रचनात्मक लेखन से दूर रखने का समझौता बहुत ही महत्वपूर्ण है। एआई के अनेक क्षेत्रों में हस्तक्षेप की बातें बहुत बढ़ चढ़ कर कही जा रही हैं। लेकिन इससे विभिन्न क्षेत्रों में लेखकों, कवियों, साहित्यकारों, चित्रकारों, आदि के बेरोजगार होने के साथ मानवीय प्रतिभा के विकास का रास्ता भी बाधित हो सकता है। उम्मीद है कि हालीवुड लेखकों की विजय के बाद एआई पर लगाम लगाने के प्रयास तेज होंगे।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### कांग्रेस का दावा

**कांग्रेस** ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगानाए व राजस्थान चुनाव को लेकर भारी बहुमत से लेकर सामान्य जीत का दावा किया है। राहुल गांधी ने चार राज्यों में जिस क्रम से जीत की भविष्यवाणी की है, वह वास्तविकता के धरातल पर उतरती है या नहीं यह तो मतदान और उसके परिणाम के बाद ही सामने आएगा। मगर वस्तुस्थिति यही है कि राजस्थान व तेलंगाना में कांग्रेस का जीतना मुश्किल है। मध्य प्रदेश में भी फिलहाल तो रुझान भाजपा की ओर ही झुका हुआ है। मामा जी कहे जाने वाले शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न वर्गों को खुश करने के सभी प्रयास किए हैं। सत्ता में आने पर और सहायता का आश्वासन मतदाताओं व खासतौर से महिला मतदाताओं को लुभा रहा है। हालांकि, राहुल गांधी ने विधानसभा चुनावों में जीत के दावे करते हुए काफी संयम भी बरता है। राहुल का बयान वर्तमान राजनीतिक प्रवृत्तियों के विपरीत है जब नेता बढ़-चढ़ कर अपनी जीत के दावे करते हैं। कांग्रेस का दावा मुख्यत: हिमाचल व कर्नाटक की जीत पर आधारित है। लेकिन यह तथ्य भी है कि विधानसभा की जीत हार का आम चुनाव पर प्रभाव पड़ना जरूरी नहीं है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मन की बात

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने मन की बात में पर्यटन का महत्व रेखांकित करते हुए भारत में पर्यटन के माध्यम से रोजगार के बढ़ते अवसरों का विशेष उल्लेख किया है। भारत के धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों पर संस्कृतिक गलियारे के निर्माण से भारतीय पर्यटन उद्योग को आशातीत बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन की दृष्टि से भारत एक समृद्ध राष्ट्र है जिसमें ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा ग्रामीण एवं पहाड़ी क्षेत्र में प्राकृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जी20 के दिल्ली अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन से भी भारतीय पर्यटन स्थलों के प्रति विदेशी पर्यटकों में आकर्षण बढ़ेगा। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में भारतीय संस्कृति, सभ्यता, वेदांत, दर्शन, संहिता और माइथोलोजी से संबंधित प्रदर्शनियां एवं कलाकृतियों के माध्यम से भारत ने अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के समक्ष रखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात के माध्यम से बहुत बड़ी संख्या में भारतीय स्रोताओं को देश के सकारात्मक पक्ष से परिचित करा कर सर्वांगीण विकास, वसुधैव कुटुम्बकम तथा चरैवेति-चरैवेति की प्रेरणा देते हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### दोपहर की झपकी

**दोपहर** भोजन के बाद में 20-25 मिनट की झपकी दिलोदिमाग के लिए बहुत लाभप्रद और आरामदेह होता है। दोपहर के भोजन के बाद पूरा शरीर भोजन को पचाने में जुट जाता है। ऐसे में उसे कुछ समय के विश्राम की आवश्यकता होती है। इसके संदेश वह मस्तिष्क के माध्यम से आंखों और पूरे शरीर को भेजता है। वैसे झपकी सिर्फ भोजन के बाद आए ऐसा जरूरी नहीं है। विज्ञान द्वारा इतनी प्रगति कर लेने के बावजूद भी नींद के बारे में कुछ विशेष खोज नहीं हो पाई है। क्या वजह है कि रात को थककर जो आदमी सोता है वह आमतौर से सुबह-सुबह एक दम तारोताजा और शक्ति संपन्न हो जाता है। वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया है कि छोटे बच्चे जन्म के बाद ज्यादा समय सोते रहते हैं । उसकी वजह से ही उनके शरीर का सुव्यवस्थित विकास हो पाता है। अनेक लोगों का सुझाव है कि जापान की तरह हमारे देश में भी झपकी के लिए लंच ब्रेक में 20 मिनट का झपकी ब्रेक जोड़ा जाना चाहिए, भले ही उसके एवज में ऑफिस 20 मिनट बाद बंद किए जाएं। इससे कर्मचारी ज्यादा स्वस्थ व प्रसन्न रहेंगे।

–**विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# एनआईए ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान समेत छह राज्यों में डाले छापे

## गैंगस्टर और खालिस्तानी गठजोड़ पर प्रहार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़




**खालिस्तान** समर्थकों और गैंगस्टर गठजोड़ के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की। एजेंसी ने पंजाब,हरियाणा और राजस्थान समेत 6 राज्यों में 51 ठिकानों पर छापे डालते हुए दो गिरफ्तारियां की है।

एनआईए ने यह कार्रवाई ऐसे समय में की है, जब खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत-कनाडा के बीच विवाद चल रहा है।

एजेंसी ने बुधवार सुबह पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 51 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है।यह कार्रवाई लॉरेंस, बंबीहा और अर्श डल्ला गैंग के सहयोगियों से जुड़े ठिकानों पर की गई। पंजाब के फिरोजपुर से खालिस्तानी आतंकी अर्श डल्ला के करीबी जोरा सिंह को गिरफ्तार किया गया है। उसके मोबाइल में अर्श डल्ला के साथ चैटिंग के सबूत मिले हैं। राजस्थान के जैसलमेर से एक संदिग्ध को हिरासत लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। पंजाब में करीब 30 और हरियाणा में 4 जगहों पर छापेमारी की सूचना है। यूपी के पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, अलीगढ़, सहारनपुर में एनआईए ने दबिश दी ।

पंजाब के बठिंडा में गैंगस्टर हैरी और गुरप्रीत के घर तलाशी ली गई।पंजाब के फिरोजपुर, बठिंडा, लुधियाना, मोगा, फरीदकोट, पटियाला, बरनाला और मानसा में रेड की गई है। बठिंडा में बुधवार सुबह करीब 6 बजे एनआईए की दो टीम रामपुरा और मोड़ मंडी पहुंची। गांव जेठूके में गुरप्रीत सिंह उर्फ गुरी के घर टीम तलाशी लेने पहुंची। गुरी हत्या समेत कई केसों में बठिंडा पुलिस का वांटेड आरोपी है। वहीं एक टीम हैरी मोर के घर पहुंची । हैरी भी कई मामलों में नामजद है।

राजस्थान के 13 जिलों हनुमानगढ़, झुंझुनूं, गंगानगर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, सीकर, पाली, जोधपुर ग्रामीण, बाड़मेर, कोटा ग्रामीण, भीलवाड़ा और अजमेर में एनआईए की टीमें मौजूद हैं और सर्च कर रही हैं। जिन ठिकानों पर एनआईए छापेमारी कर रही है, उन लोगों के बैंक खातों में हुए लेने देन की भी जांच की जा रही है। हाल ही में राजस्थान के 10 से ज्यादा जिलों को भी खालिस्तान के नए नक्शे में दिखाया गया है।

### श्रद्धालुओं के लिए वैकल्पिक मार्गों और पार्किंग का विवरण किया जारी

**जालंधर।** ट्रैफिक पुलिस ने श्री सिद्ध बाबा सोढल के वार्षिक जोड़ मेले जो 29 सितंबर, 2023 तक स्थानीय श्री सोढल मंदिर में मनाया जा रहा है में माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं के लिए बदले रूट और पार्किंग का विवरण जारी किया है।

इस मेले में श्रद्धालुओं की भारी आमद को देखते हुए, पुलिस कमिश्नर कुलदीप सिंह चाहल के निर्देश पर, ट्रैफिक पुलिस कमिश्नरेट जालंधर ने सोढल मंदिर की तरफ जाने वाली सड़कों पर श्रद्धालुओं और आम लोगों की उचित आवाजाही के लिए, चौक/सड़कों से यातायात को डायवर्ट कर दिया है।

इस दौरान यातायात व्यवस्था उचित एवं सुचारु ढंग से चले इसके लिए पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से वाहन पार्किंग स्थलों का प्रबंध किया गया है।वैकल्पिक मार्गों का विवरण- दोआबा चौक, टांडा चौक, चंदन नगर रेवले क्रासिंग, नई सब्जी मंडी उद्योग क्षेत्र, राम नगर गेट, रेलवे क्रासिंग टांडा गेट, गाजीगुल्ला चौक और पठानकोट चौक।

इसी तरह, मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। लब्बू राम दोआबा सीनियर सैकेंडरी स्कूल के मैदान में, देवी सहाय एस.डी. सीनियर सैकेंडरी स्कूल (चंदन नगर फाटक) और मिनी सब्जी मार्केट, सईपुर रोड पर दोपहिया वाहनों पार्किंग होगी।

# पूर्व मंत्री को कांग्रेस में शामिल करवाना हुड्डा का मास्टर स्ट्रोक

### दीपेंद्र की राह आसान,अरविंद के लिए खतरे की घंटी

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



**भाजपा** के लिए लोकसभा और विधान सभा दोनों चुनावों में मजबूत किला साबित हो चुके कोसली हलके के पूर्व मंत्री रहे भाजपा के कद्दावर नेता जगदीश यादव को कांग्रेस में शामिल करवाना पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। दशकों तक हुड्डा परिवार की सुरक्षित सीट मानी जा रही रोहतक लोकसभा सीट पर 2019 में चुनाव हुड्डा परिवार के युवराज की हार का एकमात्र मुख्य कारण कोसली हलका ही रहा था। कोसली हलके ने ही दीपेंद्र की गद्दी सांपला किलोई,महम,बादली आदि हलको की बढ़त को खत्म करके उनकी जीत को हार में बदलने में काम किया था। दीपेंद्र की इस हार ने ही न केवल उनके लगातार चौथी बार सांसद बनने के विजय रथ को रोकने का काम किया था अपितु हुड्डा परिवार को राजनैतिक रूप से बैकफुट पर लाने का काम भी किया था। आज उसी कोसली हलके के कद्दावर भाजपा नेता को अपने प्रयासों से कांग्रेस में शामिल करवाकर हुड्डा ने न केवल अपने पुत्र दीपेंद्र की लोकसभा में चुनाव जीतने की राह को आसान कर दी है अपितु कांग्रेस हाईकमान को भी एक बार फिर से हरियाणा की राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ होने का सबूत भी दे दिया है। हुड्डा के इस मास्टर स्ट्रोक को अरविंद शर्मा के साथ साथ विधान सभा चुनाव में भाजपा के लिए खतरे की घंटी के रूप में देखा जा रहा है। रोहतक लोकसभा क्षेत्र पर हुड्डा परिवार का दशको से कब्जा रहा है। इस सीट पर दो बार चौधरी रणबीर सिंह,चार बार भूपेंद्र सिंह हुड्डा व तीन बार दीपेंद्र हुड्डा सांसद बने है। 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की सुनामी में भी दीपेंद्र हुड्डा ने रोहतक सीट को लगभग पौने दो लाख वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। रोहतक की इस शानदार जीत ने ही देश व प्रदेश की राजनीति में दीपेंद्र व हुड्डा की लोकप्रियता का लोहा मनवाने का काम किया था। वैसे तो कोसली हलका पूर्व सांसद दीपेंद्र को अपने गुस्से का इजहार 2014 में भी करवा चुका था जब क्षेत्रवाद के चलते यह हलका विकास में पिछड़ गया था और उन्होंने औमप्रकाश धनखड़ को लगभग 43 हजार वोटों से जीता दिया था, लेकिन दीपेंद्र की अन्य हलको में मिली बढ़त के चलते दीपेंद्र हुड्डा लाखों वोटों से चुनाव जीत गये थे। दीपेंद्र की इस जीत की टीस ने कोसली क्षेत्र की जनता को दोबारा मजबूती से लामबंद कर दिया और उन्होंने 2019 में भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा को 75 हजार वोटों से जिताने का काम कर दिया था। बताया जा रहा है कि पूर्व मंत्री जगदीश यादव की अपनी छवि के कारण उनका अपना जनाधार है। पूर्व मंत्री का लोकसभा से पूर्व भाजपा में शामिल होने के कारण भाजपा सांसद की जीत की राह आसान हो गई थी। ऐसे में भाजपा के इस कद्दावर और खुद के जनाधार वाले नेता का कांग्रेस में शामिल होना दीपेंद्र भाजपा और भाजपा सांसद दोनों के लिए खतरे की घंटी तय है क्योंकि इससे न केवल लोकसभा अपितु विधान सभा सीट पर इसका प्रभाव पड़ना तय माना जा रहा है। अब यह तो आने वाला समय ही बता पायेगा कि पिछले चुनावों में प्राप्त आंकड़ों में जगदीश यादव कितना उलट फेर कर कांग्रेस को कितनी मजबूती दिला पायेगें लेकिन यादव के साथ में हुड्डा ने अपना मास्टर स्ट्रोक खेलकर सबका ध्यान अपनी ओर खिंचने में कामयाबी हासिल कर ली है।

# 62 कारों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



पायनियर समाचार सेवा। चण्डीगढ़

### रैली में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज चंडीगढ़ स्थित होटल ताज में टीम फायर फोक्स द्वारा आयोजित नज़ीर हुसैन मेमोरियल ड्राइव हिमालयन रैली रूट के 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर 62 कारों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में देशभर के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर आयोजकों की तरफ से श्रीमती एवं श्री राजन स्याल ने बंडारू दत्तात्रेय को शाल ओढ़ाकर तथा तिलक लगाकर उनका भव्य स्वागत किया।

राज्यपाल ने नजीर हुसैन मेमोरियल ड्राइव हिमालयन रैली रूट की सराहना करते हुए कहा कि इस ड्राइव की शुरुआत चंडीगढ़ से होकर मनाली, मनाली से जिस्पा, जिस्पा से लेह, लेह से पैंगोंग, पैंगोंग से त्सोकार, त्सोकार से मनाली तक जाएगी। इस हिमालयन ड्राइव द्वारा दुनिया की सबसे ऊंची मोटरयात्री सड़क उमलिंग ला जाने का एक विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास भारत को नई ऊंचाई तक ले जाएगा।

राज्यपाल हरियाणा ने कहा कि नजीर हुसैन मेमोरियल ड्राइव हिमालयन रैली जैसे शानदार रोमांचिक आयोजनों से न केवल हिमालय और लद्दाख की तरफ मार्ग में आने वाले राज्यों की सुंदरता को प्रदर्शित एवं जानकारी हासिल करने के शुअवसर प्राप्त होते हैं बल्कि ऐसे आयोजनों से देश की महान सभ्यता, संस्कृति, राष्ट्रीय एकता, पर्यटन, खेल, आपसी सद्भाव एवं भाईचारे को बढ़ावा मिलता है तथा प्रतिभागियों को अपने अंदर छुपी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सुअवसर भी मिलता है। राज्यपाल हरियाणा ने इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर सन् 1925 में निर्मित एक सदी पुरानी कार में बैठकर उसका तथा अन्य पुराने माडल की कारों का अवलोकन किया।

इस कार्यक्रम के दौरान टीम फायर फोक्स के पदाधिकारी राजन स्याल, सुभाष गोयल, इंद्रजीत, उत्कर्ष, विष्णु डाबरी, शाई ब्यकरनम, वाई. विजय, विनोद नूकाला, किरण देशपांडे, वनिता कांग, ब्रिगेडियर जे.एस. फुल्का सहित अन्य पदाधिकारी एवं अन्य महानुभाव मौजूद रहे।

# अवैध कालोनियों पर चला पिला पंजा

### 5-6 एकड़ है में बनी मिट्टी की सड़कों के जाल को ध्वस्त कर दिया

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर



**जिला** नगर योजनाकार डी.आर. पचीसिया ने बताया कि उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार अवैध कालोनियों पर कार्यवाही लगातार की जा रही है। इसी कड़ी में यमुनानगर के बिलासपुर से छछरौली रोड स्थित बिलासपुर के राजस्व एरिया में तोड़फोड़ अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया है। इस एरिया मे एक अनधिकृत कॉलोनी में जिसका क्षेत्रफल लगभग 5-6 एकड़ है में बनी मिट्टी की सड़कों के जाल को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि बिलासपुर के नायब तहसीलदार दलजीत सिंह को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया और एसएओ बिलासपुर द्वारा पुलिस बल प्रदान किया गया। इस मौके पर जे.ई. समीर सैनी भी उपस्थित थे।

डीटीपी ने जिले की जनता से अपील की है कि वह ऐसी अनधिकृत कॉलोनी में अपनी कमाई का निवेश न करें। भूखंड खरीदने से पहले डीटीपी कार्यालय में संपर्क करें। उन्होंने यह भी कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पूर्व भूमि उपयोग परिवर्तन अनुमति प्राप्त करने के लिए नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के पोर्टल में आवेदन करने एवं अधिक जानकारी के लिए यदि आवश्यक हो तो किसी भी कार्य दिवस में जिला नगर योजनाकार कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है

### पुलिस कर्मचारियों को विभिन्न हथियारों के बारे में दी गई जानकारी

**करनाल।** नई पुलिस लाइन करनाल में विभिन्न हथियारों की जानकारी के लिए कक्षा लगाई गई। यह कक्षा प्रतिदिन जिला पुलिस लाइन में 2 अक्टूबर तक सुबह के समय रैपिड एक्शन फोर्स अधिकारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के निर्देशन में लगाई गई। जिले में लॉ एंड ऑर्डर के लिए डीएसपी हेडक्वार्टर सुरेश कुमार और डीएसपी शहर वीर सिंह की अध्यक्षता में अल्फा और ब्रावो दो कंपनिया बनाई गई । दोनों कंपनियों का अभ्यास पुलिस लाइन में समय-समय पर होता रहता है। जिले में 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की प्लाटून परिचित अभ्यास हेतु आई हुई है। अल्फा और ब्रावो कंपनी को विभिन्न हथियारों से अवगत कराने के लिए लगातार दो अक्टूबर तक रैपिड एक्शन फोर्स की अध्यक्षता में ये कक्षा लगाई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### कैच द रेन फेज-2 कार्यक्रम का किया आयोजन



**यमुनानगर।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के मार्गदर्शन में नेहरू युवा केन्द्र द्वारा कैच द रेन फेज-2 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जल संरक्षण व वर्षा के जल के संचयन के महत्व के बारे में जिले के नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिसमें नुक्कड़ नाटक व कला के माध्यम से जल संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत जल संचयन की प्रतिज्ञा से की गई, नुक्कड़ नाटक का नेतृत्व राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित थियेटर कलाकार नेता रमेश सपरा ने किया, उन्होंने अपनी कला के माध्यम से जल ही जीवन का संदेश दिया व जल संकट के विषय में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जल सकंट एक गंभीर समस्या है और हमें इसे नियंत्रित करने के लिए व्यावहारिक जीवन में बदलाव लाना होगा, वर्षा जल संरक्षण एक छोटा कदम है लेकिन यह एक बड़ा बदलाव ला सकता है। जिला युवा अधिकारी ओंकार स्वामी ने आम लोगों से जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील होने की अपील करते हुए कहा कि अगर हम जल संरक्षण की तरफ ध्यान देंगे तो हम आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित जीवन दे सकेंगे, इसलिए, जल का सही उपयोग करें व संचालन करें और इसके महत्व को भी समझें और सुरक्षित व स्वस्थ जीवन स्तर का निर्माण करें।

### तंदूरी तकनीक और तैयारी पर एक कार्यशाला का आयोजन



**जालंधर।** जीएनए यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ हॉस्पिटैलिटी के पाक कला उत्कृष्टता केंद्र ने होटल माया, जालंधर के कार्यकारी शेफ शेफ सी.पी.मिश्रा द्वारा तंदूरी तकनीक और तैयारी पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के दौरान शेफ ने छात्रों को तंदूर की उत्पत्ति, अवधारणा और विकास के बारे में जानकारी दी। शेफ मिश्रा ने सीखने के समय के दौरान विभिन्न मैरिनेड, गार्निश, कबाब और ब्रेड तैयार किए। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को तंदूरी व्यंजनों, खाना पकाने के दौरान तापमान प्रबंधन, विभिन्न तंदूरी तैयारियों की संगत और सजावट के बारे में जानकारी देना था। शेफ मिश्रा ने छात्रों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया और उन्हें तंदूरी तैयारियों में मौजूदा रुझानों के बारे में जानने का मौका मिला। शेफ ने बताया कि कैसे तंदूरी व्यंजन दुनिया भर में सबसे लोकप्रिय हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों के साथ इसके मिश्रण के रूप में बहुत सारे प्रयोग हो रहे हैं। विद्यार्थियों ने मिट्टी के ओवन में बेकिंग की सबसे पुरानी विधि सीखी। छात्रों को कार्यशाला के दौरान तैयार किए गए ऐपेटाइज़र और ब्रेड को प्लेट में लगाने की कला से परिचित कराया गया।

# किसान जागरूकता शिविर का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। रादौर/यमुनानगर



**कृषि** एवं किसान कल्याण विभाग रादौर यमुनानगर द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन पर किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता कृषि विकास अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार द्वारा की गई। इस मौके पर किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

डॉ. सुरेन्द्र कुमार द्वारा किसानों को इन सीटू-एक्स सीटू स्कीम के तहत फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई कि किस प्रकार किसान अपने फसल के फानों को जमीन में मिलाकर व अवशेषों की गठड़ियां बनाकर प्रबंधन कर सकते है। इस योजना के तहत किसानों को 1 हजार रुपये प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी, एक टन धान अवशेष जलाने पर 13 किलोग्राम पर्टीकुलेट मैटर, 60 किलोग्राम कार्बन मोनो-ऑक्साईड, 14.60 किलोग्राम कार्बन डाईऑक्साइड, 3.5 किलोग्राम नाइट्रोजन ऑक्साइड व 0.2 किलोग्राम सल्फर डाइऑक्साइड निकलता है जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है व ओजोन लेयर जो कि पृथ्वी का कम्बल है, भी डैमेज होती है।

डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कृषि यंत्र जैसे सुपर सीडर, कटर, मल्चर आदि पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है जिसका फायदा यह है कि किसान ऑनलाइन पंजीकरण करवा कर उठा सकते है। उन्होंने बताया कि जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार द्वारा यमुनानगर जिले में 13 सितंबर 2023 से धारा 144 लागू है जिसके तहत फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध है, फसल अवशेष जलाने पर 2500 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से जुर्माना वसूला जाएगा, जुर्माना न भरने की स्थिति में एफआईआर का भी प्रावधान है।

उन्होंने बताया कि ग्राम स्तर पर एक सयुंक्त टीम का गठन किया, जिसमे कृषि विभाग से कृषि विकास अधिकारी, पटवारी व सम्बंधित ग्राम सचिव द्वारा हर गांव में फसल अवशेष न जले इसकी निगरानी रखेंगे। इस मौके पर ग्राम सरपंच निशा रानी, राहुल, बलदेव सिंह, नम्बरदार सुभाष, सुरेश, संजीव, ओमप्रकाश, रोशन, रमेश, सुरजीत आदि किसान उपस्थित रहे।

# महिंद्रा ट्रक एंड बस ने हरियाणा के रेवाड़ी में किया अपनी 77वीं डीलरशिप का उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी / रोहतक



**महिंद्रा** ट्रक एंड बस डिविजन (एमटीबीडी) ने वित्त वर्ष %23 में कारोबार की मात्रा में साल-दर-साल के आधार पर 50% से अधिक की वृद्धि दर्ज करने के बाद, आज हरियाणा के रेवाड़ी में अपनी नई, अत्याधुनिक डीलरशिप, मेसर्स ग्लोबल ऑटोमार्ट प्रा. लिमिटेड का उद्घाटन किया।

महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड में वाणिज्यिक वाहन खंड के व्यवसाय प्रमुख, श्री जलज गुप्ता ने इस मौके पर कहा, एमटीबीडी, भारतीय वाणिज्यिक वाहन (सीवी - कमर्शियल व्हीकल) बाजार में एक मजबूत ताकत बनने की राह पर है। हम सीवी उद्योग में कुछ क्षेत्रों और कुछ बाजारों में पहले से ही नंबर 3 खिलाड़ी हैं। अब हमारा लक्ष्य है, सभी भौगोलिक क्षेत्रों और खंडों में अपनी स्थिति को और मजबूत करना। हमें विश्वास है कि हमारे नेटवर्क में नई डीलरशिप शामिल होने के साथ-साथ, नई ब्लेजो एक्स बीएस6 एचसीवी रेंज और फ्यूरियो बीएस6 आईसीवी रेंज के साथ सेवा गारंटी और सर्वोत्तम माइलेज से बाजार में हमारी स्थिति और मजबूत होगी।

गुप्ता ने रेवाड़ी बाजार के बारे में कहा, राज्य का उभरता हुआ आर्थिक केंद्र होने के नाते रेवाड़ी में भारी और हल्के वाणिज्यिक वाहन, दोनों के लिए विशाल बाजार क्षमता है। हम मेसर्स ग्लोबल ऑटोमार्ट जैसे बेहद मजबूत डीलर भागीदार के जरिये इस बाजार को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और ग्राहक सेवा के क्षेत्र में नए मानक बनाएंगे।

डीलरशिप के उद्घाटन के मौके पर मेसर्स के ग्लोबल ऑटोमार्ट प्रा. लिमिटेड के निदेशक श्री सतपाल सिंह और श्री नवीन शर्मा ने कहा, हम ट्रकिंग उद्योग में नए अध्याय का हिस्सा बनकर उत्साहित हैं और हम इस क्षेत्र के ग्राहकों के लिए महिंद्रा ट्रक एंड बस के साथ मिलकर नई डीलरशिप का अनावरण कर सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

# नेत्र सर्जरी हेतु नवनिर्मित अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल, इंद्री रोड में आचार्य सम्राट पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज की 140वीं जन्म जयंती पर नेत्र सर्जरी हेतु नवनिर्मित अत्याधुनिक ऑपरेशन थिएटर में सर्जरी दूरबीन तथा बिना टांका लगाए मोतियाबिंद के ऑपरेशन करने वाली फैको मशीन का शुभारंभ शांतमूर्ति महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज की निश्रा में हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। ये दोनों मशीनें जर्मनी तथा स्विट्जरलैंड से आयातित हैं और इनके द्वारा नेत्र संबंधी रोगों का बेहतरीन उपचार प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक डा. सलिल गुप्ता के दिशानिर्देशन में किया जाएगा। अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर में लैप्रोस्कोपिक शल्यक्रियाओं के लिए सारी व्यवस्थाएं कर निर्माता कंपनी द्वारा इसे हस्पताल प्रबंधन को सौंपा गया। ऑक्सीजन आपूर्ति, ह्रदय जांच संयंत्रों तथा जीवन रक्षक प्रणालियों से सुसज्जित सघन चिकित्सा कक्ष का भी फीता काटकर लोकार्पण किया गया। सर्जरी के उपरांत मरीजों की समुचित देखभाल तथा परिचर्या के लिए नियत कक्ष का भी विधिवत् उद्घाटन किया गया। "इन चिकित्सा सेवा प्रकल्पों में अपना अमूल्य महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रभु आशीर्वाद के अधिकारी रहे अशोक जैन- शशि जैन ,अशोक जैन-अनूप जैन, वरिंदर जिंदल, हस्पताल प्रबंधन की ओर से प्रशांत गोयल, अनिल जैन थे।

# वरेनियम क्लाउड का 49.46 करोड़ का राइट्स इश्यू 28 सितंबर को खुलेगा

पायनियर समाचार सेवा। गुड़गांव

### इसकी कीमत रुपये 123 रुपये प्रति शेयर है

### कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा

**वरेनियम** क्लाउड लिमिटेड राइट्स इश्यू से रु. 49.46 करोड़ जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी का राइट्स इश्यू 28 सितंबर 2023 को खुलने वाला है और इसकी कीमत रुपये 123 रुपये प्रति शेयर है।

इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं, कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों को पूरा करने के लिए किया जाएगा। राइट्स इश्यू 4 अक्टूबर 2023 को बंद होगा। कंपनी रु. 5 अंकित मूल्य के 40,20,574 पूर्ण-भुगतान वाले इक्विटी शेयर रुपये,123 प्रति राइट शेयर की कीमत पर जारी करेगी, जो कुल मिलाकर रुपये 49.46 करोड़ होगा। प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1.10 है, रिकॉर्ड तिथि - 15 सितंबर 2023 को पात्र इक्विटी शेयरधारकों के पास प्रत्येक रुपये पांच के प्रत्येक 10 इक्विटी शेयरों के लिए रुपये 5 का एक राइट्स इक्विटी शेयर। राइट्स इश्यू आवेदन पर शेयरधारकों को 50 प्रतिशत यानि की रुपये 61.5 प्रति शेयर का भुगतान करना होगा और शेष 50 प्रतिशत का भुगतान बोर्ड द्वारा तय किए गए अनुसार एक या अधिक कॉल पर रुपये 61.5 प्रति शेयर पर करना होगा।

हाल ही में क्यूएमएस एमएएस के साथ साझेदारी में वरेनियम क्लाउड ने 21 अप्रैल 2023 को व्याना नाम से एक क्लाउड-आधारित मेडिकल पहनने योग्य डिवाइस का अनावरण किया। कंपनी ने 2022-23 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए मजबूत वित्तीय परिणाम दर्ज किए हैं। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के पहली तिमाही में विकास की गति जारी रखी। 2023 की जून तिमाही में कंपनी ने रुपये 170.61 करोड़ की बिक्री दर्ज की, जो कि तिमाही-दर-तिमाही 13.49 प्रतिशत और साल-दर-साल 227.25 प्रतिशत की वृद्धि है। एबिटा 32.29 प्रतिशत मार्जिन के साथ रुपये 55.09 करोड़ रही, जो तिमाही-दर-तिमाही 29 प्रतिशत और साल-दर-साल 73 प्रतिशत की वृद्धि है।

# संख्या के हिसाब से रिकार्ड कायम करेगी पेंशन शंखनाद महारैली: प्रमोद ईष्टकान

## देश के प्रत्येक राज्य से दिल्ली पहुंचेंगे पेंशन विहीन कर्मचारी: देवराज बाल्यान

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


पेंशन बहाली संघर्ष समिति के पदाधिकारी जनसंपर्क अभियान के तहत कर्मचारी को रैली का निमंत्रण देते हुए।

**पेंशन** बहाली संघर्ष समिति का जनसंपर्क अभियान आज मार्किंग बोर्ड, जन-स्वास्थ्य विभाग, बागवानी विभाग, कृषि विभाग, हरियाणा राज्य परिवहन बस अड्डा, पीएचसी जाखौली, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक जाखौली, पीडब्ल्यूडी आदि में पहुंचा बैठक में एनपीएस कर्मचारी व अधिकारी एकत्रित हुए।जिसमें जिला कार्यकारिणी से जिला अध्यक्ष एमपी सिहं, मुख्य संगठक सचिव रंजीव राणा, राज्य कार्यकारिणी से प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान व प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रदेश मुख्य सलाहकार प्रमोद ईष्टकान ने कहा कि एक अक्तूबर को पेंशन शंखनाद महारैली दिल्ली के रामलीला मैदान में होने जा रही है, जिसमें एनएमओपीएस राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु व राष्ट्रीय संगठन सचिव व प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र धारीवाल के नेतृत्व में लाखों की संख्या में पेंशन विहीन कर्मचारी व अधिकारी भाग लेगें। यह महारैली कर्मचारी की ही नहीं बल्कि देश की संख्या की दृष्टि से ऐतिहासिक रैली होगी। इसमें देश के प्रत्येक राज्यों से कर्मचारी दिल्ली पहुंचेंगे तथा अपने अधिकार पुरानी पेंशन की बहाली की मांग करेंगें। पेंशन आंदोलन इस समय देश का सबसे बड़ा आंदोलन है, जिसमें देश के लगभग 85 लाख कर्मचारी-अधिकारी परिवार सीधे जुड़े हुए हैं। वह अपने भविष्य को आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। सरकार को चाहिए कि पूरे देश के कर्मचारियों तथा अर्धसैनिक बलों की पुरानी पेंशन बहाल करें। प्रदेश उपाध्यक्ष देवराज बाल्यान ने कहा कि पेंशन केवल कर्मचारी के लिए सेवानिवृति के बाद कुछ रूपये नहीं है, बल्कि सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा है, जिससे कर्मचारी अपने जीवन के वृद्धावस्था के समय को स्वाभिमान के साथ गुजार सकता है। किसी के अधीन या आश्रित नहीं होना पड़ता। पेंशन कर्मचारी का संवैधानिक अधिकार भी है, जिससे कर्मचारी को वंचित नहीं किया जा सकता इसलिए सरकार कर्मचारियों की पेंशन बहाल करें।

जिला अध्यक्ष एमपी सिंह ने कहा कि जिला कार्यकारिणी प्रत्येक विभाग में जाकर कर्मचारियों को पेंशन शंखनाद महारैली के लिए आमंत्रित कर रही है। इसके लिए कर्मचारी व अधिकारियों में भारी उत्साह है तथा जिला सोनीपत से हजारों की संख्या में दिल्ली के रामलीला मैदान में कर्मचारी पहुंचेंगें, क्योंकि हर कर्मचारी यह मानता है कि पेंशन के बिना सेवानिवृति के उपरांत गुजारा करना कठिन है, क्योंकि एनपीएस में बनने वाली पेंशन बुढ़ापा पेंशन से भी कम बन रही है और जीवनभर की पूंजी भी शेयर बाजार के हवाले है जिसकी वापसी की भी कोई गारंटी नहीं है। सह-सचिव मंजीत पहल ने कहा कि पेंशन शंखनाद रैली के लिए जिला सोनीपत पूरी टीम जिला के विभिन्न विभागों में पहुंचकर कर्मचारियों को आमंत्रित कर रहे हैं। जिला सोनीपत से हजारों की संख्या में दिल्ली पहुंचेंगे। इस अवसर पर मार्किट कमेटी, बागवानी विभाग, कृषि विभाग से प्रदीप कुमार, सुनील कुमार हरिओम, आरके. दहिया, महावीर शर्मा, मनजीत, बसंत सरोहा, अंकुश मलिक, पंकज कुमार, विरेन्द्र कुमार, नरेंद्र दहिया ज्योति, जगमेंद्र, डा सारिका पीडब्ल्यूडी से अनीत चहल, हरिओम, परिवहन विभाग से सुमित रंगा, मनजीत पहल, अनिल कुमार, राकेश कुमार,बलवान सिंह, सोमबीर सीएचसी बढ़खालसा से अशोक कुमार, श्रीभगवान,बबीता सुरेश, सुनील, संदीप ,रविंद्र ,रितु रानी, नीलम, उर्मिल, राजेश दहिया ,विकास खत्री ,मंजू देवी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखौली अनुराधा, कुलदीप चौहान, रीतू छाबड़ा आदि ने भी सरकार से पेंशन बहाल करने की मांग की तथा समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

## वकील के साथ पुलिस की दरिंदगी के विरोध में दूसरे दिन भी कामकाज रहा ठप

**कैथल।** पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब के वकील वरिन्द्र सिंह के साथ वहां की पुलिस द्वारा दरिंदगी किए जाने के विरोध में बार कौंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा की कॉल पर आज यहां दूसरे दिन भी वकीलों ने कामकाज ठप रखा। पीड़ित वकील का आरोप है कि पुलिस ने उसके साथ बदतमीजी की तथा उसी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत झूठा केस दर्ज कर दिया। इस बारे में जानकारी देने के लिए आज जिला बार एसोएिशन के प्रधान वेद प्रकाश ढुल ने बार रूम में प्रेस वार्ता की। ढुल ने बताया कि एडवोकेट वरिन्द्र सिंह थाने में अपने एक क्लाइंट का पता करने गया था। वहां से सीआईए पुलिस उसे उठाकर ले गई तथा उसके साथ दरिंदगी की।

उन्होंने बताया कि पंजाब पुलिस ने उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। उसके शरीर पर चोटों के 18 निशान थे। इसके बाद वह वकील एसपी से मिले लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। तत्पश्चात वे अदालत में पेश हुए और शिकायत दी। अदालत के दखल के बावजूद पुलिस ने तीन दिन बाद केस दर्ज किया लेकिन दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी नहीं की। इस बात का कड़ा संज्ञान लेते हुए बार कौंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा ने बैठक कर हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में वर्क सस्पेंड रखने का फरमान जारी किया। आज भी वकीलों ने कोई काम नहीं किया।

## रोहतक में पांच अक्टूबर को भाजपा का मैराथन

### सालभर का रोडमैप किया जाएगा तैयार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**भारतीय** जनता पार्टी चुनाव-2024 को लेकर एक और गियर बदलने जा रही है। पार्टी इस मुद्दे पर रोहतक में मंथन करेगी। हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने सभी मोर्चों, प्रकोष्ठों और विभागों के प्रमुखों की बैठक 5 अक्टूबर को रोहतक में बुलाई है। यह निर्णय ओम प्रकाश धनखड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में देर सायं तक चली छोटी टोली की बैठक में लिया गया। रोहतक में होने वाली बैठक मिशन 2024 को लेकर काफी अहम रहने वाली है जिसमें आगामी एक साल का रोडमैप तैयार किया जाएगा। बैठक की शुरूआत में ही सभी नेताओं ने ''नारी शक्ति वंदन'' अधिनियम पास किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया।

छोटी टोली की इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ और प्रदेश प्रभारी बिप्लव देव ने अब तक कराए गए संगठन तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा और प्रदेश महामंत्री वेदपाल एडवोकेट, पवन सैनी, मोहन लाल बड़ौली भी उपस्थित रहे। तीन घंटों तक चली बैठक में तीनों महामंत्रियों ने सेवा पखवाड़ा के आगामी कार्यक्रमों के आयोजन के बारे में प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को जानकारी दी। प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी ने भी सेवा पखवाड़ा के दौरान अब तक हुए सेवा कार्यों पर संतुष्टि जताई और विश्वास जताया कि आगामी कार्यक्रम भी सफलतापूर्वक सम्पूर्ण किए जाएंगे। बैठक में आगामी योजनाओं का प्रारूप भी तैयार किया गया।

बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने बताया कि बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं और कई मुद्दों पर चर्चा हुई है। सेवा पखवाड़ा के कुछ कार्यक्रम हो गए हैं और अभी बस्ती संपर्क अभियान का कार्यक्रम बचा हुआ है। सभी कार्यकर्ता दो अक्टूबर तक अनुसूचित जातिवर्ग की बस्तियों में जाएंगे और एक-एक घंटा का समय देंगे। दो अक्टूबर गांधी जयंती पर पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलेगा। इस दिन ग्रामीण देव स्थानों व शहीदों की प्रतिमाओं पर विशेष तौर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।

विपक्ष के गठबंधन पर प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ ने कहा कि यह गठबंधन बिखराव पर है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के माफी मांगने के सवाल पर धनखड़ ने कहा कि उनको सद्बुद्धि आई अच्छी बात है। अब तक उदयभान सीना जोरी दिखा रहे थे, इससे उनकी ही छवि खराब हो रही थी।

अभय चौटाला के बयान का जवाब देते हुए ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि राजनीति में किसी का घमंड नहीं चलता और अभय चौटाला से ज्यादा इस बात को कौन जान सकता है। उल्लेखनीय है कि 25 सितम्बर की रैली में इनेलो नेता अभय चौटाला ने कहा था कि ''हरियाणा का आदमी खुद्दार होता है और जो घमंड करता है उसे चूर-चूर कर देता है''। ओम प्रकाश धनखड़ इसी का जवाब दे रहे थे।

## 41वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में छाए सोनीपत के खिलाड़ी

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**कन्या** महाविद्यालय खरखौदा में आयोजित 41वीं सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस चैंपियनशिप में लगभग 27 टीमों ने भाग लिया। खुशी दहिया और हर्षिका मलिक ने स्वर्ण पदक जीतकर न केवल स्कूल का बल्कि हरियाणा प्रदेश का नाम रोशन किया।

लिटल एंजल्स स्कूल की खुशी दहिया और हर्षिका मलिक ने हरियाणा का प्रतिनिधित्व करते हुए, राजस्थान की टीम को 41-34 के स्कोर से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्ज़ा किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने फूल मालाएं पहनाकर विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने समस्त खिलाड़ियों को बधाई दी। प्रधानाचार्या आशा गोयल ने खिलाड़ियों को खेल भावना की सराहते हुए उन्हें भविष्य में भी बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।


सीनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप की विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ।

## गांव भटगांव में पशुपालक किसान गोष्ठी का आयोजन

**सोनीपत।** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एव पशु विज्ञान विश्वविद्यालय हिसार की इकाई जिला पशु विज्ञान केंद्र द्वारा जिला के गांव भटगांव के पशु अस्पताल में पशुपालक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस किसान गोष्ठी में 30 पशुपालकों ने भाग लिया। किसान गोष्ठी में पशु विज्ञान केंद्र की मुख्य वैज्ञानिक डॉ. गौरी चंद्राते ने पशु पालकों को दुधारू पशुओं की बीमारियों, लुवास विश्वविद्यालय द्वारा बनाया गया खनिज मिश्रण का विस्तार से महत्त्व बताया और पशु पालकों की आय दुगनी करने के सुझाव बताए। उन्होंने नवजात शिशुओं की देखरेख के उपायों और पशुपालकों को निशुल्क खनिज मिश्रण और दवाईयां वितरित की। पशुपालक किसान गोष्ठी मे राजकीय पशु चिकित्सालय भटगांव के पशु -चिकित्सक डॉ. विरेन्द्र रंगा ने पशु पालकों को दुधारू पशुओं की बीमारियों, पशुओं को स्वस्थ रखने के लिए नियमित टीकाकरण करने की सलाह दी।

## संक्षिप्त समाचार

### सावी चौधरी को मिली नई जिम्मेदारी



**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो एवं फाउंडर नरेंद्र अरोड़ा ने टीम का विस्तार करते हुए करनाल की विख्यात समाजसेविका सावी चौधरी को अंतर्राष्ट्रीय निदेशक नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने सावी चौधरी को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सावी चौधरी ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेगी। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि हैं।

### बच्चों के भविष्य के लिए एकजुट होना जरूरी



**करनाल।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन महिला विंग की तरफ से एक बैठक का आयोजन किया गया ,जिसकी अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष आशा गोयल द्वारा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष उमा गोयल पहुंची। महिला विंग की सदस्य नीलम गोयल ,डॉ निशा गुप्ता, राखी गुप्ता द्वारा आये हुए मुख्य अतिथि का फूलों के गुलदस्ता द्वारा स्वागत किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य करनाल जिले कि हर क्षेत्र में वैश्य समाज की महिलाओं को आगे लाना है। मुख्य अतिथि उमा गोयल द्वारा सभी महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि वैश्य संकल्प रैली के लिए आप सबको जींद में आना है।अग्रवाल समुदाय को चमकाना है और राजनीति में आना है ,उन्होंने बताया कि हमारे बच्चों के भविष्य के लिए एकजुट होना जरूरी है।अब अग्रवाल समाज जागरूक हो गए हैं , समाज की सेवा के क्षेत्र में सबसे ज्यादा अग्रणी अग्रवाल समाज ही रहा है, अग्रवाल समाज पूरे प्रदेश में एकजुट होकर अपनी ताकत का एहसास कराने के लिए जींद के अर्जुन स्टेडियम में 1 अक्टूबर को एक भव्य समारोह का आयोजन करने जा रहा है जिसमें आप सभी महिलाएं सादर आमंत्रित है, आने जाने के लिए ऐ सी बसों की पूरी तरह से व्यवस्था की जाएगी तथा जलपान एवं लंच की व्यवस्था भी अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन की तरफ से करवाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मोनिका गुप्ता, नीरू गर्ग,मंजू गुप्ता, सुनीता गुप्ता , नीरू गोयल,अनुपमा जैन ,मधु गुप्ता, मीनू तायल आदि महिलाएं मौजूद रहे।

### स्वास्थ्य कैंप में दी पौष्टिक भोजन की जानकारी

**कैथल।** ब्लॉक कैथल शहरी के अर्जुन नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में उपस्थित सभी बच्चों का स्वास्थ्य जांचा गया बच्चों का वेट और हाइट का नाप लिया गया। साथ ही उपस्थित माताओं को पौष्टिक आहार के बारे में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कमलेश गर्ग ने बताया कि स्वस्थ और पौष्टिक भोजन से ही अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त किया जा सकता है। माताओं को चाहिए कि वे अपने और बच्चों के भोजन में पौष्टिकता का ध्यान रखें। उन्होंने हरी सब्जियां, विशेष तौर पर मोटे अनाज खाने पर जोर दिया। इस मौके पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर पूनम देवी, मंजू बंसल, आंगनवाड़ी वर्कर मीना, रेनू, दीपिका उपस्थित रहे।

## आशा वर्करस की हड़ताल 51वें दिन भी जारी रही, मांगें बरकरार


आशा वर्करस के धरने को संबोधित करते श्रद्धानंद सोलंकी।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

### सरकार ने यूनियन को बातचीत के लिए बुलाया

**लघु** सचिवालय परिसर में आशा वर्करस की हड़ताल लगातार 51वें दिन भी जारी रही। 25 सितंबर को पूरे हरियाणा की आशा वर्करस ने जेल भरो आंदोलन के तहत गिरफ्तारियां दी थी। जेल भरो आंदोलन को देखकर सरकार ने ने 29 सितंबर को आशा वर्करस यूनियन के प्रतिनिधि मंडल को बातचीत के लिए बुलाया है।

आशा वर्करस की हड़ताल को राज्य कमेटी के निर्णय से 10 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है, यदि सरकार 29 तारीख की मीटिंग को आशा वर्करस की समस्याओं का समाधान नहीं करती है, मांगों को नहीं मानती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। गांव-गांव में सरकार की पोल खोलने का कार्यक्रम जारी रहेगा, जिसका खामियाजा सरकार को आने वाले 2024 के इलेक्शन में बताना पड़ेगा। आज के धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान अनीता ने की व संचालन सहसचिव छवि ने किया।

आज धरने को किसान सभा के नेता श्रद्धानंद सोलंकी, सीटू के कोषाध्यक्ष आनंद शर्मा, जिला प्रधान अनीता, अनीता चिटाना, सुनीता, पूनम, छवि, मीना आदि ने धरने को संबोधित किया।

## युवाओं को नशाखोरी से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में देना चाहिए सहयोग: राजीव जैन

### राजीव जैन ने किया शहीद भगत सिंह चौक के निर्माण कार्य का शुभारम्भ

### पूर्व मंत्री कविता जैन ने अपने कोटे से दिए थे चौक के लिए पांच लाख


शहीद भगत सिंह चौक के निर्माण कार्य का शुभारम्भ करते राजीव जैन।

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने सिक्का कॉलोनी दिल्ली रोड पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर शहीद भगत सिंह चौक के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। पूर्व मंत्री कविता जैन ने अपने कार्यकाल के दौरान यहां भगत सिंह चौक के निर्माण के लिए अपने कोटे से पांच लाख रूपये की राशि प्रदान की थी।

इस राशि से ही आज भगत सिंह चौक के निर्माण कार्य को प्रारम्भ किया गया। शहीद सम्मान समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि यह अनुकरणीय शुरूआत है। शहीद-ए-आजम भगत सिंह का चौक युवाओं में देशभक्ति के जज्बे को पैदा करेगा। युवाओं को उनके संदेश व मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा मिलेगी। नई पीढ़ी को भी अपने वीर शहीदों के विषय में जानने का मौका मिलेगा।

राजीव जैन ने कहा कि इस समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में मेरी माटी - मेरा देश अभियान उत्साह के साथ गतिमान है। अभियान के दौरान ही चौक के निर्माण कार्य का शुभारम्भ हर्ष का विषय है। हमें अपने शहीदों को सदैव स्मरण रखना चाहिए। शहीदों को नमन करने, श्रद्धांजलि देने और उन्हें याद करने का हर अवसर का लाभ उठाते हुए आयोजन में शामिल होना चाहिए।

राजीव जैन ने कहा कि शहीद भगत सिंह देश का गौरव है, जिन्होंने अपना जीवन देश की आजादी के लिए कुर्बान कर दिया। शहीद-ए-आजम की जयंती हमें धूमधाम से मनानी चाहिए।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष शहीद भगत सिंह के शहीदी दिवस के उपलक्ष में सारथि फाउंडेशन के सौजन्य से युवाओं के लिए डैड लिफ्टिंग प्रतियोगिता करवाई थी। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे देश भक्ति के जज्बों के साथ राष्ट्र सेवा को समर्पित रहे।

## राजकीय महाविद्यालय में मनाया 43वां विश्व पर्यटन दिवस

**कैथल।** राजकीय महाविद्यालय के पर्यटन प्रबंधन विभाग ने 43वां विश्व पर्यटन दिवस धूमधाम से मनाया। विभागाध्यक्ष अनिल ललित ने बताया कि विश्व पर्यटन दिवस की शुरुआत वर्ष 1980 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा हुई थी।

इस तिथि के चुनाव का मुख्य कारण यह था कि वर्ष 1970 में यूएनडब्ल्यूटीओ कानून को स्वीकारा गया था। इस्तांबुल टर्की में अक्टूबर 1997 को बारहवीं यूएनडब्ल्यूटीओ महासभा ने यह फैसला लिया कि प्रत्येक वर्ष संगठन के किसी एक देश को हम विश्व पर्यटन दिवस मनाने के लिए सहयोगी रख सकते हैं। इसी परिकल्पना में विश्व पर्यटन दिवस वर्ष 2006 में यूरोप में, 2007 में साउथ एशिया में, 2008 में अमेरिका में, 2009 में अफ्रीका में तथा 2011 में मध्य पूर्व क्षेत्र यह देशों में मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार भाम्बू ने बताया कि महाविद्यालय में उपलब्ध व्यावसायिक और रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम पर्यटन प्रबंधन में त्रिवर्षीय स्नातक कोर्स के उपरान्त स्नातक स्तरीय सभी सरकारी और गैर सरकारी नौकरियों की पात्रता के अलावा रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं।

## एक मामूली शुरूआत से सॉफ्टवेयर में सफलता तक: सूरज हल्दर की प्रेरक यात्रा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सूरज** हलदर ने सभी बाधाओं को पार करते हुए सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री में सफल करियर बनाया है। सूरज का जन्म ऐसे परिवार में हुआ, जहां आर्थिक मुश्किलों से जूझना उनके लिए आम बात हो चुकी थी। एक साधारण परिवार से लेकर आई गुरू पोर्टल सर्विसे ? में फ्रंट एंड डेवलपर बनने तक का सफर किसी प्रेरणा से कम नहीं है। स्कूल के दिनों में, वे अपने शौक के लिए अपने साथियों को प ?ते थे। जो चीज़ एक शौक के रूप में शुरू हुई वह जल्द ही कमाई के साधन में बदल गई और उन्होंने कई बैचों को ट्यूशन देना शुरू कर दिया। मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बावजूद, उनके फाइनल ईयर के एक कोर्स ने उनका ध्यान सॉफ्टवेयर इंडस्ट्री की ओर ब ? दिया। सूरज ने नेक्स्टवेव -हैदराबाद में स्थित एड-टेक लर्निंग प्लेटफॉर्म में एनरोल कर नेक्स्टवेव के सीसीबीपी 4.0 प्रोग्राम के माध्यम से, उन्होंने अपने सपनों की टेक नौकरी की इच्छा को पूरा करने के लिए आवश्यक स्किल्स को सीखा। वर्षों की मेहनत और नेक्स्टवेव के अटूट समर्थन का परिणाम तब मिला जब सूरज ने आई गुरु पोर्टल सर्विसेज में फ्रंटएंड डेवलपर के रूप में अपना पद हासिल किया। ''यह मेरे लिए सपने की तरह था। वे सभी अनगिनत घंटे और नेक्स्टवेव का मार्गदर्शन मुझे इस अविश्वसनीय क्षण तक ले आया। मेरा सपना साकार हो गया है। सूरज की यह यात्रा उनके पक्के इरादे, परिवार के सहयोग और शिक्षा की बदलावकारी क्षमता को दर्शाती है। सूरज सॉफ्टवेयर करियर में अपने प्रयासों को जारी रखे हुए हैं।

## सभी भक्तों के संकट दूर करते हैं भगवान गणेश: मदान

### मेयर निखिल मदान ने विघ्नहर्ता गणपति भगवान का लिया आर्शीवाद

### सर्राफा बाजार में गणपति महोत्सव शोभायात्रा में पहुंचकर

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना करते मेयर निखिल मदान।

**नगर निगम** मेयर निखिल मदान शहर के पुराने सर्राफा बाज़ार ( गंज बाजार) में आयोजित गणपति महोत्सव एवं शोभायात्रा कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे।

इस अवसर पर मेयर निखिल मदान ने विघ्नहर्ता गणपति भगवान को नमन करते हुए उनका आशीर्वाद लिया और नारियल फोड़कर शोभायात्रा को शुरू करवाया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि गणेश चतुर्थी का पर्व भगवान गणेश के जन्मोत्सव से जुड़ा है और भारत में गणपति स्थापना के साथ ये पर्व शुरू होता है और फिर गणपति विसर्जन के साथ सम्पन्न होता है। साथ ही गणपति भगवान से अगले वर्ष जल्दी आने की प्रार्थना की जाती है। मेयर निखिल मदान ने कहा कि भगवान गणेश को सभी संकट दूर करने वाले विघ्नहर्ता माना जाता है और वो अपने सभी भक्तों के संकट दूर करते हैं। गणपति भगवान को रिद्धि सिद्धि और भक्तों को बुद्धि एवं समृद्धि देने वाले माना जाता है। मेयर निखिल मदान ने आयोजन समिति के सभी सदस्यों का उन्हें मान सम्मान देने के लिए आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर संस्था के प्रधान हरिदास पाटिल ने बताया कि उनकी सोसाइटी द्वारा अबकी बार 31वां गणपति महोत्सव मनाया जा रहा है। मेयर निखिल मदान ने बताया कि महाराष्ट्र के मूल निवासियों द्वारा सोनीपत शहर में इतना भव्य आयोजन करना बेहद प्रशंसनीय कार्य है और वो हर साल इस कार्यक्रम में पहुंच कर गणपति भगवान का आशीर्वाद लेते है। इस दौरान इंदिरा मार्केट से छोटा हलवाई हट्टा, लाल दरवाजा होते हुए सर्राफा बाज़ार से दयाल चौक तक शोभायात्रा निकाली गई।

# न्यायालय ने केंद्र, दिल्ली सरकार को दलीलें मिला कर दाखिल करने को कहा

**दिल्ली सेवा विवाद**

एजेंसी। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में सेवाओं के नियंत्रण में निर्वाचित आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाली सरकार की जगह उपराज्यपाल को वरीयता देने संबंधी केंद्र सरकार के कानून को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर बुधवार को दोनों पक्षों को दलीलें मिला कर दाखिल करने का आदेश दिया।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने अनुरोध किया कि मामला तत्काल सुनवाई के लिए पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, मैं (दिल्ली) प्रशासन की पीड़ा व्यक्त नहीं कर सकता। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, पुराने संविधान पीठ के मामले रहे हैं। हम सूचीबद्ध कर रहे हैं और सात-न्यायाधीशों की पीठ के दो मामले भी आ रहे हैं। ये सभी महत्वपूर्ण हैं और वर्षों से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मामला कुछ समय बाद सूचीबद्ध किया जा सकता है। पीठ ने सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन से एक साथ बैठने तथा सेवा विवाद में संविधान पीठ द्वारा तय किए जाने वाले कानूनी सवालों पर विचार करने को कहा। पीठ ने कहा, हम शादान फरासत को नोडल वकील नियुक्त करेंगे। हम उनसे कहेंगे कि दलीलों को मिला कर तैयार करें। यह चार सप्ताह में तैयार करें और फिर आप इसका (सूचीबद्ध करने का) जिक्र करें। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 25 अगस्त को दिल्ली सरकार को सेवाओं के नियंत्रण में निर्वाचित सरकार की जगह उपराज्यपाल को वरीयता देने के केंद्र सरकार के अध्यादेश को चुनौती देने वाली उसकी याचिका में संशोधन कर इसे अध्यादेश के बजाय कानून को चुनौती देने वाली याचिका में बदलने की अनुमति दी थी।

अध्यादेश की जगह कानून लाए जाने के कारण याचिका में संशोधन आवश्यक हो गया था। पीठ ने सिंघवी की उस दलील पर गौर किया कि इससे पहले अध्यादेश को चुनौती दी गई थी जो संसद के दोनों सदनों से पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद कानून बन गया है।



### संसद ने अगस्त में विधेयक को मंजूरी दी थी

**संसद** ने अगस्त में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी, जिसे दिल्ली सेवा विधेयक भी कहा जाता है। इससे उपराज्यपाल को सेवा मामलों पर व्यापक अधिकार मिल गया। राष्ट्रपति की सहमति के बाद यह विधेयक कानून बन गया। केन्द्र सरकार ने दानिक्स कैडर के ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के उद्देश्य से 19 मई को एक अध्यादेश जारी किया था। यह अध्यादेश जारी किए जाने से महज एक सप्ताह पहले ही उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस, कानून-व्यवस्था और भूमि को छोड़कर अन्य सभी सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली सरकार को सौंप दिया था।

# ईरान ने इमेजिंग सैटेलाइट को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित करने का दावा किया

एजेंसी। तेहरान

**ईरान** ने बुधवार को दावा किया कि उसने एक इमेजिंग सैटेलाइट को सफलतापूर्वक अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित कर दिया है। इस कदम से पश्चिम देशों के साथ तनाव और बढ़ने की आशंका है, जिन्हें आशंका है कि ईरान इन उपग्रहों का इस्तेमाल परमाणु हथियार विकसित करने में कर सकता है।

एक खबर के अनुसार, ईरान के संचार मंत्री इसा जारेपुर ने कहा कि नूर-3 उपग्रह को पृथ्वी की सतह के ऊपर 450 किलोमीटर पर कक्षा में स्थापित किया गया है। इस प्रक्षेपण या उपग्रह को कक्षा में स्थापित किए जाने के बारे में पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने तत्काल कोई पुष्टि नहीं की है।

ईरान हाल के वर्षों में कई असफल प्रक्षेपण कर चुका है। यह स्पष्ट नहीं है कि प्रक्षेपण कब किया गया।

अमेरिकी सेना ने टिप्पणी के अनुरोध पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जारेपुर ने कहा कि ईरान के अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड की अंतरिक्ष शाखा ने पूर्व में भी सफलतापूर्वक उपग्रह प्रक्षेपित किए हैं और उसने हाल में कई प्रक्षेपण किए। अधिकारियों ने प्रक्षेपण की तत्काल कोई तस्वीर जारी नहीं की है।

# शहरों पर दबाव घटाने को गांवों तक पहुंचें बुनियादी सुविधाएं: राष्ट्रपति

एजेंसी। इंदौर

**देश** के शहरों पर आबादी के बोझ में लगातार इजाफे का हवाला देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि इस दबाव को कम करने के लिए गांवों में शहरों की तर्ज पर उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाएं पहुंचाई जानी चाहिए।

मुर्मू ने इंदौर में इंडिया स्मार्ट सिटीज कॉन्क्लेव 2023 में कहा, मैं देशवासियों के हित में सुझाव देना चाहूंगी कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शहरों की तरह स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्रों में उत्कृष्ट बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। ऐसा करने से शहरों पर दबाव कम होगा और ग्रामीण जनता का जीवन बेहतर होगा। राष्ट्रपति ने बताया कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी 40 करोड़ के मौजूदा स्तर से बढ़कर 87 करोड़ से अधिक होने का अनुमान जताया गया है यानी करीब ढाई दशक बाद 50 प्रतिशत से अधिक देशवासी शहरी क्षेत्रों में रहेंगे। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े इशारा करते हैं कि शहरों और नगरवासियों की बढ़ती आकांक्षाओं और जरूरतों के मद्देनजर भविष्य का रोडमैप तैयार करके आगे बढ़ने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि नगर नियोजन में जलवायु परिवर्तन, हरित ईंधनों के इस्तेमाल और सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के क्षेत्रों में अपेक्षाकृत व्यापक स्तर पर काम किए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने शहरी विकास में तेजी से बढ़ते भारतीय निवेश का हवाला देते हुए कहा कि उत्कृष्ट कार्यों को लागू करने और व्यावहारिक कारोबारी मॉडल विकसित करने में स्मार्ट सिटी परियोजना का बेहद महत्वपूर्ण योगदान है। राष्ट्रपति ने कहा कि जी20 के उप समूह अर्बन 20 ने शहरों के बीच जुड़ाव की स्थाई व्यवस्था स्थापित करने का प्रयास किया और इसके माध्यम से सामूहिक संदेश दिया गया है कि सतत विकास की प्राथमिकता को आगे बढ़ाने में शहरी प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने कहा, हमें विश्व के सबसे बेहतर प्रबंधन वाले शहरों के उत्कृष्ट कार्यों और कारोबारी मॉडलों से सीख लेनी चाहिए और अपने सफल प्रयासों को अन्य देशों के साथ साझा भी करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि शहरी क्षेत्रों की निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद कर रहे हैं, लेकिन खासकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए और प्रभावी कदम उठाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शहरों में डेंगू और मलेरिया के हर साल सामने आने वाले प्रकोप से निपटने के लिए जन भागीदारी बढ़ाने और संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है।



### इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड्स कांटेस्ट 2022 में इंदौर ने पाया था पहला स्थान

**अपने** संबोधन से पहले, मुर्मू ने इंडिया स्मार्ट सिटीज अवॉर्ड्स कांटेस्ट 2022 के तहत इंदौर को देश के 100 स्मार्ट शहरों में सर्वश्रेष्ठ चुने जाने के आधार पर राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी पुरस्कार से नवाजा। इस श्रेणी में सूरत और आगरा दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मध्यप्रदेश को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि तमिलनाडु दूसरे पायदान पर रहा। राजस्थान और उत्तर प्रदेश संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। समारोह में अलग-अलग श्रेणियों में 66 विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इनमें 31 विशिष्ट शहर, एक केंद्र शासित प्रदेश, चार राज्य और सात भागीदार संगठन शामिल हैं। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी, मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी मौजूद थे।

### सिंगापुर : यात्री पर नस्लवादी टिप्पणी को लेकर चीनी कैब चालक निलंबित

**सिंगापुर।** सिंगापुर में चीन के एक कैब ड्राइवर द्वारा एक महिला और उसकी बेटी को भारतीय मूल का नागरिक समझकर उन पर कथित रूप से नस्लभेदी टिप्पणी करने के बाद निजी कार संचालन कंपनी टाडा ने उसे निलंबित कर दिया है। कंपनी ने यह जानकारी दी।

कंपनी के एक प्रवक्ता ने कहा कि घटना की गहन जांच के बाद चालक के खिलाफ कार्रवाई की गई। घटना का वीडियो एक यात्री और उसकी छोटी बेटी ने रिकार्ड किया था। पिछले शनिवार को जान होडेन नामक एक महिला ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर दो वीडियो अपलोड किए थे। वीडियो में उनके और कैब चालक के बीच हुई बहस को दिखाया गया था। होडेन ने टाडा ऐप का स्क्रीनशॉट भी साझा किया था। होडेन (46) ने फेसबुक पोस्ट में कहा कि बहस की शुरुआत तब हुई जब चालक ने उस पर गलत दिशा बताने का आरोप लगाया। महिला ने दावा किया कि उसने चालक को कुछ भी नहीं कहा था।

# भारत अमृत काल में वैश्विक शक्ति भी बनने का प्रयास करेगा: जयशंकर

एजेंसी। न्यूयॉर्क

**विदेश** मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अगले 25 वर्ष में भारत अपने अमृत काल में एक विकसित राष्ट्र बनने का प्रयास करेगा और यह भी तर्कसंगत है कि वह एक वैश्विक शक्ति बनने का भी प्रयास करेगा। जयशंकर ने मंगलवार को यहां विदेश संबंध परिषद में कहा कि भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है तो जाहिर है कि आपके हित ज्यादा हैं, आपकी जिम्मेदारियां ज्यादा हैं, आपका योगदान ज्यादा है।

कहा, आप आज वास्तव में ऐसा भारत देखते हैं जिसके पदचिह्न अधिक हैं, जिसके हित और गतिविधियां अधिक हैं। दूसरा वास्तव में खुद दुनिया की संरचना है। हमने पिछले कुछ वर्षों, शायद चार या पांच वर्षों में कई तरीकों से देखा है, विश्व राजनीति की प्रकृति बदल गई है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और ऊर्जा समेत मुद्दे अब बदल गए हैं। जयशंकर ने अमृत काल के संदर्भ में कहा, आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदी की अगली तिमाही योजना के बारे में बात करते हैं। हमारे पास इसके लिए विशिष्ट भारतीय शब्द है।



उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य यह है कि अब से एक चौथाई सदी बाद हमें विकसित देश बनने के लिए प्रयास करना चाहिए। देश का यह लक्ष्य है। लेकिन अगर आप उसके नतीजों पर गौर करें तो मुझे लगता है कि उस चौथाई सदी में यह तर्कसंगत होगा कि हम वैश्विक शक्ति बनने का भी प्रयास करें। विदेश मंत्री ने उन पहलों का भी जिक्र किया जिन्हें भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की तरह तैयार किया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या भारत खुद को उत्तर और दक्षिण तथा पूर्व और पश्चिम के बीच पुल के रूप में स्थापित करने का प्रयास करते हुए देखना चाहता है, इस पर जयशंकर ने कहा, काफी हद तक हां, लेकिन एक तरह से मैं इसे सरल कर रहा हूं क्योंकि यह हमेशा संभव नहीं होता, हमेशा यह वांछनीय नहीं होता, आवश्यक रूप से बीच में बने रहना।

### भारतीय नौसेना नया स्वदेशीकरण रोडमैप पेश करेगी

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना अगले सप्ताह एक अद्यतन स्वदेशीकरण रोडमैप का अनावरण करेगी, जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों और प्लेटफॉर्म में आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट पहलों की रूपरेखा बताई जाएगी रोडमैप चार और पांच अक्टूबर को आयोजित होने वाले वार्षिक स्वावलंबन सेमिनार के दूसरे संस्करण में जारी किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन में भाग लेने वाले हैं। एक संवाददाता सम्मेलन में, नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख वाइस एडमिरल संजय जसजीत सिंह ने कहा कि नौसेना ने पिछले साल स्वावलंबन सेमिनार में 75 प्रौद्योगिकियों को विकसित करने का संकल्प लिया था और लक्ष्य हासिल कर लिया गया है।

# पटनायक ने मोदी सरकार को दिए 10 में से आठ अंक



एजेंसी। भुवनेश्वर

**ओडिशा** के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के नरेन्द्र मोदी सरकार को 10 में से आठ अंक देने पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस ने बीजू जनता दल (बीजद) की राज्य सरकार को बुधवार को शून्य अंक दिया और उसे आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार बताया।

पटनायक ने रविवार को एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते हुए उनकी सरकार को विदेश नीति और गरीबी उन्मूलन के प्रति काम के लिए 10 में से आठ अंक दिए थे। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के नेता जयनारायण मिश्रा ने कहा, मुख्यमंत्री को प्रधानमंत्री के संपूर्ण प्रदर्शन के लिए उन्हें 10 में से 10 अंक देने चाहिए। हालांकि, मैं हर मोर्चे पर पटनायक की नाकामी के लिए उन्हें शून्य अंक दूंगा। प्रधानमंत्री का शासन भ्रष्टाचार मुक्त है जबकि पटनायक सरकार आकंठ तक भ्रष्टाचार में डूबी है। कांग्रेस के विधायक ताराप्रसाद बहिनीपति ने कहा कि मैं राज्य और केंद्र सरकार दोनों को बड़ा शून्य दूंगा। उन्होंने आरोप लगाया, दोनों ने जनता के लिए कुछ नहीं किया। दूसरी ओर, बीजद के विधायक शशि भूषण बेहरा ने कहा कि पटनायक को मिश्रा तथा बहिनीपति जैसे लोगों की ओर से रैटिंग की जरूरत नहीं है। बेहरा ने कहा, ओडिशा की जनता ने पटनायक को लगातार पांच बार मुख्यमंत्री बनाकर उन्हें पूरे अंक दिए हैं।

### आगरा के राधास्वामी सत्संग भवन पर यथास्थिति रखने के निर्देश

**प्रयागराज।** आगरा के दयालबाग में राधास्वामी सत्संग भवन के ध्वस्तीकरण के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सुनवाई की अगली तारीख पांच अक्टूबर तक उस स्थान पर यथास्थिति बरकरार रखने का बुधवार को निर्देश दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम ने राधास्वामी सत्संग सभा द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया। राधास्वामी सत्संग सभा ने ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को चुनौती देते हुए यह याचिका दायर की है। इस मामले में सुनवाई शुरू हुई, याचिकाकर्ता की ओर से एक संशोधन आवेदन पेश किया गया जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया गया और याचिकाकर्ता को रिट याचिका में इस आवेदन को शामिल करने का निर्देश दिया गया। राज्य सरकार के वकील ने यह कहते हुए इस याचिका का विरोध किया कि उस जमीन पर अतिक्रमण कर निर्माण किया गया है।

**श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा**

# दिल्ली-एनसीआर की तर्ज पर करना पड़ सकता है अयोध्या का भी विस्तार

एजेंसी। नई दिल्ली

**श्रीराम** मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कहा है कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाने के बाद इसके आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों में एकाएक तेजी आएगी और आने वाले समय में दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर इस तीर्थ स्थल का भी विस्तार करना पड़ सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्व प्रधान सचिव रह चुके मिश्रा ने एक साक्षात्कार में कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पास बिहार और छत्तीसगढ़ से लेकर नेपाल तक के, मर्यादा पुरुषोत्तम से जुड़े स्थलों के जीर्णोद्धार की मांग लगातार आ रही है लेकिन उसने इसे स्थानीय लोगों पर ही छोड़ देने का फैसला किया है। मंदिर निर्माण का कार्य पूरा हो जाने और रामलला के दर्शन के वास्ते इसे आम जन के लिए खोल दिए जाने के बाद अयोध्या की आर्थिक गतिविधियों के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने दावा किया कि इससे निश्चित है कि एकाएक अयोध्या और आसपास के क्षेत्रों का आर्थिक स्तर ऊंचा उठेगा। उन्होंने कहा, क्योंकि यहां धनराशि आएगी। लोगों को अनेक अवसर मिलेंगे और इन अवसरों के साथ-साथ आगे निवेश भी बढ़ेगा।



16 होटल बनाने के आवेदन आ चुके हैं। यहां पर एक स्मार्ट सिटी की योजना भी बनाई जा रही है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य मिश्रा ने बताया कि अयोध्या में परिवहन व्यवस्था सुगम बनाने के लिए भी एक मास्टर प्लान बनाया जा रहा है।

### उत्तरी इराक में विवाह भवन में आग लगने से 100 से अधिक लोगों की मौत

**मोसुल (इराक)।** उत्तरी इराक में ईसाई विवाह समारोह के दौरान की गई आतिशबाजी के कारण मेहमानों से खचाखच भरे भवन में भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई और 150 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका जताई है। उन्होंने बताया कि घटना इराक के निनवे प्रांत के हमदानिया इलाके की है। यह प्रांत उत्तरी शहर मोसुल के ठीक बाहरी क्षेत्र में बसा एक ईसाई बहुल इलाका है, जो कि देश की राजधानी बगदाद से 335 किलोमीटर दूर उत्तर पश्चिम में है।

# तमिलनाडु के लिए पानी छोड़ने के निर्देश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी : सिद्धरमैया

एजेंसी। चामराजनगर (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को कहा कि तमिलनाडु के लिए पानी छोड़ने के कावेरी जल विनियमन समिति (सीडब्ल्यूआरसी) के निर्देश को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। समिति ने कर्नाटक को 28 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच पड़ोसी राज्य तमिलनाडु को 3,000 घन फुट प्रति सेकेंड (क्यूसेक) की दर से पानी छोड़ने का निर्देश दिया है।



सिद्धरमैया ने कहा कि उन्होंने प्रदेश की कानूनी टीम से बात की है और उसने इस निर्देश को सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने की राय दी है। उन्होंने इस जिले के माले महादेश्वर हिल्स में संवाददाताओं से बातचीत करते कहा, हम विनियमन समिति के आदेश को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दे रहे हैं। हमारे पास देने के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। उपमुख्यमंत्री डीके. शिवकुमार ने सीडब्ल्यूआरसी द्वारा तमिलनाडु के अनुरोध को खारिज करने पर मंगलवार को संतोष जताया था। तमिलनाडु की मांग थी कि कर्नाटक 12,000 क्यूसेक पानी छोड़े। समिति ने कर्नाटक को 3,000 क्यूसेक पानी छोड़ने की सिफारिश की।

कर्नाटक के अधिकारियों के अनुसार, इस वर्ष दक्षिण-पश्चिम मानसून (जून से सितंबर तक) के दौरान काफी कम बारिश होने से राज्य के चार अहम जलाशयों में पानी का पर्याप्त भंडार नहीं है। अधिकारियों के अनुसार राज्य में इतनी गंभीर स्थिति है कि सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति तो दूर, पेयजल की जरूरतों को पूरा करने में परेशानी आ रही है।

# सनातन धर्म को खत्म करने की बात करने वाले राज्यों में नहीं टिक पाएगा: तिवारी

### तमिलनाडु के मंत्री और द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से की थी

एजेंसी। रायपुर

**भारतीय** जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने बुधवार को दावा किया कि सनातन धर्म को नष्ट करने की बात करने वाला विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) अब राज्यों में भी टिक नहीं पाएगा। बिलासपुर और मुंगेली जिलों में भाजपा की परिवर्तन यात्रा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ पहुंचे तिवारी ने राजधानी रायपुर में विमानतल पर संवाददाताओं से बातचीत में यह दावा किया।



तिवारी ने साथ ही कहा कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनावों में सांसदों को मैदान में उतारने की भाजपा की रणनीति से पता चलता है कि पार्टी चुनावों को कितनी गंभीरता से ले रही है। छत्तीसगढ़ राज्य में इस वर्ष के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनावों के लिए जारी अपनी दूसरी सूची में भाजपा ने सात सांसदों को मैदान में उतारा है। इनमें तीन केंद्रीय मंत्री और एक राष्ट्रीय महासचिव शामिल हैं। कांग्रेस ने दावा किया है कि भाजपा के पास विधानसभा चुनावों के लिए चेहरे नहीं हैं इसलिए वह छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में सांसदों को चुनाव मैदान में उतार रही है। इस बारे में पूछे जाने पर तिवारी ने कहा, यदि सांसद विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं तो यह स्पष्ट है कि हम चुनावों को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं। अगर वे (कांग्रेस) सोचते हैं कि हम चुनावों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं तो यह उनकी गलती है। तिवारी ने कहा, सबसे बड़ी बात यह है कि वे (कांग्रेस) किस आधार पर जीतेंगे? उन्होंने एक गठबंधन बनाया है जिसका कहना है कि वह सनातन धर्म को नष्ट कर देगा। सुशासन के मामले में वे (कांग्रेस) भाजपा या राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) से आगे नहीं हैं। यदि वे सनातन धर्म को नष्ट करने के एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहे हैं तो मुझे नहीं लगता कि वे किसी भी राज्य में टिक पाएंगे। तमिलनाडु के मंत्री और द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों से करने और इसके उन्मूलन का आह्वान करने के बाद भाजपा कांग्रेस पर निशाना साध रही है।

### बोले, लोग राज्य में कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ स्वेच्छा से खड़े हो रहे हैं

**द्रमुक,** दो दर्जन से अधिक विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का एक घटक है। भाजपा सांसद तिवारी ने छत्तीसगढ़ में पार्टी की परिवर्तन यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि परिवर्तन की लहर राज्य की सड़कों, गांवों और शहरों में साफ महसूस की जा सकती है। उन्होंने कहा कि लोग राज्य में कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ स्वेच्छा से खड़े हो रहे हैं।

### ट्रंप ने रियल एस्टेट कारोबार खड़ा करते समय बरसों बरस धोखाधड़ी की : न्यायाधीश

**न्यूयॉर्क।** पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ एक न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि ट्रंप ने रियल एस्टेट कारोबार खड़ा करते समय बरसों बरस धोखाधड़ी की जबकि इसी कारोबार ने उन्हें प्रसिद्धि दिलाई और व्हाइट हाउस तक पहुंचाया।

न्यूयॉर्क अटॉर्नी जनरल लेटीशिया जेम्स द्वारा दायर किए गए एक मुकदमे में मंगलवार को सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आर्थर एंगोरोन ने ट्रंप के खिलाफ अपनी व्यवस्था में यह कहा। उनके अनुसार, पाया गया है कि पूर्व राष्ट्रपति और उनकी कंपनी ने अपनी संपत्तियों का अत्यधिक मूल्यांकन करके तथा सौदे करने और ऋण हासिल करने में कागजी कार्वाई में अपनी कुल आय को बढ़ा-चढ़ाकर दिखा कर बैंकों, बीमाकर्ताओं और अन्य लोगों के साथ धोखाधड़ी की।

# दुबई जाने वाली एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान का मार्ग बदला गया

एजेंसी। कोझिकोड (केरल)

**केरल** के कोझिकोड में कारीपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुबई जाने वाले एअर इंडिया एक्सप्रेस के विमान को बुधवार को उड़ान भरने के लगभग एक घंटे बाद मार्ग बदलकर कन्नूर की ओर मोड़ दिया गया, क्योंकि पायलट ने विमान के कार्गो होल्ड में आग की चेतावनी संबंधी लाइट देखी थी।

सूत्रों ने बताया कि विमान - आईएक्स 345 में चालक दल के सदस्यों समेत 176 यात्री सवार थे। विमान कन्नूर में पूर्वाह्न लगभग 11 बजे सुरक्षित उतरा और सभी यात्री सकुशल हैं। उन्होंने बताया कि विमान ने सुबह लगभग नौ बजकर 53 मिनट पर कारीपुर हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और एक घंटे बाद पायलट ने चेतावनी सूचक संबंधी लाइट जलती देखी जिसके बाद विमान को कन्नूर की दिशा में मोड़ दिया गया।



एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, गलत सूचना के कारण हमारी कोझिकोड-दुबई उड़ान को मार्ग परिवर्तित कर कन्नूर भेजा गया। कन्नूर से दुबई के लिए तय उड़ान को जारी रखने के लिए, एक वैकल्पिक विमान की व्यवस्था की जा रही है।

प्रवक्ता ने कहा, एअर इंडिया एक्सप्रेस ने यात्रियों को हुई इस देरी और असुविधा के लिए खेद प्रकट किया और उन्हें भोजन एवं नाश्ता उपलब्ध कराया।

# एनडीए परीक्षा में एएफपीएस के 32 छात्रों ने मारी बाजी

## दिल्ली सरकार के शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल का पहले साल में शानदार प्रदर्शन

- छात्र भविष्य के अधिकारी के रूप में देश को गौरवान्वित करेंगे : केजरीवाल
- परीक्षा में कुल 76 बच्चे हुए थे शामिल, 32 हुए उत्तीर्ण इसमें 9 लड़कियों भी शामिल


एनडीए की परीक्षा में बाजी मारने वाली नौ लड़कियों के साथ दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार के शहीद भगत सिंह आर्म्ड फोर्सेज प्रिपरेटरी स्कूल ने अपने पहले ही साल में यूपीएससी द्वारा आयोजित एनडीए की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। एएफपीएस के पहले बैच के 32 छात्रों ने एनडीए की परीक्षा में बाजी मारी है। इनमें 9 लड़कियाँ भी शामिल है। इस शानदार उपलब्धि पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने बुधवार को झड़ौदा कलाँ स्थित स्कूल में जाकर छात्रों से मुलाकात की और भविष्य में एसएसबी में भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर खुशी जताते हुए कहा कि उन्हें यकीन है कि राष्ट्रीय राजधानी से अधिक से अधिक छात्र अब एनडीए परीक्षा पास करेंगे और भविष्य के अधिकारी के रूप में देश को गौरवान्वित करेंगे। दिल्ली देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेगी। एएफपीएस के छात्रों ने एनडीए परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो देश भर में किसी एक स्कूल से एनडीए उत्तीर्ण करने वाले छात्रों में से एक है। सिर्फ एक साल में आर्म्ड फोर्स प्रिपरेटरी स्कूल ने बेहतरीन नतीजे दिखाए हैं। वहीं शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि आज एक बहुत बड़ा सपना पूरा होता दिख रहा है।


मुख्यमंत्री ने एक साल पहले जब इस स्कूल का उद्घाटन किया था तो कहा था कि ये स्कूल गरीब परिवारों के बच्चों के सैन्य अफसर बनने का सपना पूरा करेगा। शिक्षकों-बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत के साथ पहले साल में ही इसे सच कर दिखाया।

ये एक बहुत बड़ी उपलब्धि है कि हमारे 76 छात्रों ने परीक्षा दी और उनमें से 32 छात्रों ने ये परीक्षा उत्तीर्ण की। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, आप बच्चों ने अपने अनुशासन,मेहनत व देशभक्ति के जज्बे से साबित कर दिया है कि वो सैन्य अफसर बन भारत माता की सेवा करने के लिए तैयार है। बस अब आप सभी को एसएसबी के लिए दोगुनी मेहनत करनी है।

उन्होंने कहा कि साल-दो साल पहले सोचा था कि दिल्ली के अंदर कोई सैनिक स्कूल नहीं है, दिल्ली के जो बच्चे फौज में जाना चाहते हैं और देश की सेवा करना चाहते हैं, उनके लिए कोई औपचारिक सिस्टम नहीं है, जो उनको फौज में भर्ती के लिए तैयार कर सके। इसके लिए एक साल पहले इस स्कूल की शुरुआत की और बच्चों ने पहले बैच ने ही इतना शानदार प्रदर्शन करते हुए ये साफ कर दिया है कि ये स्कूल आने वाले भविष्य में देश के लिए सैन्य अफसरों की एक लंबी कतार खड़ी करेगा। इस पर दिल्ली के साथ-साथ पूरे देश को उनपर गर्व होगा।

### यह स्कूल पूरी तरह से नि:शुल्क और आवासीय हैं

*लड़कों और लड़कियों का अलग-अलग हॉस्टल है। स्कूल में एनडीए समेत दूसरी आर्म्ड सर्विसेस के लिए बच्चों को तैयार किया जाता है। ट्रेनिंग देने के लिए विशेषज्ञ फैकल्टी खासकर सेवानिवृत्त आर्मी या एयरफोर्स ऑफिसर को रखा जाता है। दिल्ली में रहने वाला कोई भी बच्चा 9वीं और 11वीं कक्षा में दाखिला ले सकता है। वर्तमान में इस स्कूल में कक्षा 9वीं, 10वीं व 12वीं में कुल 237 छात्र पंजीकृत हैं। कक्षा 12वीं में कुल 76 बच्चे हैं जिनमे से सभी ने एनडीए की परीक्षा दी और इनमें से 32 बच्चों ने लिखित परीक्षा पास की है। परीक्षा में कुल 76 बच्चे हुए थे शामिल, 32 हुए उत्तीर्ण इसमें 9 लड़कियों भी शामिल आधुनिक सुविधाओं से लैस 14 एकड़ में फैला है यह स्कूलयह स्कूल 14 एकड़ में फैला है। सभी सुविधाओं से लैस मॉडर्न स्कूल बनाया गया है। यह स्कूल दिल्ली सरकार के स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस का हिस्सा और दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन से मान्यता प्राप्त है।*



## संक्षिप्त समाचार


संगोष्ठ में वक्ताओं के साथ छात्र और अध्यापक।

### भगत सिंह के जन्मदिन पर शहीदों को किया याद

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और संघर्ष को याद करने और अमर शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर उनका सम्मान करने के लिए त्यागराज स्टेडियम में शहीद उत्सव का आयोजन में किया गया। समारोह में अमर शहद भगत सिंह के छोटे भाई की पोती अनुष प्रिया संधु, स्वतंत्रता सेनानी और शहीदों के परिवार एवं बड़ी संख्या में स्कूल-कॉलेज के छात्र शामिल हुए। इस अवसर पर सामान्य प्रशासन मंत्री गोपाल राय ने कहा कि युवाओं को शहीद भगत सिंह के विचारों से परिचित होना चाहिए। युवाओं को नई राह दिखाने के लिए भगत सिंह के विचार कल भी जिंदा थे, आज भी जिंदा हैं और भविष्य में भी जिंदा रहेंगे। देश की आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान अतुलनीय है। इस दौरान कलाकारों ने अमर शहीद भगत सिंह के जीवन पर नाटक का मंचन भी किया।

### युवाओं की मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संगोष्ठी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म द्वारा युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर विभा शर्मा (आईएचबीएएस) व सहायक प्रोफेसर मनीषा झा (आईएचबीएएस) उपस्थिति रही। इस संगोष्ठी में प्रो. विभा ने मुख्य रूप से युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य व तनाव पर चर्चा की साथ ही उन्होंने यह बात साझा की किस तरह से आज इंटरनेट युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल रहा है उन्होंने युवाओं को तनाव की समस्या से बचने के उपाय भी साझा किए। दिल्ली स्कूल जर्नलिज्म के मानद निदेशक प्रोफेसर जे पी दुबे ने कहा कि वे निरन्तर इस तरह के कार्यक्रम कराते रहेंगे जिससे सभी विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकें। इस कार्य्रकम की संयोजक डॉ. प्रियंका सचदेवा व आयोजक मंडल के सभी छात्र उपस्थित रहे।

### नौकरशाही खाने पर केजरीवाल हताशा में: भाजपा


वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल सरकार केंद्र सरकार के खिलाफ प्रशासनिक शक्तियों से संबंधित सबसे अधिक अदालती मामले दायर करने वाली सरकार बन गई है। सचदेवा ने कहा है कि जिस तरह से दिल्ली सरकार के वकील ने दिल्ली सेवा अधिनियम, 2023 के खिलाफ अदालत में तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई, वह नौकरशाही पर प्रशासनिक नियंत्रण खोने को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की हताशा को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष ने कहा है कि 2013 में जब उन्होंने पहली बार सरकार बनाई थी, तभी से अरविंद केजरीवाल अपनी सरकार के लिए और अधिक अधिकारों के लिए रो रहे हैं और लड़ रहे हैं। सचदेवा ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में अरविंद केजरीवाल ने राजनीतिक विस्तार के लिए पैसा कमाने के लिए दिल्ली के अधिकारियों को स्थानांतरित करने के लिए अपनी शक्ति का उपयोग किया है।

### एनडीएमसी की बैठक में कई प्रस्तावों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की आयोजित परिषद बैठक की अध्यक्षता पालिका परिषद अध्यक्ष अमित यादव ने की। इस बैठक में उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक और सदस्य एनडीएमसी, वीरेंद्र सिंह कादियान, परिषद के सदस्य कुलजीत सिंह चहल, विशाखा शैलानी, गिरीश सचदेवा और सचिव - एनडीएमसी, डॉ. अंकिता चक्रवर्ती की उपस्थिति में विभिन्न नागरिक केंद्रित, बुनियादी ढांचे और कर्मचारी कल्याण संबंधी प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें मंजूरी भी दी। सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए कार्य के सांकेतिक दायरे में सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए प्रारंभिक चरण में सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना के लिए चुनिंदा मात्राएं/स्थान परिषद क्षेत्र में प्रदान किए जाएंगे।

# दिल्ली सेवा विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और केंद्र से मांगा जवाब

- केजरीवाल सरकार ने शीर्ष अदालत से गुहार लगाते हुए कहा कि मामले में जल्द सुनवाई की जरूरत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण में आम आदमी पार्टी की सरकार की जगह उपराज्यपाल को वरीयता देने संबंधी केंद्र सरकार के कानून को चुनौती देने वाली दिल्ली सरकार की याचिका पर बुधवार को दोनों पक्षों को दलीलें मिला कर दाखिल करने का आदेश दिया। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से दिल्ली सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने अनुरोध किया कि मामला तत्काल सुनवाई के लिए पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए। वरिष्ठ वकील ने कहा, वह (दिल्ली) प्रशासन की पीड़ा व्यक्त नहीं सकता।

सीजेआई ने कहा, पुराने संविधान पीठ के मामले रहे हैं। वह सूचीबद्ध कर रहे हैं और सात-न्यायाधीशों की पीठ के दो मामले भी आ रहे हैं। ए सभी महत्वपूर्ण हैं और वर्षों से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि मामला कुछ समय बाद सूचीबद्ध किया जा सकता है। पीठ ने सिंघवी और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन से एक साथ बैठने तथा सेवा विवाद में संविधान पीठ द्वारा तय किए जाने वाले कानूनी सवालों पर विचार करने को कहा। पीठ ने कहा, हम शादान फ़रासत को नोडल वकील नियुक्त करेंगे। हम उनसे कहेंगे कि दलीलों को मिला कर तैयार करें।

यह चार सप्ताह में तैयार करें और फिर आप इसका (सूचीबद्ध करने का) जिक्र करें। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 25 अगस्त को दिल्ली सरकार को सेवाओं के नियंत्रण में निर्वाचित सरकार की जगह उपराज्यपाल को वरीयता देने के केंद्र सरकार के अध्यादेश को चुनौती देने वाली उसकी याचिका में संशोधन कर इसे अध्यादेश के बजाय कानून को चुनौती देने वाली याचिका में बदलने की अनुमति दी थी।

अध्यादेश की जगह कानून लाए जाने के कारण याचिका में संशोधन आवश्यक हो गया था। पीठ ने सिंघवी की उस दलील पर गौर किया कि इससे पहले अध्यादेश को चुनौती दी गई थी जो संसद के दोनों सदनों से पारित होने और राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद कानून बन गया है।

पीठ ने कहा था, सॉलिसिटर जनरल ने कहा है कि उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। इसलिए संशोधन के लिए आवेदन को मंजूरी दी जाती है। अगर कोई जवाबी हलफनामा (केंद्र का जवाब) हो तो चार सप्ताह के भीतर दाखिल किया जा सकता है।

संसद ने अगस्त में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी, जिसे दिल्ली सेवा विधेयक भी कहा जाता है। इससे उपराज्यपाल को सेवा मामलों पर व्यापक अधिकार मिल गया। राष्ट्रपति की सहमति के बाद यह विधेयक कानून बन गया।

केन्द्र सरकार ने दानिक्स कैडर के ग्रुप-ए अधिकारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए राष्ट्रीय राजधानी लोक सेवा प्राधिकरण गठित करने के उद्देश्य से 19 मई को एक अध्यादेश जारी किया था। यह अध्यादेश जारी किए जाने से महज एक सप्ताह पहले ही उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी में पुलिस, कानून-व्यवस्था और भूमि को छोड़कर अन्य सभी सेवाओं का नियंत्रण दिल्ली सरकार को सौंप दिया था।

# चोरी के शक में युवक की पीटकर कर हत्या

- बिजली के पोल से बांधकर लाठियों से किया था वार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी इलाके में चोरी के संदेह में कुछ लोगों ने एक युवक की कथित तौर पर खंभे से बांधकर पिटाई की, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह इलाके के जी-4 ब्लॉक में हुई।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्वी) जॉय टिर्की ने बताया कि सुंदर नगरी निवासी फल विक्रेता अब्दुल वाजिद ने शिकायत दर्ज कराई कि चोरी के संदेह में कुछ लोगों द्वारा पिटाई किए जाने के बाद उनके बेटे इसार की मौत हो गई। डीसीपी ने वाजिद के हवाले से बताया कि मंगलवार शाम जब वह अपने घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनका बेटा बाहर पड़ा दर्द से कराह रहा है और उसके पूरे शरीर पर चोट के निशान थे। इसार ने अपने पिता को बताया कि सुबह लगभग पांच बजे कुछ युवकों ने जी-4 ब्लॉक के निकट उसे पकड़ लिया और उस पर चोरी का आरोप लगाया। टिर्की ने वाजिद के हवाले से बताया कि इसके बाद उन्होंने इसार को एक खंभे से बांध दिया और लाठियों से उसकी पिटाई की। उन्होंने बताया कि हमलावर जी-4 ब्लॉक के निकट रहते थे। उन्होंने कहा कि इसार का पड़ोसी आमिर उसे रिक्शे में घर ले आया और शाम लगभग सात बजे उसने दम तोड़ दिया। वाजिद ने पुलिस को सूचित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के आधार पर बताया कि पीड़ित मानसिक रूप से अस्वस्थ था। उसने बताया कि अपराधियों ने उसे बिजली के खंभे से बांध दिया और उसके साथ मारपीट की क्योंकि वह उनके सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और इसार पर हमला करने वाले लोगों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

### विधानसभा फेलो की सेवाओं को रद्द करने के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह तीन अक्टूबर को इस संबंध में आदेश पारित करेगा कि क्या दिल्ली विधानसभा अनुसंधान केंद्र में फेलो के तौर पर कार्यरत पेशेवरों की सेवा जारी रखने के उसके पूर्व के अंतरिम आदेश में संशोधन करने की जरूरत है या नहीं।

दिल्ली विधानसभा सचिवालय ने इस पेशेवरों की संविदा पर नियुक्ति रद्द कर दी थी। विधानसभा सचिवालय और अन्य संबंधित प्राधिकारियों की ओर से इस महीने दिए गए अंतरिम आदेश को रद्द करने के लिए दी गई अर्जी पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने कहा, इस मामले को तीन अक्टूबर को सूचीबद्ध किया जाए। मुझे इस पर विचार करने दें।

# ज्वैलरी चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली

- सीसीटीव फुटेज खंगाल रही पुलिस, कई टीमें गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली में एक आभूषण की दुकान में हुई चोरी की जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस के इसम मामले में अभी हाथ खाली है।

मंगलवार को कम से कम तीन अज्ञात लोग भोगल इलाके में एक स्ट्रॉंग रूम में छेद कर आभूषण के शोरूम में घुस गए और वहां से 20 करोड़ रुपए से अधिक के सोने के गहने लेकर फरार हो गए। यह राष्ट्रीय राजधानी में हाल के समय में हुई चोरी की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, वह हम गठित टीमों के साथ बैठकें कर रहे हैं। हमने उन्हें मामले की गहन जांच का निर्देश दिया है। टीमें वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में काम करेंगी। घटना से जुड़े महत्वपूर्ण सुराग के लिए इलाके में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, सभी टीमें हर पहलू से जांच कर रही हैं और आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। यह घटना रविवार और सोमवार की देर रात में होने की आशंका है क्योंकि उमराव सिंह ज्वैलर्स नामक आभूषण की यह दुकान सोमवार को बंद रहती है।

उसने बताया कि दुकान में कई सीसीटीवी कैमरे लगे थे लेकिन रविवार आधी रात के आसपास वे खराब हो गए। पुलिस अधिकारी ने कहा, शोरूम के मालिक ने रविवार रात करीब आठ बजे दुकान बंद की और मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे दुकान खोली, तब उसे घटना की जानकारी हुई।

दुकान में भूतल पर एक तिजोरी है, जिसमें एक भारी धातु का दरवाजा और तीन तरफ दीवारें हैं। ग्राहकों के साथ लेन-देन शोरूम के भूतल पर होता है, जबकि इसकी ऊपरी तीन मंजिलों का उपयोग भंडारण और आभूषणों से संबंधित अन्य कार्यों के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा, जब शोरूम के मालिक ने दुकान खोली तब उसने पाया की तिजोरी वाले कमरे की कंक्रीट की दीवार क्षतिग्रस्त है। आरोपियों ने दीवार के एक तरफ लगभग एक से डेढ़ फुट का छेद किया हुआ है। मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है।

**स्वच्छता ही सेवा अभियान**

# दिल्ली की 25 प्रमुख सड़कों को संवारेंगे : उपराज्यपाल

## एलजी विनय सक्सेना ने सभी सिविक एजेंसियों से सामूहिक प्रयासों करने की अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


अधिकारियों के साथ बैठक में उपराज्यपाल विनय सक्सेना।

**जी-20** शिखर सम्मेलन के दौरान जिस तरह से 61 सड़कों साफ-सुथरा और संवारा गया था। उसी तरह अब 25 प्रमुख सड़कों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत चमकाया जाएगा। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की अध्यक्षता में बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में सिविक एजेंसियों को द्वारका उप-शहर के साथ-साथ शहर भर में 25 सड़कों की पहचान करने के लिए कहा गया, जहां 1 अक्टूबर से बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 1 अक्टूबर को एक तारीख, एक घंटा, एक साथ सामूहिक स्वच्छता अभियान पूरे देश में सभी सार्वजनिक स्थानों पर चलाया जाएगा।

एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, डीडीए, एनडीएमसी सहित अन्य सभी सिविक एजेंसियां इन 25 सड़कों की सफाई और सौंदर्यीकरण के लिए एक साथ काम करेंगी जैसे कि जी -20 शिखर सम्मेलन के दौरान पहचान की गई 61 सड़कों को आपसी समन्वय के साथ साफ और सौंदर्यीकृत किया गया था। । इसके बाद सफाई अभियान का जायजा लेने के लिए उपराज्यपाल रात के समय इन स्थानों का औचक दौरा भी करेंगे।

इनके अलावा, एमसीडी ने राजधानी में 500 स्थानों की पहचान की हैं, जिन्हें स्वच्छता अभियान के दौरान साफ किया जाएगा। सभी जोन के उपायुक्तों सहित वरिष्ठ अधिकारियों को दैनिक आधार पर स्वच्छता अभियान को लागू करने एवं पर्यवेक्षण करने के बाद आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट पर किए गए कार्यों की तस्वीरें अपलोड करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्य को पूरा सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी सड़कों की पहचान और निरीक्षण करेंगे और इन हिस्सों की स्वच्छता, मरम्मत, रखरखाव और हराभरा बनाये रखने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करेंगे। एलजी ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने अधिकार क्षेत्र संबंधी किसी भी मुद्दे को दूर करें और अभियान में सकारात्मक योगदान दें।

उपराज्यपाल ने विशेष रूप से सिविक एजेंसियों को अस्पतालों और डिस्पेंसरियों में जहां हर दिन हजारों मरीज और उनके परिवार आते हैं उनके आसपास उच्चतम स्तर की स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा । इसी प्रकार, लोक निर्माण विभाग को अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली मुख्य सड़कों की सफाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी सिविक एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की पहले और बाद की तस्वीरें लेने के भी निर्देश दिए गए। उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस को पुलिस स्टेशनों और ऐसे अन्य परिसरों के आसपास सफाई अभियान चलाने को कहा है।

# मोहल्ला बस योजना :डीटीसी ई-बसें खरीदने को करेगी करार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार की महत्वाकांक्षी मोहल्ला बस योजना के अगले कुछ महीनों में कार्यान्वित होने की उम्मीद है और इसके लिए दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) इस सप्ताह ई-बसों की खरीद के लिए करार करने जा रहा है। मोहल्ला बस योजना की घोषणा वित्तवर्ष 2023-24 के लिए दिल्ली के वार्षिक बजट में की गई थी। इसका उद्देश्य नौ मीटर से छोटी बसों का परिचालन करना है ताकि उन इलाके के आखिरी छोर तक बस सेवा शुरू की जा सके, जहां की सड़कें कम चौड़ी हैं या अधिक भीड़-भाड़ है।

> इसका मकसद छोटी बसों का परिचालन करना है जहां सड़कें कम चौड़ी हैं या भीड़-भाड़ है

दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि उम्मीद है कि हम ई-बस निर्माताओं के साथ बसों की खरीद संबंधी करार पर इस सप्ताह या अगले सप्ताह के शुरुआत में हस्ताक्षर करेंगे। बसों की आपूर्ति तीन से पांच महीने में होने की उम्मीद है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने पिछले सप्ताह मीडिया से बातचीत में कहा था कि आखिरी छोर तक परिवहन की सुविधा देना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। गहलोत ने कहा था कि ये बसें मोहल्ले का चक्कर लगाएंगी ताकि लोग आसानी से मेट्रो स्टेशन, बाजार और अस्पताल पहुंच सकें।

अरविंद केजरीवाल सरकार ने 2000 से अधिक फीडर बसें खरीदने की योजना बनाई है जिनका परिचालन उन मार्गों पर किया जाएगा जहां की सड़कों की चौड़ाई 12 मीटर से कम है। परिवहन मंत्री ने इन बसों के मार्ग और परिचालन के तौर तरीके तय करने के लिए मई में एक समिति गठित की थी। समिति ने लोगों की राय के आधार पर रूट संबंधी सर्वेक्षण का कार्य पूरा कर लिया है। अब सर्वेक्षण आंकड़ों का मिलान उन इलाकों की आबादी, सड़क अवसंरचना और उनकी चौड़ाई संबंधी आंकड़ों से किया जा रहा है।

# क्यों हुआ जोशीमठ भूधंसाव, भाग एक कहीं छोटे-छोटे भूंकप तो नहीं थे वजह?

## लगभग आठ माह बाद जोशीमठ भूधंसाव की जांच कर रही एजेंसियों की रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी गई है।

**जोशीमठ** में भूधंसाव के कारणों की जांच कर रही आठ एजेंसियों की रिपोर्ट लगभग आठ महीने बाद सार्वजनिक कर दी गई है। डाउन टू अर्थ सभी आठों एजेंसियों की रिपोर्ट्स को एक-एक करके प्रकाशित करेगा। आज प्रस्तुत है कि देश के प्रतिष्ठित संस्थान वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी ने अपनी रिपोर्ट में क्या लिखा है?

वाडिया की दस सदस्यों की टीम 10 जनवरी 2023 को जोशीमठ के लिए रवाना हुई। टीम ने बकायदा 23 फरवरी 2023 से लिडार सर्वेक्षण शुरू किया। टीम ने पीपलकोटी से तपोवन के बीच भूगर्भीय स्थिति, ढांचागत निर्माण, अस्थायी निर्माण, सक्रिय टेक्टोनिक्स आदि का सर्वेक्षण किया। टीम ने पीपलकोटी, जोशीमठ व तपोवन के किनारे दरार वाले भवनों, धंसाव और जोड़ों को विवरण सहित नक्शा बनाया।

**सूक्ष्म भूकंपों की निगरानी जरूरी**

हालांकि वाडिया की टीम ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि दो-तीन जनवरी 2023 की रात को ऐसा क्या हुआ, जिससे जोशीमठ शहर में तेजी से भूधंसाव हुआ, लेकिन रिपोर्ट में यह जरूर कहा गया है कि जोशीमठ में छोटे-छोटे भूकप आते रहते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तराखंड का जोशीमठ क्षेत्र भारत के उच्चतम भूकंपीय क्षेत्र में आता है। 1999 में 6.6 तीव्रता के चमोली भूकंप का केंद्र जोशीमठ के करीब और दक्षिण में है। जहां हिमालयी भूकंपीय बेल्ट क्षेत्र से होकर गुजरती है, वहां भूकंपीय गतिविधि अधिक होती है। ऊपरी परत के भीतर मुख्य हिमालयन थ्रस्ट भूकंपीय गतिविधि को चलाने वाला प्रमुख टेक्टोनिक फाल्ट है।

यही वजह है कि वाडिया इंस्टीट्यूट ने यहां 1.0 से कम तीव्रता वाले सूक्ष्म भूकंप की की निगरानी के लिए जोशीमठ और उसके आसपास 11 स्टेशनों का एक निकटवर्ती भूकंपीय नेटवर्क स्थापित किया। इसको सेंट्रल रिकॉर्डिंग स्टेशन, देहरादून में निरंतर भूकंपीय डेटा निकालने के लिए भूकंपीय स्टेशन ऑनलाइन जोड़ा गया और निरंतर निगरानी की गई। रिपोर्ट के मुताबिक 13 जनवरी से 12 अप्रैल के दौरान, भूकंपीय नेटवर्क ने जोशीमठ से 50 किमी की दूरी के भीतर अधिकतम 1.5 तीव्रता के 16 सूक्ष्म भूकंप रिकॉर्ड किए, जो हाइपोसेंटेस 10 किमी की गहराई के ऊपरी क्रस्ट के भीतर थे। भूकंप का केंद्र मुख्य रूप से जोशीमठ के दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम में था, जहां वक्रिता थ्रस्ट (वीटी) और मुन्सियरी थ्रस्ट (एमटी) टेक्टॉनिक फाल्ट मौजूद हैं। वर्तमान में आए इन भूकंप और अतीत की भूकंपीय गतिविधियों में दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम में बढ़ती भूकंपीयता की समान प्रवृत्ति दिखी, जो मुख्य रूप से चमोली भूकंप के केंद्र के आसपास केंद्रित है। अतः इस क्षेत्र में अत्यंत छोटे सूक्ष्म भूकंप की यह भूकंपीय गतिविधि सामान्य है।

हालांकि, जोशीमठ के आसपास 100 किमी की दूरी के भीतर कुछ हल्के और उच्च तीव्रता वाले भूकंप दर्ज किए गए, जो हिमालय के आसपास के इलाकों की तुलना में थोड़े अधिक पैमाने पर हैं। सबसे अधिक तीव्रता वाला भूकंप 5.4 तीव्रता का है जो 24 जनवरी 2023 को नेपाल के पश्चिमी भाग में जोशीमठ से 100 किमी की दूरी पर दक्षिण-पूर्व में आया था।



### लाइडर तकनीक अपनाने की सलाह

**वाडिया** के वैज्ञानिकों ने अपनी रिपोर्ट में सलाह दी है कि चूंकि जोशीमठ एक तीव्र ढलान पर स्थित है, जहां काफी सघन कंक्रीट का निर्माण हुआ है, साथ ही कुछ हिस्सों में घने जंगल हैं, इसलिए क्षेत्र के मानचित्रण के लिए ऊंचाई मॉडल की एयरबोर्न लाइडर स्क्ष्ठक्र तकनीक सबसे उपयुक्त और व्यवहार्य विकल्प प्रतीत होती है।रिपोर्ट में सलाह दी गई है कि चूंकि उत्तराखंड एक पर्वतीय राज्य है और अक्सर पर्वतीय आपदाओं का सामना करना पड़ता है, इसलिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि राज्य के लिए लाइडर स्थलाकृतिक मानचित्रण किया जाए। ताकि योजनाकारों और निर्णय निर्माताओं के लिए प्रबंधन और शमन की योजना बनाते वक्तजमीनी स्थलाकृति और सतह मॉडल उपलब्ध हों। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तराखंड ही नहीं, हिमालय के अन्य स्थानों पर भी सर्वे ऑफ इंडिया की निगरानी और डेटा को नियमित रूप से अपग्रेड किया जाना चाहिए।

**चट्टान नहीं मिट्टी के बोल्डर पर बसा है जोशीमठ**

रिपोर्ट के मुताबिक टीम ने अध्ययन के दौरान जोशीमठ में ढलान पर सड़कों और घरों की दीवारों पर आई कुछ हालिया दरारों को देखने के बाद पाया कि अधिकांश दरारों की ज्यामिति (जियोमेट्री) समान है। यानी, नीचे की ओर संकीर्ण ज्यामिति, जिसका अर्थ है कि दरारें ऊपर से नीचे तक फैली हुई हैं या अभी भी फैल रही हैं। दरारों के ऊपरी हिस्से का निचले हिस्से की तुलना में चौड़ा होना दर्शाता है कि दबाव की वजह से ये दरारें बनी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अध्ययन में यह पाया गया कि जोशीमठ शहर एक ढलान पर स्थित है जिस पर अब तक कोई भी यथास्थान चट्टान नहीं देखी गई है। बल्कि ढलान में अलग-अलग आकार और मिट्टी की सामग्री के ढीले बोल्डर हैं। बोल्डर गार्नेट और गनीस से बने होते हैं।

### कहां से आ रहा था पानी

वाडिया की टीम ने जोशीमठ के सात अलग-अलग जगहों पर इलेक्ट्रॉड के माध्यम से आंकड़े इकट्ठे किए। इनमें परसारी, मनोहर बाग में दो जगह, सिंहधर, जेपी कॉलोनी, सुनील गांव और मारवाड़ी (जेपी कॉलोनी के नीचे) शामिल हैं।

टीम ने पाया कि परसारी में 15 मीटर की गहराई पर एक सुसंगत आधारशिला परत मौजूद है। यहां पानी के रिसाव का कोई नामोनिशान नहीं मिला। सुनील में भी जमीन के नीचे बोल्डर की उपस्थिति देखी गई। यहां भी कोई रिसाव क्षेत्र नहीं मिला। मनोहर बाग की पहली साइट मेंऔली रोड से टॉवर 1 के पास उत्तर-पश्चिम की ओर ढलान के साथ 5 मीटर से 35 मीटर की गहराई पर भारी मात्रा में पानी का क्षेत्र देखा गया। मनोहर बाग की दूसरी साइट में औली रोड के समानांतर 5 से 10 मीटर की गहराई पर पानी का रिसाव देखा गया। सिंहधार में पानी के रिसाव के अलग-अलग टुकड़े मौजूद थे, जबकि खंड के मध्य में 25 मीटर की गहराई तक एक बड़ा पत्थर मौजूद था। जेपी कॉलोनी में, 10 मीटर की गहराई तक पानी का रिसाव स्पष्ट रूप से देखा गया। जबकि वहां बोल्डर भी था।

मारवाड़ी में पानी का रिसाव अलग-अलग हिस्सों में देखा गया, लेकिन 4-5 मीटर की बहुत उथली गहराई तक ही था। इन तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट में कहा गया है-यह कहा जा सकता है कि रिसाव वाला पानी प्राकृतिक है और मानवजनित गतिविधियों से प्रभावित नहीं है। यहां यह उल्लेखनीय है कि स्थानीय निवासियों का आरोप था कि जगह-जगह से निकल रहा पानी तपोवन-विष्णुगाड़ जल संयंत्र का है, जो पिछले साल आई बाढ़ के कारण सुरंग में घुस गया था।

-साभार-डीटीई

## शहरों की बढ़ती चकाचौंध के चलते छ पक्षियों में हो रहा अनोखा बदलाव, पहले से छोटी हो रही आंखें



**प्रकाश** जो इंसानी विकास की धुरी है, वो धीरे-धीरे समस्या का रूप ले रहा है। कई शहरों के लिए आज अंधेरा अवांछित हो गया है। देखा जाए तो शहरों में बढ़ती चकाचौंध धीरे-धीरे कब प्रदूषण में बदल गई, इसका पता ही नहीं चला। आज यही बढ़ता प्रदूषण न केवल इंसानों को बल्कि उसके साथ-साथ अन्य दूसरे जीवों को भी प्रभावित कर रहा है।

प्रकाश प्रदूषण के बढ़ते प्रभावों को लेकर किए ऐसे ही एक नए अध्ययन से पता चला है कि शहरों में बढ़ती चकाचौंध कई पक्षियों को विचित्र तरीके से प्रभवित कर रही है। शहरों में यह चमकदार रौशनी कुछ पक्षियों में शारीरिक बदलाव की वजह बन रहा है। इस प्रकाश के अनुकूल होने के लिए कुछ पक्षियों में आंखों का आकार सिकुड़ रहा

**रिसर्च में सामने आया है कि बड़े शहरों की चमकदार रौशनी कुछ पक्षियों में शारीरिक बदलावों की वजह बन रही है। इस प्रकाश के अनुकूल होने के लिए कुछ पक्षियों में आंखों का आकार घट रहा है**

यह अध्ययन टेक्सास ए एंड एम विश्वविद्यालय और वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया है, जिसके नतीजे 20 सितम्बर 2023 को जर्नल ग्लोबल चेंज बायोलॉजी में प्रकाशित हुए हैं।

अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने पाया है कि टेक्सास के सैन एंटोनियो में शहर के बीचों बीच रहने वाली सांगबर्ड्स की दो प्रजातियों नॉर्दर्न कार्डिनल और कैरोलिना व्रेन की आंखें बाहरी इलाकों में कम रौशनी में रहने वाली अपने समकक्षों की तुलना में करीब पांच फीसदी छोटी थी। हालांकि अध्ययन में प्रवासी पक्षियों की दो प्रजातियों पेंटेड बंटिंग और व्हाइट-आइड वीरियो, की आंखों के आकार में कोई अंतर नहीं देखा गया, भले ही वो साल के अधिकांश समय में शहर के किसी भी हिस्से में रहीं हों।

इस अध्ययन के निष्कर्ष दर्शाते हैं कि जहां आवासीय पक्षी समय के साथ शहरी वातावरण के अनुकूल हो सकते हैं, वहीं प्रवासी पक्षी ऐसा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसा इसलिए संभव है क्योंकि वे अपनी सर्दियां जिन क्षेत्रों में बिताते हैं वहां इंसानों द्वारा किया जा रहा प्रकाश और शोर-शराबा कम होता है। इस बारे में वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी की वन्यजीव पारिस्थितिकीविज्ञानी और वरिष्ठ लेखिका जेनिफर फिलिप्स ने प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी है कि, इन पक्षियों के लिए प्रजनन के सीजन में शहरी जीवन के साथ तालमेल बिठाना कहीं ज्यादा चुनौतीपूर्ण हो सकता है।हाल ही में जर्नल नेचर कम्युनिकेशन्स में प्रकाशित एक अन्य शोध से पता चला है कि बढ़ता प्रकाश प्रदूषण जीवों के देखने की क्षमता को विचित्र तरह से प्रभावित कर रहा है। रिसर्च से पता चला है कि एलीफैंट हॉकमोथ के देखने की क्षमता कुछ प्रकार की रोशनियों में बढ़ गई थी, जबकि अन्य ने उन्हें बाधित किया था।पता चला है कि यह बदलाव पौधों, जानवरों और उनके आपसी संबंधों पर भी असर डाल रहा है। अध्ययनों से यह भी सामने आया है कि रात के समय बढ़ता प्रकाश प्रदूषण मछलियों को भी प्रभावित कर रहा है। एक अन्य शोध से पता चला है कि अमेरिका और कनाडा में पक्षियों की आबादी में करीब 29 फीसदी की गिरावट आई है, यह 1970 के बाद से 300 करोड़ पक्षियों को खोने के बराबर है।

-साभार-डीटीई

## अगले दो दिनों में उत्तर-पश्चिमी हिस्सों से होगी मॉनसून की वापसी गुजरात व त्रिपुरा में भारी बारिश



**आज** मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम समेत इन राज्यों में गरज के साथ बारिश तथा वज्रपात के आसार हैं भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, अगले दो दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और आसपास के पश्चिमी भारत के कुछ और हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की वापसी हो सकती है।वहीं, तेलंगाना के निचले स्तरों पर एक चक्रवाती प्रसार जारी है, मध्य स्तरों पर पूर्वी विदर्भ से दक्षिण कोंकण तक एक ट्रफ रेखा लगातार बनी हुई है। एक अन्य चक्रवाती प्रसार आंध्र प्रदेश के तट के मध्य स्तरों से दूर पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर जारी है। उपरोक्त चक्रवाती प्रसार और मॉनसूनी गतिविधि को देखते हुए मौसम विभाग ने आज, 27 सितंबर को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गुजरात, त्रिपुरा, कोंकण और गोवा तथा मध्य महाराष्ट्र के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश होने की आशंका व्यक्त की है, यानी इन राज्यों में 64.5 मिमी से 115.5 मिमी तक बारिश होने के आसार हैं।

कहां चलेंगी तेज हवाएं, कहां पड़ेगी गरज के साथ बौछारें तथा कहां गिरेगी बिजली? मौसम विभाग के मुताबिक, आज मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम, झारखंड, कोंकण और गोवा, मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, गुजरात के अलग-अलग हिस्सों में गरज के साथ बारिश होने तथा वज्रपात के आसार हैं। वहीं आज, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, केरल और माहे तथा लक्षद्वीप के अलग-अलग हिस्सों में गरज के साथ बौछारें पड़ने तथा बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी आज, दक्षिण-पश्चिम और आसपास के पश्चिम-मध्य अरब सागर में 45-55 किमी प्रति घंटे की गति से चलने वाली तूफानी हवाओं के और तेज होकर 65 किमी प्रति घंटे की गति तक पहुंचने के आसार हैं। पूर्व-मध्य अरब सागर, दक्षिण महाराष्ट्र तट के साथ-साथ, दक्षिण-पश्चिम और इससे सटे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी, उत्तरी अंडमान सागर में 40 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के और तेज होकर 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार में तब्दील होने की आशंका है।

# गंगा नदी में पाए गए माइक्रोप्लास्टिक के लिए 82 फीसदी कपड़े के रेशे जिम्मेदारः अध्ययन

### वैज्ञानिकों का मानना है कि कपड़े इस विशेष नदी प्रणाली में माइक्रोप्लास्टिक का प्रमुख स्त्रोत हो सकते है, जो वायुमंडलीय जमाव, अपशिष्ट जल और गंगा में कपड़े धोने जैसे प्रत्यक्ष कारणों से आते है

एक नए अध्ययन से पता चला है कि भारी मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक के कण नदी के तलछट में फंस रहे हैं, जो प्रमुख नदी प्रणालियों के साथ हवा के माध्यम से फैल रहे हैं। दक्षिण एशिया में गंगा नदी की लंबाई के साथ किए गए शोध में वायुमंडल से प्रति वर्ग मीटर, प्रति दिन औसतन 41 माइक्रोप्लास्टिक कण पाए गए। इसके अलावा, वैज्ञानिकों द्वारा किए गए विश्लेषण में नदी तल से तलछट में प्रति किलोग्राम औसतन 57 कण और साथ ही प्रत्येक 20 लीटर पानी में एक कण पाया गया।

साइंस ऑफ द टोटल एनवायरमेंट में प्रकाशित अध्ययन में एक प्रमुख नदी प्रणाली के आसपास पानी, तलछट और हवा में माइक्रोप्लास्टिक का पहला विश्लेषण किया गया है।

यह नेशनल ज्योग्राफिक सोसाइटी के सागर से स्रोत गंगा अभियान के हिस्से के रूप में वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम द्वारा एकत्र किए गए नमूनों का उपयोग करके आयोजित किया गया था।

प्लायमाउथ विश्वविद्यालय और नेशनल ज्योग्राफिक एक्सप्लोरर के रिसर्च फेलो, प्रमुख अध्ययनकर्ता डॉ. इमोजेन नैपर ने कहा, हम कुछ समय से जानते हैं कि, नदियां समुद्री वातावरण में माइक्रोप्लास्टिक को ले जाने वाले के रूप में प्रमुख हैं।



हालांकि, भारी मात्रा में प्लास्टिक की मात्रा ले जाए जाने के बारे में हमेशा अनिश्चितता रही है, क्या वे लंबे समय तक डूबे हुए होते हैं। यह अध्ययन उस रहस्य को उजागर करने और माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण के वास्तविक पैमाने को उजागर करने का एक तरीका है जिसे हमारी नदी प्रणालियां प्रस्तुत कर सकती हैं।

वर्तमान अध्ययन में शामिल वैज्ञानिक में से कई जनवरी 2021 में प्रकाशित पिछले अध्ययन में शामिल थे, जिसमें सुझाव दिया गया था कि गंगा नदी और उसकी सहायक नदियां हर दिन बंगाल की खाड़ी में प्रवेश करने वाले तीन अरब माइक्रोप्लास्टिक के कणों को ले जाने के लिए जिम्मेदार है।

कणों की समग्र प्रचुरता को उजागर करने के अलावा, नए अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों ने कपड़े के रेशों या फाइबर को सबसे सामान्य प्रकार पाया, जो विश्लेषण किए गए कुछ नमूनों में पाए गए 99 फीसदी माइक्रोप्लास्टिक हैं।

इसके भीतर, ऐक्रेलिक और पॉलिएस्टर से आगे, रेयान प्रमुख पॉलीमर था, कुछ नमूनों में 82 फीसदी फाइबर पाए गए, इनका नीला सबसे आम रंग था। तलछट के नमूनों में अक्सर पानी और हवा में पाए जाने वाले कणों की तुलना में अधिक माइक्रोप्लास्टिक के कण होते हैं, और उच्च घनत्व के कारण हवा और पानी के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की मात्रा अधिक पाई जाती है।

अध्ययन के हवाले से, वैज्ञानिकों मानना ??है कि, कपड़े इस विशेष नदी प्रणाली में माइक्रोप्लास्टिक का प्रमुख स्रोत हो सकते है, जो वायुमंडलीय जमाव, अपशिष्ट जल और गंगा में कपड़े धोने जैसे प्रत्यक्ष कारणों से प्रभावित है। भारतीय वन्यजीव संस्थान की वैज्ञानिक और पीआई डॉ. अंजू बारोथ ने कहा, मॉडलिंग पर आधारित पहले के अध्ययनों में एशिया की नदियों को समुद्र में माइक्रोप्लास्टिक प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत बताया गया था। प्राथमिक स्थानीय आंकड़ों पर आधारित इस शोध ने इस पर स्पष्ट जानकारी प्रदान की है कि, गंगा नदी के विभिन्न पर्यावरणीय मैट्रिक्स में माइक्रोप्लास्टिक का स्तर और दुनिया की कई प्रमुख नदी प्रणालियों में गंगा की तुलना में तुलनात्मक रूप से अधिक माइक्रोप्लास्टिक हैं।

शोधकर्ता ने कहा, इस अध्ययन का उपयोग दुनिया की प्रमुख नदी प्रणालियों में माइक्रोप्लास्टिक के स्रोतों पर सिद्धांत को और परिपक्व करने के लिए किया जा सकता है।

बांग्लादेश के डॉ. गौसिया वाहिदुन्नेसा चौधरी ने कहा, यह शोध अभूतपूर्व है, हमें नीति निर्माताओं सहित प्रमुख हितधारकों के लिए निष्कर्षों को समझने योग्य बनाने की आवश्यकता है। यह शोध दुनिया भर के वैज्ञानिकों के लिए एक मंच प्रदान करता है, हमने एक शोध टीम बनाई है जो बांग्लादेश में स्थानीय स्तर पर नए समाधान लागू करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। लंदन में जूलॉजिकल सोसायटी (जेएसएल) के समुद्री तकनीकी सलाहकार, प्रोफेसर हीथर कोल्डेवी ने कहा, हमारे शोध से पता चलता है कि कपड़े इस विशाल नदी प्रणाली की हवा, पानी और तलछट में माइक्रोप्लास्टिक का प्रमुख स्रोत हैं, जो हमें भागीदारों के साथ काम करने में सक्षम बनाता है और नीति निर्माताओं को स्थानीय स्तर पर उचित समाधान तलाशने होंगे। नदियों में माइक्रोप्लास्टिक की इस समस्या को बांग्लादेश और भारत के प्रतिभाशाली वैज्ञानिकों द्वारा हल किया जा सकता है जो इस अध्ययन में शामिल हैं।

-साभार-डीटीई

एशियाड में मिला आठवां मेडल

# स्किट में अनंतजीत को सिल्वर, भारत को पांच गोल्ड के साथ 22 पदक

एजेंसी। हांगझोउ

**चीन** के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स में चौथे दिन बुधवार को भारत को अब तक 8 मेडल मिल चुके हैं। इनमें 2 गोल्ड, 3 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज मिला। शूटिंग के शॉटगन स्किट में अनंत जीत सिंह ने सिल्वर मेडल जीता।

25 मीटर पिस्टल में 34 स्कोर के साथ ईशा सिंह ने सिल्वर जीता। इससे पहले सिफ्ट कौर ने 50 मीटर एयर राइफल थ्री पोजिशन में वर्ल्ड रिकॉर्ड 469.6 स्कोर के साथ गोल्ड जीता। आशी चौकसे ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं सेलिंग में विष्णु ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इसके अलावा, शूटिंग के शॉटगन स्किट में अंगद आनंद वीर सिंह बाजवा, अनंत जीत सिंह और गुरजोत सिंह ने टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इससे पहले भारतीय शूटर मनु भाकर, ईशा सिंह और रिद्दम सांगवान ने 25 मीटर रैपिड पिस्टल में गोल्ड मेडल जीता। उधर, 50 मीटर एयर राइफल थ्री पोजिशन में भारतीय विमेंस टीम सिफ्ट कौर, मिनी कौशिक और आशी चौकसे ने सिल्वर मेडल जीत लिया। अब तक एशियन गेम्स में भारत के 20 मेडल हो गए हैं। भारत को एशियन गेम्स में अब तक 22 मेडल हो चुके हैं। इनमें 5 गोल्ड हैं। इनमें 3 गोल्ड शूटिंग में आए हैं। एक गोल्ड घुड़सवारी टीम इवेंट में जीता। वहीं, महिला विमेंस क्रिकेट टीम ने भी गोल्ड जीता। इसके अलावा भारत को 7 सिल्वर मिले हैं। इनमें शूटिंग में 4, रोइंग में 2 और सेलिंग में 1 है। वहीं अब तक भारतीय खिलाड़ियों ने 10 ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं। जिसमें रोइंग में तीन और शूटिंग में छह ब्रॉन्ज मेडल मिले हैं, जबकि दो सेलिंग में आए हैं।



### शूटिंग: एक गोल्ड, एक सिल्वर, एक ब्रॉन्ज

**25** मीटर रैपिड फायर में मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान ने 1759 स्कोर कर चौथे दिन का पहला गोल्ड दिलाया। इस इवेंट में चीन की टीम 1756 स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रही और सिल्वर जीता। साउथ कोरिया ने 1742 स्कोर के साथ ब्रॉन्ज जीता। 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में सिफ्ट कौर ने 459.6 स्कोर कर वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता। जबकि झांग क्यूनग्यू ने 462.3 के साथ सिल्वर और भारत की ही आशी चौकसे ने 451.9 स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता। 50 मीटर एयर राइफल थ्री पोजिशन में भारतीय विमेंस टीम सिफ्ट कौर, मिनी कौशिक और आशी चौकसे ने 1764 स्कोर के साथ सिल्वर जीता। इस इवेंट में चीन की टीम ने 1773 स्कोर के साथ गोल्ड, जबकि 1756 स्कोर के साथ साउथ कोरिया ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। शूटिंग के शॉटगन स्किट में अंगद आनंद वीर सिंह बाजवा, अनंत जीत सिंह और गुरजोत सिंह ने टीम इवेंट में 355 स्कोर ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस इवेंट में चीन ने 362 स्कोर के साथ गोल्ड और कतर ने 359 के साथ सिल्वर मेडल जीता। 25 मीटर एयर पिस्टल में ईशा सिंह ने 34 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता। इस इवेंट में चीन को गोल्ड और कोरिया को ब्रॉन्ज मेडल मिला।



### शूटिंग में अब हुए 10 मेडल

**शूटिंग** में अब 10 मेडल हो गए हैं, इनमें दो गोल्ड हैं। 27 सितंबर को चौथे दिन 25 मीटर रैपिड फायर में विमेंस टीम मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान ने तो 25 सितंबर 10 मीटर एयर राइफल में दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और रुद्राक्ष पाटिल ने गोल्ड जीता था। इसके अलावा, भारत ने शूटिंग में अब तक 2 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज जीते। 10 मीटर एयर राइफल टीम रमिता, आक्शी चौकसे, मेहुली घोष ने 24 सितंबर को सिल्वर मेडल जीता। वहीं 27 सितंबर को 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में सिफ्ट कौर, मिनी कौशिक और आशी चौकसे ने सिल्वर जीता। इसके अलावा 24 सितंबर को रमिता ने 10 मीटर एयर राइफल में ब्रॉन्ज जीता। जबकि 25 सितंबर को ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत इवेंट में ब्रॉन्ज अपने नाम किया। 25 सितंबर को ही 25 मीटर एयर पिस्टल रैफिड फायर इवेंट में आदर्श सिंह, अनीश सिधु और विजयवीर की तिकड़ी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### हॉकी: विमेंस टीम ने सिंगापुर को 13-0 से हराया

**एशियन** गेम्स में मेंस हॉकी के बाद विमेंस हॉकी टीम ने भी सिंगापुर को बड़ी मार्जिन से हराया। टीम ने कुल 13-0 गोल्स से जीत हासिल की। संगीता कुमारी ने 3 गोल और नवनीत कौर ने दो गोल किए। इसके अलावा, टीम के अन्य आठ खिलाड़ियों ने एक-एक गोल किए। इस जीत के साथ महिला हॉकी टीम कि गोल्ड मेडल की रेस में एक और कदम आगे बढ़ाया है।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 353 रन का टारगेट दिया

एजेंसी। राजकोट

**ऑस्ट्रेलिया** ने वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले में भारत को जीत के लिए 353 रन का टारगेट दिया है। टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 352 रन बनाए। राजकोट के सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।

ओपनर डेविड वॉर्नर ने 56, मिचेल मार्श 96, स्टीव स्मिथ ने 74 और मार्नस लाबुशेन ने 72 रन बनाए। भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट झटके। कुदीलदीप यादव को दो विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा को एक-एक विकेट मिला।

मार्नस लाबुशेन ने वनडे करियर की 8वीं फिफ्टी जमाई। उन्होंने 72 रन बनाए। लाबुशेन ने 58 बॉल की पारी में 124.14 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। उनकी पारी में 9 चौके शामिल थे।

स्टीव स्मिथ वनडे करियर की 30वीं हाफ सेंचुरी बनाकर आउट हुए। स्मिथ ने 61 बॉल पर 74 रन बनाए। उन्होंने वनडे के 5 हजार रन भी पूरे कर लिए। ऑस्ट्रेलियाई ओपनर मिचेल मार्श नर्वस-90 का शिकार हुए। वे 96 रन पर आउट हुए। मार्श ने वनडे करियर की 17वीं हाफ सेंचुरी बनाई। उन्होंने 84 बॉल पर 114.29 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। मार्श की पारी में 13 चौके और तीन छक्के शामिल रहे।



### वॉर्नर ने छक्का जमाकर पूरी की 31वीं फिफ्टी

**ओपनर** डेविड वॉर्नर ने वनडे करियर की 31वीं फिफ्टी जमाई। उन्होंने सिक्स के साथ हाफ सेंचुरी पूरी की। वे 34 बॉल पर 56 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 6 चौके और 4 छक्कों के सहारे 164.71 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

# वनडे वर्ल्ड कप के लिए बांग्लादेश की टीम का हुआ ऐलान

संन्यास से वापसी के बाद भी तमीम टीम में नहीं

कप्तान शाकिब से था विवाद

एजेंसी। ढाका

**तमाम** विवादों के बीच बांग्लादेश ने आखिरकार अपनी वर्ल्ड कप टीम की घोषणा की है। टीम में सलामी बल्लेबाज तमीम इकबाल का नाम नहीं है। मंगलवार की सुबह रिपोर्ट्स में सामने आया था कि वनडे कप्तान शाकिब अल हसन और ओपनर तमीम इकबाल के बीच वर्ल्ड कप टीम में शामिल होने और न होने पर विवाद हो रहा था। इस विवाद में जीत शाकिब की हुई, जो वर्ल्ड कप में कप्तानी करेंगे।

दरअसल, तमीम पीठ में चोट से जूझ रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को साफ कर दिया था कि अगर वह वर्ल्ड कप का हिस्सा होते हैं तो वह पांच मुकाबले से ज्यादा नहीं खेलेंगे। उधर शाकिब का कहना था कि अगर तमीम की शर्तों को मंजूरी मिलती है तो वह वर्ल्ड कप का हिस्सा नहीं होंगे और कप्तानी भी छोड़ देंगे। उनका मत था कि चयनकर्ताओं को तमीम की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल करना चाहिए।

तमीम ने छह जुलाई को अफगानिस्तान के खिलाफ चल रही सीरीज के दौरान संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन बोर्ड और प्रधानमंत्री से बात के बाद उन्होंने महज 24 घंटे के अंदर फैसले को वापस ले लिया था। उन्हें मानसिक और शारीरिक तौर पर स्वस्थ होने के लिए छह हफ्ते का ब्रेक दिया गया। उसके बाद उन्होंने वनडे की कप्तानी छोड़ दी और वे एशिया कप से भी बाहर हो गए।

तमीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान टीम में लौटे और उन्होंने दूसरे मुकाबले में 58 गेंदों में 44 रन की पारी खेली। बांग्लादेश का पहला मुकाबला सात अक्टूबर को अफगानिस्तान से होना है।



### बांग्लादेश वर्ल्ड कप क्वॉड

**शाकिब** अल हसन (कप्तान), नजमुल हुसैन शान्तो (उपकप्तान), लिटन दास, तंजीद हसन तमीम, तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, महमूदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नसुम अहमद, शक महेदी हसन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, हसन महमूद। शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

### सऊदी अरब के खिलाफ एकजुट होकर खेलने की जरूरत: छेत्री

हांगझोउ। भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री को लगता है कि अगर उन्हें गुरुवार को यहां एशियाई खेलों के राउंड 16 मैच में मजबूत सऊदी अरब की टीम को चुनौती पेश करनी है तो उन्हें एकजुट इकाई के तौर पर खेलना होगा।

छेत्री हांगझोउ में टीम के मौजूदा अभियान में भारत की समस्याओं से वाकिफ हैं और सऊदी अरब के खिलाफ भारत के खराब रिकॉर्ड के साथ पश्चिम एशियाई टीम की मजबूती को भी अच्छी तरह जानते हैं। उनका मानना है कि अगर टीम अपनी सही रणनीति पर डटी रही और उनके युवा साथी एकजुट होकर खेलना जारी रखेंगे तो यह प्री क्वार्टरफाइनल चुनौतीपूर्ण हो सकता है। भारतीय टीम के कप्तान ने कहा, हमारे कोच ने सऊदी अरब टीम के यहां के मैचों के अलावा पिछले कुछ मैचों के काफी क्लिप हमें दिखाए हैं। उन्होंने हमें खेलने के विभिन्न तरीकों के बारे में भी बताया है। छेत्री ने कहा, उनकी टीम काफी मजबूत है जिसमें काफी बेहतरीन खिलाड़ी हैं जिससे पूरी टीम शानदार है। सऊदी अरब फीफा रैंकिंग में 57वें स्थान पर काबिज है और हमेशा ही भारत (102 रैंकिंग) के खिलाफ हावी रही है। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों में सऊदी अरब ने 18 गोल दागे हैं।

# तलवारबाजी: भारतीय महिलाएं क्वार्टर फाइनल में हारी



एजेंसी। हांगझोउ

**भारतीय** महिला तलवारबाजी टीम एशियाई खेलों में एपी वर्ग में जुझारू प्रदर्शन के बावजूद क्वार्टर फाइनल में हार गई जबकि पुरूष टीम फॉइल वर्ग में अंतिम 16 में सिंगापुर से 30-45 से हारकर बाहर हो गई।

तनिष्का खत्री, ज्योतिका दत्ता और एना अरोरा की टीम को कोरिया ने 45-25 से हराया। इससे पहले भारतीय टीम ने जोर्डन को 45-36 से हराया था। भारतीय पुरुष टीम आखिरी दौर में एक ही जीत दर्ज कर सकी जब बिबिश कातिरेसन ने कीरेन लॉक को 6-5 से हराया। देव को कीरेन ने 5-2 से मात दी। इसके बाद कातिरेसन को रफाएल जुआन कांग तान ने हराया जबकि अर्जुन को एलिजा रॉबसन सैमुअल ने शिकस्त दी।

देव को तान ने 5-1 से दूसरे मैच में भी हराया। अर्जुन को कीरेन ने 5-3 से और कातिरेसन को सैमुअल ने 3-2 से हराया। आकाश और देव ने अगले दो मुकाबले ड्रॉ खेले। कातिरेसन ने एकमात्र मुकाबला जीता।

# हमारा रक्षण मजबूत होना चाहिए, रणनीति बदलने को तैयार रहना होगा : हरमनप्रीत

एजेंसी। हांगझोउ

**जापान** से मिलने वाली कड़ी चुनौती से अच्छी तरह वाकिफ भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उन्हें अपनी रक्षा पंक्ति को मजबूत करने की जरूरत है तथा एशियाई खेलों में गुरुवार को गत चैंपियन के खिलाफ होने वाले मुकाबले के दौरान उन्हें अपनी रणनीति में बदलाव करने के लिए तैयार रहना होगा।

भारतीय टीम को पहले दो मैचों में किसी तरह की चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। उसने पूल ए के अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान को 16-0 और फिर दूसरे मैच में सिंगापुर को 16-1 से करारी शिकस्त दी। भारत को हालांकि एशियाई खेल 2018 के स्वर्ण पदक विजेता जापान से कड़ी चुनौती मिलेगी। हरमनप्रीत ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि हमें कल किस तरह की चुनौती का सामना करना होगा। जापान की टीम काफी मजबूत है लेकिन हम उनके मजबूत और कमजोर पक्षों से अवगत हैं। उन्होंने कहा, हमें अपनी शैली पर ध्यान केंद्रित करना होगा, लेकिन हमें अच्छे परिणाम हासिल करने के लिए मैदान पर अपनी रणनीति बदलने के लिए भी तैयार रहना होगा। जापान की टीम भी अभी तक अजेय है। उसने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 7-2 और फिर उज्बेकिस्तान को 10-। से हराया था। हरमनप्रीत ने कहा, जापान की टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जो गोल करने में सक्षम हैं और इसलिए उनसे निपटने के लिए हमें अपने रक्षण को मजबूत करना होगा।



# साउथी को अंगूठे की सर्जरी के बाद न्यूजीलैंड टीम से जुड़ने की स्वीकृति मिली

एजेंसी। ऑकलैंड

**दाएं** अंगूठे की सर्जरी से उबर रहे अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी को भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए न्यूजीलैंड की टीम के साथ जुड़ने की स्वीकृति मिल गई है। इसी महीने इंग्लैंड के खिलाफ चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में कैच लेने के प्रयास में 34 साल के साउथी के दाएं अंगूठे की हड्डी टूट गई थी।

साउथी शनिवार को भारत के लिए रवाना होंगे और न्यूजीलैंड को उम्मीद है कि वह अहमदाबाद में पांच अक्टूबर को होने वाले टीम के विश्व कप के पहले मैच से पूर्व फिट हो जाएंगे।

न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने बयान में कहा, टिम साउथी को इस हफ्ते भारत में ब्लैककैप्स (न्यूजीलैंड की पुरुष क्रिकेट टीम) से जुड़ने की स्वीकृति मिल गई है।

वह दाएं अंगूठे में फ्रेक्चर बाद हुई सर्जरी से उबर रहे हैं। साउथी के कवर के तौर पर काइल जेमीसन को भी टीम में शामिल किया गया है। जेमीसन न्यूजीलैंडक की उस टीम का हिस्सा भी थे जिसने हाल में बांग्लादेश को उसकी सरजमीं पर तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में 2-0 से हराया।

वह हालांकि अभ्यास मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे।



# सिराज आईसीसी वनडे रैंकिंग में नंबर-1 पर बरकरार

बाबर के और करीब आए गिल, कोहली-रोहित को नुकसान

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज आईसीसी रैंकिंग में वनडे के नंबर-1 गेंदबाज बने हुए हैं। साथ ही भारतीय बैटर शुभमन गिल पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम के और करीब आ गए हैं। बुधवार को जारी रैंकिंग में सिराज पहले स्थान पर बरकरार है। सिराज के अभी 680 पॉइंट हैं। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज जोश हेजलवुड दूसरे स्थान पर हैं। हेजलवुड के 669 पॉइंट हैं।

भारतीय ओपनर शुभमन गिल बैटिंग रैंकिंग में बाबर आजम को नंबर-1 पोजिशन से जल्द ही हटा सकते हैं। लेटेस्ट रैंकिंग में गिल ने रेटिंग पॉइंट्स के फासले को और कम किया है। पिछले सप्ताह दोनों बल्लेबाजों के बीच 43 पॉइंट्स का फासला था। अब यह घटकर 10 अंकों का रह गया है। टॉप पर काबिज बाबर आजम के पास 857 अंक हैं, जबकि गिल के 847 अंक हो गए हैं। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। फॉर्म में चल रहे गिल ने शुरुआती दो मुकाबलों में 178 रन बनाए हैं।

दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मोहाली में सीरीज के शुरुआती मैच में 74 रनों की तेज पारी खेली और इंदौर में अपने करियर का छठा वनडे शतक लगाया।



### कोहली और रोहित को एक स्थान का नुकसान

बैटिंग रैंकिंग में विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। कोहली 8वें से 9वें और रोहित 10वें से 11वें नंबर पर आ गए हैं। कोहली के 694 पॉइंट हैं। रोहित के 682 अंक हैं।

### भारतीय एकल टेनिस खिलाड़ी एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटेंगे

**हांगझोउ।** भारत के एकल टेनिस खिलाड़ी 2006 के बाद पहली बार एशियाई खेलों से खाली हाथ लौटेंगे चूंकि सुमित नागल और पिछली बार की कांस्य पदक विजेता अंकिता रैना बुधवार को क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए।

नागल के लिए दुनिया के 60वें नंबर के खिलाड़ी जिझेन झांग को हराना आसान नहीं था। वह दो घंटे 16 मिनट में 7-6, 1-6, 2-6 से हार गए। सोमदेव देववर्मन ने 2010 में पुरूष एकल में स्वर्ण जीता था। उसके बाद युकी भांबरी (2014 इंचियोन) और प्रजनेश गुणेश्वरन (2018 जकार्ता) ने कांस्य पदक जीता था।

### भारतीय पुरुष टीम बास्केटबॉल के क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ।** भारत की पुरुष तीन गुणा तीन बास्केटबॉल टीम ने एशियाई खेलों में जीत की लय बरकरार रखते हुए बुधवार को यहां पूल सी के मैच में मकाऊको हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। सहज प्रताप सिंह सेखों ने मैच में सर्वाधिक 10 अंक बनाए जिससे भारत ने मकाऊको 21-12 से हराया। मकाऊ के लिए होउ इन हो ने मैच में सर्वाधिक पांच अंक जुटाए। भारत ने इससे पूर्व दिन के पहले मुकाबले में मलेशिया को 20-16 से हराया था। भारत अपने अगले मैच में शुक्रवार को पिछले खेलों के स्वर्ण पदक विजेता चीन से भिड़ेगा। महिला टीम आज चीन के खिलाफ खेलेगी।



# विश्व कप अभ्यास मैचों में खेल सकते हैं विलियमसन

एजेंसी। क्राइस्टचर्च

**न्यूजीलैंड** के कप्तान केन विलियमसन के चोट के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद इस हफ्ते भारत में शुरू हो रहे विश्व कप अभ्यास मैचों के साथ वापसी करने की उम्मीद है।

यह स्टार बल्लेबाज मार्च से क्रिकेट नहीं खेला है जब आईपीएल में गुजरात टाइटंस की ओर से खेलते हुए उनके दाएं घुटने में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) चोट लगी थी। विलियमसन ने भारत के लिए टीम की रवानगी से पूर्व कहा, मेरी योजना अभ्यास मैचों से जुड़ने की है। जितना अधिक हो सके मैं अभ्यास मैचों से जुड़ना चाहता हूं।

उन्होंने कहा, असल में, मैं जो कर रहा हूं उसमें प्रगति करना चाहता हूं- दौड़ना, क्षेत्ररक्षण, बल्ले के साथ क्रीज पर समय बिताना। न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप अभ्यास मैच में 29 सितंबर को हैदराबाद में पाकिस्तान और दो अक्टूबर को तिरुवनंतपुरम में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी।

टीम पांच अक्टूबर को अहमदाबाद में विश्व कप के पहले मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगी। यह पूछने पर कि क्या वह असहज महसूस कर रहे हैं, विलियमसन ने कहा, नहीं, काफी दिक्कत नहीं है। न्यूजीलैंड ने 2015 और 2019 में लगातार दो विश्व कप फाइनल में जगह बनाई जिसमें विलियमसन की भूमिका अहम रही थी।



# आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप ट्रॉफी धर्मशाला पहुंची

एजेंसी। धर्मशाला

**क्रिकेट** के महाकुंभ यानी वनडे वर्ल्ड कप का आगाज होने जा रहा है। 12 साल के लंबे अंतराल के बाद भारत इसकी मेजबानी कर रहा है। वर्ल्ड कप से पहले आईसीसी वर्ल्ड कप के प्रचार के लिए ट्रॉफी टूर करवा रही है, लेकिन टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले वनडे वर्ल्ड कप की ट्रॉफी बुधवार को कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंची।

इस दौरान क्रिकेट फैंस ने ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई। ट्रॉफी को गगल चौक, शहीद स्मारक धर्मशाला, कोतवाली बाजार चौक, मैक्लोडगंज मुख्य चौक, दलाईलामा बौद्ध मठ मैक्लोडगंज, स्काईवे मैक्लोडगंज से होते हुए टी गार्डन से होते हुए धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम पहुंचेगी। सात अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक वर्ल्ड कप 2023 के 5 मैच धर्मशाला में खेले जाने हैं। यह पहली बार है कि वर्ल्ड कप के मैच धर्मशाला में खेले जाएंगे। हर किसी के लिए इस आयोजन का हिस्सा बनने का मौका है और यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे बड़े आयोजन के लिए मूड तैयार करेगी।

कांगड़ा एयरपोर्ट पर फैंस ने खिंचवाई फोटो



इससे पहले 2011 में वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन भारत की मेजबानी में किया गया था। उस समय टीम इंडिया ने एमएस धोनी की कप्तानी में वर्ल्ड विजेता बनने का गौरव हासिल किया था। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का सपना पूरा हुआ था। इसके साथ ही करोड़ों भारतीय फैंस का भी गोल्डन ड्रीम पूरा हुआ था। उम्मीद की जा रही है कि रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम धोनी वाला कारनामा करे और 1983 और 2011 के बाद तीसरी बार खिताब अपने नाम करे।

### दो महीने में लंदन में तैयार हुई ट्रॉफी

**आईसीसी** क्रिकेट वर्ल्ड कप ट्रॉफी क्रिकेट वर्ल्ड कप के विजेता को प्रदान की जाती है। वर्तमान ट्रॉफी 1999 चैंपियनशिप के लिए बनाई गई थी और यह टूर्नामेंट के इतिहास में पहला स्थायी पुरस्कार था। इससे पहले, प्रत्येक विश्व कप के लिए अलग-अलग ट्रॉफियां बनाई जाती थीं। ट्रॉफी को गैरार्ड एंड कंपनी के पॉल मार्सडेन द्वारा डिजाइन किया गया था और दो महीने की अवधि में गैरार्ड एंड कंपनी के कारीगरों की एक टीम द्वारा लंदन में निर्मित किया गया था। ट्रॉफी का निर्माण अब एशफोर्ड में ओट्टे विल सिल्वरस्मिथ्स द्वारा किया जाता है। वर्तमान ट्रॉफी चांदी और सोने से बनी है और इसमें तीन चांदी के स्तंभों द्वारा रखा गया एक सुनहरा ग्लोब है। स्टंप और बेल्स के आकार के स्तंभ क्रिकेट के तीन मूलभूत पहलुओं का प्रतिनिधित्व करते हैं जिनमें बल्लेबाजी , गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण है, जबकि ग्लोब एक क्रिकेट गेंद की विशेषता है। इसकी ऊंचाई 60 सेमी है और इसका वजन लगभग 11.0567 किलोग्राम है।